सच, सिर्फ सच
**
# वॉयस ऑफ लखनऊ
रविवार, 08 सितम्बर, 2024 लखनऊ, महानगर, वर्ष 19, अंक 244, पेज 16, 3.50 रुपये
www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

**कृषि में रासायनिक संदूषण को नियंत्रित करना जरूरी**
खाद्य उद्योग को आगे बढ़ाने के लिए कृषि कच्चे माल में रासायनिक संदूषण को नियंत्रित करना आवश्यक है। } 14

**घाटी में पहली बार संविधान के तहत हो रहे चुनाव**
केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा जम्मू-कश्मीर में आगामी चुनाव ऐतिहासिक हैं, क्योंकि आजादी के बाद पहली बार हमारे राष्ट्र ध्वज व संविधान के तहत चुनाव हो रहे हैं। } 16



## संक्षेप

### योगी ने प्रमुख सचिव राजेश सिंह को हटाया

लखनऊ। यूपी की ब्यूरोक्रेसी में शनिवार को बड़ा बदलाव देखने को मिला है। सीएम योगी ने कार्रवाई करते हुए प्रमुख सचिव राजेश कुमार सिंह को सभी पदों से हटा दिया है। राजेश सिंह को हटाकर उन्हें प्रतीक्षा सूची में डाल दिया गया है। सीएम योगी ने राजेश सिंह के सभी प्रभार दूसरे आईएएस अफसरों को दिए गए हैं। सीएम योगी की इस कार्रवाई से अन्य अफसरों में खलबली मची है। सूत्रों के मुताबिक ये कार्रवाई एक मामले में सुप्रीम कोर्ट की नाराजगी को लेकर की गई है। राजेश सिंह 1991 बैच के आईएएस अफसर हैं। राजेश सिंह सिंह सहकारिता, कारागार और ग्राम विकास विभाग देख रहे ...शेष पृष्ठ 14 पर

### प्रशासनिक सेवा से मुक्त की गयीं पूजा खेडकर

नयी दिल्ली। केंद्र सरकार ने पूर्व परिवीक्षाधीन लोक सेवक पूजा खेडकर को तत्काल प्रभाव से भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) से सेवा मुक्त कर दिया है। आधिकारिक सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी। खेडकर पर धोखाधड़ी करने और सिविल सेवा में चयन सुनिश्चित करने के लिए अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) और दिव्यांगता कोटा लाभों का गलत तरीके से लाभ उठाने का आरोप है। हालांकि, खेडकर ने सभी आरोपों से इनकार किया है। सूत्रों ने बताया कि केंद्र सरकार ने छह सितंबर, 2024 के आदेश के तहत आईएएस नियम, 1954 के नियम 12 के तहत खेडकर को तत्काल प्रभाव से भारतीय प्रशासनिक सेवा से मुक्त कर दिया। यह नियम केंद्र सरकार को यह अधिकार देते हैं कि यदि कोई परिवीक्षाधीन व्यक्ति पुनर्परीक्षा में उत्तीर्ण नहीं हो पाता या यदि केंद्र सरकार को यह विश्वास हो जाता है कि परिवीक्षाधीन व्यक्ति सेवा में भर्ती के लिए अयोग्य या सेवा का सदस्य होने के लिए अनुपयुक्त है।

### प्रयागराज भाजपा नेता के खिलाफ केस दर्ज

प्रयागराज (उप्र)। प्रयागराज जिले के घूरपुर थाना क्षेत्र में राजमार्ग के किनारे एक भूखंड पर बनी चारदीवारी और एक कमरा बुलडोजर से गिराने के आरोप में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक स्थानीय नेता और उसके साथियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस उपायुक्त (यमुना नगर) विवेक कुमार ने बताया कि पांच सितंबर को घूरपुर थाना को सूचना प्राप्त हुई कि अज्ञात लोगों ने अभिषेक त्रिपाठी के भूखंड पर बने एक कमरे और चारदीवारी को बुलडोजर से गिरा दिया है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने उसी दिन मौके पर जाकर मुआयना किया और अभिषेक त्रिपाठी की तहरीर पर प्राथमिकी दर्ज की। इस मामले में दो व्यक्तियों की गिरफ्तारी की गई है।



**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 43.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 29.04 डिसे. |

**भीतर पढ़ें**


- यूपी में निवेश का नया केंद्र बनेगा आगरा (पृष्ठ-02)
- केंद्रीय मंत्री ने दी मृतकों के परिजनों को सांत्वना (पृष्ठ-02)
- विदेशी मुद्रा भंडार 683.987 अरब डॉलर (पृष्ठ-14)
- भारत कार्बन फाइबर का करेगा उत्पादन : गिरिराज (पृष्ठ-14)
- टाइम पत्रिका में अश्विनी वैष्णव और अनिल कपूर (पृष्ठ-14)


## सुनीता विलियम्स के बिना धरती पर लौटा स्पेसक्राफ्ट

### अब एक साल और अंतरिक्ष में बिताने होंगे



एजेंसी

ह्यूस्टन (अमेरिका)। बोइंग का पहला अंतरिक्ष यात्री मिशन शुक्रवार की रात अंतरिक्ष यात्रियों को लाए बिना यान के धरती पर लौटने के साथ ही समाप्त हो गया। दोनों अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर अब भी अंतरिक्ष में हैं और उन्हें अगले साल तक वहीं ...शेष पृष्ठ 14 पर

## लखनऊ : टीपी नगर में गिरी तीन मंजिला बिल्डिंग, छह की मौत

### 27 घायल, सीएम योगी ने हादसे पर जताया दुख, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने डीएम को फोनकर ली जानकारी

विशेष संवाददाता

लखनऊ। राजधानी के ट्रांसपोर्ट नगर (टीपी नगर) में शाम करीब पांच बजे तीन मंजिला बिल्डिंग 'हरमिलाप' भरभरा कर गिर गई। बिल्डिंग गिरते ही आनन-फानन में राहत और बचाव कार्य शुरू हुआ। करीब 30 लोगों को रेस्क्यू किया गया। इसमें से 27 जख्मी लोकबंधु अस्पताल पहुंचाए गए। देर रात तक आ रही खबर के अनसुार पांच लोगों की मौत हो गई है। घायलों में अभी भी पांच लोग गंभीर रूप से घायल हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे पर दुख प्रकट किया है। उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों को घटना स्थल और लोकबंधु अस्तपाल पहुंचाने के निर्देश दिए हैं। वहीं लखनऊ के सांसद और देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लखनऊ के जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार से फोन पर बात कर घटना की पूरी जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए।

ट्रांसपोर्ट नगर बिल्डिंग गिरने की सूचना प्राप्त होते ही जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार, नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह व एलडीए के सचिव विवेक श्रीवास्तव दुर्घटना स्थल पहुंचे। एनडीआरएफ और एसडीआरफ के लोग भी मौके पर पहुंचे। राहत और बचाव कार्य दे रात तक जारी रहा। सीएम स्वयं इसकी सीधी जानकारी ले रहे हैं। इस हादसे में अब तक 27 लोगों को बिल्डिंग के मलबे से निकाला जा चुका है। एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई है। घायलों को इलाज के लिए लोकबंधु अस्पताल में भेजा गया है। शहीद पथ से चंद कदम ...शेष पृष्ठ 14 पर



ट्रांसपोर्ट नगर में तीन मंजिला इमारत गिरने के बाद राहत व बचाव कार्य में जुटी एनडीआरएफ व फायरकर्मी

# भारत को सशक्त बनाने में यूपी का अहम योगदान

## विकसित भारत के लिए सभी करें योगदान : धनखड़



जिला संवाददाता

गोरखपुर। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में दुनिया में भारत की एक अलग और सशक्त पहचान बनी है, जिसमें उत्तर प्रदेश का गुणात्मक योगदान है।

धनखड़ ने 2047 में विकसित भारत की संकल्पना को लेकर जारी अभियान में सभी से योगदान देने की अपील की। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के हवन में हरेक व्यक्ति को आहुति देनी चाहिए, क्योंकि हम देश के लिए जितना भी कर सकें, उतना कम है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि 680 अरब डॉलर के विदेशी मुद्रा भंडार के साथ भारत उन ...शेष पृष्ठ 14 पर

## सैनिक स्कूल से पूरा होगा पीढ़ियों का उद्देश्य : योगी

गोरखपुर, सात सितंबर (भाषा) उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को अपने गृह जिले गोरखपुर में स्थापित सैनिक स्कूल के उद्घाटन के अवसर पर कहा कि इसके जरिये आज पीढ़ियों का निर्माण करने वाला पवित्र उद्देश्य पूरा हो रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गोरखपुर नए भारत की विकास यात्रा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से, उनके मार्गदर्शन में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि गोरखपुर क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य और निवेश का ड्रीम डेस्टिनेशन (आदर्श स्थान) बन गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को सैनिक स्कूल, गोरखपुर के लोकार्पण समारोह में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का स्वागत कर रहे थे। उपराष्ट्रपति और उनकी पत्नी डॉ. सुदेश धनखड़ का प्रदेश और गोरखपुरवासियों की तरफ से अभिनंदन करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सौभाग्य की बात है कि उपराष्ट्रपति जी का पहली बार गोरखपुर आगमन हुआ है। उन्होंने कहा कि सैनिक स्कूल के जरिये आज पीढ़ियों का निर्माण करने वाला पवित्र उद्देश्य पूरा हो रहा है। यह पूर्वी उत्तर प्रदेश के लिए महत्वपूर्ण दिन है। योगी ने कहा कि तीन वर्ष की अल्प अवधि में बनकर तैयार हुआ गोरखपुर का सैनिक स्कूल भविष्य की पीढ़ियों का भविष्य संवारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा। उन्होंने कहा कि 176 करोड रूपये की लागत से बना यह पूर्वी उत्तर प्रदेश का पहला सैनिक स्कूल है, जिसमें कक्षा छह से 12 तक छात्राछात्राओं को आवासीय शिक्षा की सुविधा उपलब्ध कराई जायेगी। उन्होंने कहा कि यह सैनिक स्कूल भविष्य की पीढ़ियों का निर्माण करेगा तथा जीवन के कर्तव्यों का बोध कराने में सहायक सिद्ध होगा। सैनिक संस्थान से निकले विद्यार्थी भविष्य ...शेष पृष्ठ 14 पर



## ईडी ने जब्त की एमटेक समूह की 5,000 करोड़ से अधिक सम्पत्ति

नयी दिल्ली। एक दिवालिया मोटरवाहन उपकरण विनिर्माण कंपनी के खिलाफ कथित बैंक ऋण धोखाधड़ी मामले में धन शोधन निरोधक कानून के तहत फार्म हाउस, राज्यों में सैकड़ों एकड़ कृषि और औद्योगिक भूमि तथा 5,000 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के शेयर और डिबेंचर जब्त किए गए हैं। प्रवर्तन निदेशालय ने शनिवार को यह जानकारी दी। यह कार्रवाई संघीय एजेंसी द्वारा जुलाई में एमटेक समूह के प्रवर्तकों अरविंद धाम को गिरफ्तार किए जाने के बाद की गई है। कंपनी दिवाला प्रक्रिया के दौर से गुजर रही है।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सीबीआई की प्राथमिकी और मामले की जांच के लिए फरवरी में उच्चतम न्यायालय द्वारा दिए गए निर्देश का संज्ञान लेते हुए कंपनी और उसके प्रवर्तकों के खिलाफ धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया। ईडी ने एक बयान में कहा कि आईडीबीआई बैंक और बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने ...शेष पृष्ठ 14 पर

**विशेष खबर** बीबीडी परिसर में गणेश महोत्सव की शुरुआत, ग्रुप की चेयरपर्सन श्रीमती अलका दास व प्रेसिडेंट विराज सागर दास ने मालिनी अवस्थी का पुष्प गुच्छ देकर किया स्वागत

# लोक गायिका पद्मश्री मालिनी अवस्थी के भजन पर जमकर झूमे श्रद्धालु



श्री गणेश महोत्सव में महाआरती करते बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास





मालिनी अवस्थी को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत करतीं बीबीडी ग्रुप की चेयरपर्सन श्रीमती अलका दास गुप्ता व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित करते प्रेसिडेंट विराज सागर दास व बीबीडी ग्रुप की वाइस प्रेसिडेंट देवांशी दास

अनिल कुमार सिंह

लखनऊ। बीबीडी शैक्षणिक परिसर में हो रहे चार दिवसीय श्री गणेश महोत्सव 2024 के पहले दिन शनिवार को प्रसिद्ध अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त गायिका एवं पद्मश्री मालिनी अवस्थी ने लोक संगीत व भजन की शुरूआत ॐ गं गणपते नमो नमः ..., घर में पधारों गजानन..., गणपति बप्पा मोरिया..., गणपति को लग जहिये नजरिया...,जय गणेश देवा जय गणेश देवा..., डम डम डमरू बजावे... से किया, जिसे सुनकर पंडाल में उपस्थित दर्शक झूम उठे।

इसके साथ ही उनके कजरी गीत रुन धुन खोला न केवरिया..., हरे रामा भोला चले ससुरारी..., भोला बैल चिट काबर... आदि गीतों पर दर्शकों की तालियो की गड़गड़ाहट से भव्य पंडाल गूंज उठा। लोक संगीत की श्रृंखला में सइया मिले लरकइया मै का करूं..., रेलिया बैरन पिया के लिए जाये रे... आदि से खचाखच भरे पंडाल में श्रोता झूम-झूम कर नाच उठे। गजानन के लिए बनाये गये पंडाल की शोभा देखते बनती थी, जैसे ही उनकी टीम ने अपने कार्यक्रम का आगाज किया, वैसे ही दर्शकों की तालियां खुद बा खुद बजने लगी। इस अवसर पर उनकी टीम द्वारा लोक नृत्य भी प्रस्तुत किया गया। पद्मश्री मालिनी अवस्थी ने अपने चिर परिचित अंदाज में जब गीत की शृंखला को आगे बढ़ाया तो दर्शकों का भक्तिभाव भी धीरे-धीरे चरम पर पहुंचने लगा। साथ ही सहायक कलाकरों ने जब उनकी प्रस्तुति पर अपने नृत्य कलाकारों ने प्रस्तुत किया तो पंडाल का माहौल केवल गजानन की भाव में विभोर हो उठा। इसके साथ ही जनता की मांग पर मालिनी अवस्थी ने अपना सुप्रसिद्ध लोकगीत सइया मिले लरकइया मै का करूं...गाया। इस गाने को जब उपस्थित दर्शकों की मांग पर गाया गया तो मानो पंडाल ही नहीं पूरा परिसर ही महोत्सव की सुंगध से सराबोर हो गया हो। इस महोत्सव में खास बात यह भी रही कि पंडाल की भव्यता को देखकर लोग सिर्फ देखते ही रह गये और भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए दिखे। इस महोत्सव में बीबीडी एजुकेशनल ग्रुप के छात्र-छात्राओं एवं आसपास के गांवों से हजारों की संख्या में उपस्थित होकर लोगों ने भजन संध्या का भरपूर आनंद लिया। बीबीडी एजुकेशनल ग्रुप की चेयरपर्सन श्रीमती अलका दास गुप्ता, बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास ने मालिनी अवस्थी को पुष्पगुछ देकर स्वागत किया। सायंकालीन महाआरती में बीबीडी एजुकेशनल ग्रुप की चेयरपर्सन श्रीमती अलका दास गुप्ता, बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास और बीबीडी ग्रुप की वाइस प्रेसिडेंट देवांशी दास एवं बीबीडीईजी के मुख्य अधिशाषी निदेशक आर के अग्रवाल ने भाग लिया और महाप्रभु श्री गणेश जी की आरती की। इस अवसर पर अरूण गुप्ता, राजीव बाजपेयी, कैलाश पाण्डेय के साथ ही हजारों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।



श्री गणेश महोत्सव में मालिनी अवस्थी के भजनों का आनंद लेते श्रद्धालु



गणेश महोत्सव में उपस्थित बीबीडी ग्रुप की चेयरपर्सन श्रीमती अलका दास, प्रेसिडेंट विराज सागर दास व वाइस प्रेसिडेंट देवांशी दास फोटो : अमित वर्मा

# बीबीडी परिसर में भगवान गणेश का भक्तिभाव और उल्लास से हुआ स्वागत


बीबीडी परिसर में गणेश महोत्सव पर भगवान श्री सिद्धिविनायक प्रतिमा के समक्ष आरती करते बीबीडीईजी के मुख्य अधिशाषी निदेशक आरके अग्रवाल


बीबीडी परिसर में गणेश महोत्सव के पहले दिन भजन प्रस्तुत करतीं लोकगायिका पद्मश्री मालिनी अवस्थी व नृत्य करतीं कलाकार


गणेश महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं कलाकार

# यूपी में निवेश का नया केंद्र बनेगा आगरा

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) जल्द ही आगरा में इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर (आईएमसी) की शुरूआत

- **आगरा की समृद्ध धरोहर का लाभ उठाते हुए, गैर-प्रदूषणकारी उद्योगों को बढ़ावा देकर, आगरा को प्रमुख औद्योगिक केंद्र के रूप में विकसित करेगी आईएमसी**
- **यूपीसीडा जल्द शुरू कर रहा आईएमसी परियोजना**

करने जा रहा है। योगी सरकार की यह महत्वाकांक्षी परियोजना अपने उत्कृष्ट स्थान और आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ आगरा के औद्योगिक क्षेत्र को नई दिशा प्रदान करेगी। आईएमसी आगरा, चमड़े, जूते और कृषि आधारित उत्पादों जैसे क्षेत्रों में आगरा की समृद्ध धरोहर का लाभ उठाते हुए, गैर-प्रदूषणकारी उद्योगों को बढ़ावा देकर, आगरा को एक प्रमुख औद्योगिक केंद्र के रूप में विकसित करेगी। यह क्लस्टर आर्थिक विकास को गति देगा, मजबूत उद्योगों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करेगा और क्षेत्र के कुशल कार्यबल और स्थानीय विशेषज्ञता को प्रोत्साहित करेगा।

**दिल्ली और लखनऊ से बेहतर कनेक्टिविटी :** यूपीसीडा के सीईओ मयूर माहेश्वरी के अनुसार आगरा की पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रतिबद्धता, खासकर ताज ट्रैपेज़ियम जोन के तहत, इसे पर्यावरण-अनुकूल औद्योगिक संचालन के लिए एक आदर्श स्थान बनाती है। आईएमसी आगरा इन पर्यावरणीय लक्ष्यों के साथ पूरी तरह मेल खाता है, जो टिकाऊ औद्योगिक




तकनीकों के लिए प्रदूषण मुक्त और अनुकूल वातावरण प्रदान करता है। इस परियोजना का स्थान इसे निवेशकों के लिए और भी आकर्षक बनाता है। इनर रिंग रोड के किनारे स्थित यह क्लस्टर दो प्रमुख क्लोवरलीफ जंक्शनों एनएच-19, जो दिल्ली एनसीआर से जोड़ता है, और आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे से समान दूरी पर स्थित है। इस बेहतरीन स्थान की वजह से सड़क कनेक्टिविटी बेहद अच्छी है, जिससे साइट को दो हिस्सों में विभाजित किया जा सकता है। आईएमसी को उत्तर प्रदेश के विस्तृत एक्सप्रेसवे नेटवर्क से भी फायदा मिलेगा, जिससे लॉजिस्टिक्स में सुधार होगा और यात्रा का समय कम होगा।

**माल ढुलाई में भी आसानी :** उन्होंने कहा कि एनएच-19 और आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे की नजदीकी सड़क परिवहन को आसान बनाती है। न्यू टूंडला स्टेशन से 22 किमी दूर स्थित, आईएमसी आगरा ईस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर (ईडीएफसी) से जुड़ने के लिए एकदम सही स्थान पर है। यह स्थान कुशल रेल माल ढुलाई और सड़क पर भीड़भाड़ कम करने मैं पूरा सहयोग करेगा। यह वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर (डब्ल्यूडीएफसी) के साथ बेहतर कनेक्टिविटी भी प्रदान करती है। इसके अलावा, प्रस्तावित जेवर हवाई अड्डा, जो यमुना एक्सप्रेसवे के माध्यम से 140 किमी दूर है, हवाई कनेक्टिविटी को बढ़ाएगा, उच्च मूल्य वाले कार्गो के परिवहन का समर्थन करेगा और व्यापारिक यात्रियों के लिए आसानी से पहुंच उपलब्ध कराएगा।

**1000 एकड़ में फैली है परियोजना :** आईएमसी आगरा, प्रस्तावित राष्ट्रीय जलमार्ग-110 (एनडब्ल्यू-110) के पास स्थित है, जहां से समोगर मुस्तकिल में कार्गो टर्मिनल केवल 1 किमी की दूरी पर है। यह जलमार्ग माल परिवहन के लिए एक प्रभावी विकल्प प्रदान करेगा और रेल नेटवर्क से जुड़कर लॉजिस्टिक क्षमताओं को और मजबूत करेगा। यह परियोजना आगरा के बाहरी इलाके में लगभग 1,000 एकड़ में फैली हुई है, जिसे बड़े पैमाने पर औद्योगिक विकास के उद्देश्य से अधिग्रहित किया गया है। इस परियोजना का व्यापक इंफ्रास्ट्रक्चर और महत्वपूर्ण स्थान आगरा को एक आकर्षक निवेश गंतव्य बनाता है।

**आधुनिक औद्योगिक इंफ्रास्ट्रक्चर का प्रतीक बनेगा क्लस्टर :** उन्होंने कहा कि आईएमसी आगरा सिर्फ एक क्लस्टर नहीं है, बल्कि आधुनिक औद्योगिक इंफ्रास्ट्रक्चर का प्रतीक है। इसमें एकीकृत उपयोगिता प्रबंधन के लिए सिटीजन मोबाइल एप्लिकेशन, डिजिटल साइनेज, सोलर पैनल और वाई-फाई स्पॉट के साथ स्मार्ट बस स्टॉप शामिल हैं। साथ ही, इसमें फाइबर ऑप्टिक नेटवर्क, यूपीएस और डीजल जनरेटर बैकअप के साथ एक मजबूत आईसीटी और स्काडा प्रणाली भी मौजूद है। साथ ही, पर्यावरण नियंत्रण सुनिश्चित करने के लिए, आईएमसी आगरा में परिवेशी वायु गुणवत्ता मॉनिटर के साथ एक

- **आर्थिक विकास को गति, मजबूत उद्योगों के बीच बेहतर समन्वय और क्षेत्र के कुशल कार्यबल और स्थानीय विशेषज्ञता को प्रोत्साहित करेगा क्लस्टर**
- **यूपीसीडा कर रहा इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर की शुरूआत**

एकीकृत कमांड और नियंत्रण केंद्र (आईसीसीसी) स्थापित किया गया है। आने वाले वर्षों में ये दो परियोजनाएं उत्तर प्रदेश के औद्योगिक परिदृश्य को बदल देगी।

## खेल संबंधी चोट से बचाव के लिए सेमिनार

**लखनऊ।** खिलाड़ियों के बीच खेल की चोट पर जागरूकता के संदेश को फैलाने के उद्देश्य से एके सेठी, क्षेत्रीय खेल अधिकारी और स्पोर्ट्स कॉलेज के प्राचार्य, के सम्मानित संगठन के तहत शनिवार को केडी सिंह बाबू स्टेडियम में सफलतापूर्वक एक सेमिनार का आयोजन किया गया। इस पहल को खेल-संबंधी चोटों की व्यापकता और रोकथाम के बारे में युवा एथलीटों को जागरूक करने के प्राथमिक लक्ष्य के साथ सोच-समझकर तैयार किया गया था यह एक महत्वपूर्ण पहलू है जो एथलीटों के प्रशिक्षण और एथलेटिक प्रदर्शन को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित करता है। ऑर्थोपेडिक सर्जन और स्पोर्ट्स मेडिसिन के विशेषज्ञ डॉ. पुलक शर्मा ने एक व्यावहारिक और व्यापक प्रस्तुति दी, जिसमें विभिन्न प्रकार की खेल चोटों, उनके कारणों और प्रभावी प्रबंधन रणनीतियों को शामिल किया गया।

# ग्राम चौपालों में करीब चार लाख प्रकरणों का किया गया निस्तारण : केशव मौर्य

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व व निर्देशन में ग्रामीणो की समस्यायों के निराकरण के लिए प्रदेश के प्रत्येक विकास खण्ड की दो ग्राम पंचायतों में प्रत्येक शुक्रवार को ग्राम चौपाल, (गांव की समस्या-गांव में समाधान) का आयोजन किया जा रहा है और बहुत बड़ी संख्या में

- **अब तक 98 हजार से अधिक ग्राम चौपालों का किया गया आयोजन**

लोगों की समस्यायों का निराकरण उनके गांव में ही हो रहा है।

सरकार खुद चलकर गांव व गरीबों के पास जा रही है, ग्राम चौपालों से जहां गांवों में चल रही विभिन्न परियोजनाओं की जमीनी हकीकत का पता चलता है, वहीं सोशल सेक्टर की योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी आ रही है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशो के अनुपालन में ठोस व प्रभावी रूपरेखा बनाकर चौपालों का आयोजन किया जा रहा है तथा चौपालों से पूर्व गांवों में सफाई पर



विशेष रूप से फोकस किया जा रहा है और चौपालों के बारे में अधिक से अधिक प्रचार प्रसार भी किया जा रहा है व्यक्तिगत समस्याओं के अलावा सार्वजनिक समस्याओं का भी समाधान चौपालों में हो रहा है। उप मुख्यमंत्री ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि ग्राम चौपालों का आयोजन विधिवत किया जाता रहे।

ग्राम्य विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार को प्रदेश की 1516 ग्राम पंचायतों में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया, जिनमें 4677 प्रकरणो का निस्तारण गांव पंचायतों में ही कर दिया गया। इन ग्राम चौपालों मे 3956 ब्लाक स्तरीय अधिकारी व कर्मचारी तथा 7201 ग्राम स्तरीय कर्मचारी मौजूद रहे और इन चौपालों में 99 हजार से अधिक ग्रामीणों ने सहभागिता की।

ग्राम्य विकास आयुक्त जीएस प्रियदर्शी ने बताया कि जनवरी 23 से अब तक 98 हजार से अधिक ग्राम चौपालों का आयोजन किया जा चुका है, जिनमें 70 लाख से अधिक ग्रामीण मौजूद रहे और 3 लाख 99 हजार से अधिक प्रकरणों का निस्तारण किया गया।

# हाथरस सड़क दुर्घटना: केंद्रीय मंत्री और उच्च शिक्षा मंत्री ने मृतकों के परिजनों को दी सांत्वना

विशेष संवाददाता (vol)

**आगरा/लखनऊ।** हाथरस जिले में 6 सितंबर को हुए दुखद सड़क हादसे में मृतकों के परिजनों से मिलने के लिए शनिवार को केंद्रीय मंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल, प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय, एत्मादपुर विधायक डॉ. धर्मपाल और जिलाधिकारी भानु चंद्र गोस्वामी आगरा के खंदौली के ग्राम

- **मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से दी आर्थिक मदद**

पंचायत सैमरा और आंवलखेड़ा पहुंचे।

वहां उन्होंने मृतकों के परिजनों को सांत्वना दी और इस कठिन समय में हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। मंत्रीगण मृतकों के अंतिम संस्कार में भी शामिल हुए और मृतकों के परिवारों को ढांढस बंधाया।

हाथरस जिले में हुए इस भीषण सड़क हादसे में आगरा जिले के ग्राम पंचायत सैमरा, खंदौली के 16 लोगों की मौत हो गई थी, जिसमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल थे।

घायलों से मिलने के लिए मंत्रीगण सबसे पहले एसएन मेडिकल कॉलेज, आगरा पहुंचे, जहां उन्होंने अस्पताल प्रशासन और सीएमओ को घायलों के उपचार के लिए उच्च स्तर की चिकित्सा सुविधाएं देने के निर्देश दिए। इसके साथ ही, गंभीर रूप से घायल दो व्यक्तियों को 50-50 हजार रुपये की आर्थिक मदद के रूप में चेक भी दिये गये।

इसके बाद मंत्रीगण और अन्य प्रतिनिधि ग्राम पंचायत सैमरा पहुंचे, जहां उन्होंने मृतकों के परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने सभी 16 मृतकों के परिवारों को मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से 2-2 लाख रुपये की आर्थिक सहायता के चेक प्रदान किए। 16 मृतकों में से 2 का अंतिम संस्कार ग्राम पंचायत आंवलखेड़ा में किया गया। इस दौरान मंत्रीगण ने वहां भी जाकर मृतकों के परिजनों को सांत्वना दी और चेक प्रदान किए।

# अयोध्या व प्रयागराज के बाद अब सीतापुर में जल्द बनेगा बो-स्ट्रिंग गर्डर ब्रिज

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** यूपी में सड़क बुनियादी ढांचे को बढ़ाने के अपने चल रहे प्रयासों में राज्य सरकार ने सीतापुर में बो-स्ट्रिंग गर्डर ब्रिज के निर्माण को आगे बढ़ाने की तैयारी शुरू कर दी है। बता दें कि बो-स्ट्रिंग गर्डर ब्रिज को

- **22.86 करोड़ की लागत से 8 महीने में होगा तैयार**

इसके विशिष्ट डिजाइन, बेहतर गुणवत्ता और कम समय में बनने वाले निर्माण के लिए चुना गया है। हाल ही में अयोध्या और प्रयागराज में इस तकनीक का उपयोग करके रेल ओवर ब्रिज (आरओबी) बनाए गए थे।

सीतापुर में नियोजित बो-स्ट्रिंग गर्डर ब्रिज, शारदा नहर पर तंबौर से महमूदाबाद रोड पर रोड ओवर ब्रिज (आरओबी) के रूप में काम करेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर यूपी स्टेट ब्रिज कॉरपोरेशन लिमिटेड ने परियोजना को आगे बढ़ाने के लिए एक एजेंसी का चयन करने और काम आवंटित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। यह परियोजना 22.86 करोड़ रुपये की लागत से पूरी होने वाली है। इसमें तंबौर से महमूदाबाद मार्ग पर शारदा नहर



पर पुल का निर्माण, सबस्ट्रक्चर, सुपरस्ट्रक्चर और कनेक्टिंग रोड का विकास शामिल है।

इस पूरी परियोजना के बरसात के मौसम को छोड़कर 8 महीने में पूरा होने की उम्मीद है। 2017 में योगी सरकार के सत्ता में आने के बाद से लोक निर्माण विभाग पूरे प्रदेश में विभिन्न बुनियादी ढांचा परियोजनाओं पर काम कर रहा है। इन परियोजनाओं में राष्ट्रीय राजमार्गों का विकास, केंद्रीय सड़क निधि योजना के तहत वित्तपोषित सड़कें, विश्व बैंक, नाबार्ड और एशियाई बैंक से ऋण लेकर वित्तपोषित सड़कें, साथ ही ब्लॉक, नगर पंचायत और ग्रामीण सड़कों का निर्माण शामिल है, जिसमें लंबे और छोटे पुल और रेल ओवर ब्रिज (आरओबी) शामिल हैं। पिछले 7 सालों में 28,538 किलोमीटर ग्रामीण सड़कों का विकास और नवनिर्माण किया गया है। 4,115 किलोमीटर लंबे 46 नए राष्ट्रीय राजमार्गों और 5,604 किलोमीटर लंबे 70 नए राज्य राजमार्गों के निर्माण पर काम चल रहा है। यूपी में हर दिन औसतन 9 किलोमीटर सड़कों का चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण किया गया और हर दो दिन में एक पुल का निर्माण किया जा रहा है। पिछले 7 वर्षों में सरकार ने 2,503 किलोमीटर राज्य राजमार्ग, 5,934 किलोमीटर प्रमुख जिला सड़कें और 13,849 किलोमीटर अन्य जिला सड़कें भी विकसित की हैं।

# भाजपा सरकार महंगाई और किसानों की बदहाली दूर नहीं कर सकती : अखिलेश

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार महंगाई, भ्रष्टाचार और किसानों की बदहाली कभी दूर नहीं कर सकती है। वह प्रत्येक स्तर पर सत्ता का दुरूपयोग करती है। निर्दोषों को झूठे केसों में फंसाती है। लोकसभा चुनावों में पराजय के बाद भी भाजपा कुप्रचार करने से बाज नहीं आ रही है।



- **सपा प्रमुख ने पार्टी मुख्यालय पर कार्यकर्ताओं को किया सम्बोधित**

अखिलेश यादव शनिवार को समाजवादी पार्टी के राज्य मुख्यालय में डॉ. राम मनोहर लोहिया सभागार में एकत्र पार्टी कार्यकर्ताओं को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सपा का पीडीए भाजपा का मुकाबला करेगा और उसे हराएगा। पीडीए में समाज के सभी पक्षों के हित सुरक्षित हैं। पीडीए के माध्यम से सामाजिक न्याय के लिए लड़ाई को भी अंतिम परिणाम तक पहुंचाने का लक्ष्य है। यादव ने कहा कि भाजपा लोकतंत्र और संविधान दोनों के लिए खतरा है। वह नफरत फैलाकर सामाजिक सद्भाव को तहस-नहस करने का इरादा रखती है। समाज में सभी को हक और सम्मान मिले इसके लिए सपा जातीय जनगणना को आवश्यक मानती है। सपा की जब भी सरकार बनेगी जातीय जनगणना कराकर सबको हक और सम्मान दिया जायेगा।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में अपराधियों को खुली छूट है। महिलाओं और बच्चियों का जीवन असुरक्षित है। फर्जी एनकाउंटरों की वजह से उत्तर प्रदेश की देश-दुनिया में बदनामी हो रही है। पुलिस हिरासत में मौतों के मामलों में भी उत्तर प्रदेश सबसे आगे हैं और उत्तर प्रदेश का नाम बदनाम हो रहा है।

# नये तेवर और कलेवर में मैदान में उतर रही है कांग्रेस

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की सियासत में कांग्रेस अब नए तेवर और कलेवर में नजर आ रही है। विधायक संख्या कम होने के बाद भी पार्टी जनता के बीच विपक्ष की भूमिका निभाने को बेताब है। हिरासत में मौत का मामला हो या बीमारी से बच्चों की मौत, बाढ़ पीड़ित हों या भेड़िए का आतंक, इन सभी मामलों में

- **सांसद और पार्टी के अन्य नेता उत्पीड़न, आपदा या अन्य घटनाओं की तथ्यों सहित तैयार कर रहे ग्राउंड रिपोर्ट**

कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय और उनकी टीम मौके पर पहुंची। इन मुद्दों को उठाते हुए जनता के बीच अपनी पैठ बढ़ाने का प्रयास किया। कांग्रेस की यह कवायद वोटबैंक में तब्दील होगी या नहीं, यह तो वक्त बताएगा।

लोकसभा चुनाव के बाद कांग्रेस त्रिस्तरीय रणनीति पर कार्य कर रही है। जनहित के मुद्दों को लेकर सड़क पर उतर रही हैं। जालौन में हिरासत में किसान की मौत, कानपुर में पुलिस




उत्पीड़न, बाढ़ पीड़ितों और भेड़िए के आतंक से परेशान लोगों के बीच कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय मौके पर पहुंचे। लोगों का दर्द बांटा और मुख्यमंत्री को पत्र लिखा। इसके बाद सरकारी तंत्र सक्रिय हुआ। अब वह जिलेवार दौरे पर निकल गए हैं। प्रदेश की सियासत पर नजर रखने वालों का कहना है कि लंबे समय बाद कांग्रेस का कोई प्रदेश अध्यक्ष जिलेवार विभिन्न घटनाओं पर संघर्षशील नजर आ रहा है। इसी तरह आजमगढ़, उन्नाव में बीमारी से बच्चों की मौत का मामला खुद प्रियंका गांधी ने सोशल मीडिया पर उठाया। सांसद और पार्टी के अन्य नेताओं ने मौके पर पहुंच कर ग्राउंड रिपोर्ट तैयार की। अब यह मामला संसद में उठाने की तैयारी है। दो दिन पहले पहले प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने सभी फ्रंटल संगठनों और जिलाध्यक्षों को निर्देश दिया है कि जहां भी पुलिस का उत्पीड़न हो तत्काल मौके पर पहुंचे। किसी तरह की आपदा होने पर भी कांग्रेस की टीम मौके पर जाकर पीड़ितों की मदद करेगी। यह टीम तथ्यों सहित ग्राउंड रिपोर्ट तैयार कर प्रदेश मुख्यालय को भेजेगी। मुख्यालय स्तर पर रिपोर्ट को आधार बनाकर भाजपा को घेरेगी और जनता के सामने मुद्दे को रखेगी। विधानसभा को लेकर पार्टी संगठनात्मक दृष्टिकोण से अपने कील कांटे दुरुस्त कर रही है। जिलेवार समीक्षा करने के साथ ही सक्रिय कार्यकर्ताओ को चिन्हित किया जा रहा है। इसी तरह पार्टी के पिछड़ा, मुसलमान और दलित वर्ग के तीन युवा नेताओं को राष्ट्रीय कमेटी में शामिल करने के पीछे भी सियासी निहितार्थ माने जा रहे हैं। तीसरी कवायद वोटबैंक को लेकर है। राहुल गांधी के प्रयागराज में जाति जनगणना संबंधी बयान के बाद पार्टी खुलकर सामने आ गई है। जाति जनगणना को लेकर लगातार सम्मेलन हो रहे हैं तो भविष्य में कई ऐसे कार्यक्रम भी सामने आएंगे, जिसमें जाति आधारित गोलबंदी का प्रयास होगा।

# मिल्कीपुर व फूलपुर विधानसभा सीट पर भाजपा को मिलेगी बड़ी चुनौती

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रदेश में अभी तक उपचुनावों की तिथि का ऐलान नहीं हुआ है लेकिन सभी पार्टियां जीत के लिए जोर लगाना शुरू कर चुकी हैं। भाजपा अयोध्या की मिल्कीपुर और फूलपुर विधानसभा सीट किसी भी कीमत पर जीतना चाह रही है। फूलपुर विधानसभा सीट का उपचुनाव भाजपा

- **अभी तक उपचुनावों की तिथि का ऐलान नहीं, पर सभी पार्टियों ने झोंकी पूरी ताकत**

के लिए बड़ी चुनौती से कम नहीं है। 2024 के लोकसभा चुनाव में इस विधानसभा सीट पर भाजपा से बढ़त लेनी वाली सपा उपचुनाव में भी कड़ी टक्कर देती दिखाई दे रही है।

भारतीय जनता पार्टी के लिए इस विधानसभा का उपचुनाव किसी लिटमस टेस्ट से कम नहीं है। इसी वजह से पार्टी ने जहां पिछले दिनों ही डिप्टी सीएम केशव को इस सीट का प्रभारी बना दिया तो वहीं अब सीएम योगी ने भी ड्राइविंग सीट संभाल ली है। क्योंकि यह चुनाव 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव का सेमीफाइनल माना जा रहा है। गौरतलब है कि गत दिनों सीएम योगी इफको परिसर फूलपुर पहुंचे तो उन्होंने तमाम सरकारी योजनाओं का लाभ देने के साथ ही अपने आक्रामक अंदाज में चुनावी माहौल बनाने का पूरा प्रयास भी किया। वहीं, इंडी गठबंधन भी लोकसभा चुनाव की जीत को उपचुनावों में भी कायम रखने का दम भर रहा है। लोकसभा का चुनाव भले ही प्रवीण पटेल मामूली अंतर से चुनाव जीत गए हो लेकिन वह अपनी विधानसभा सीट पर बुरी तरह से हारे। यहां भाजपा को 89650 तो सपा प्रत्याशी को 107510 मत मिले। यानी इस सीट से सपा ने 17860 की लीड ली थी। अगर लोकसभा वाला परिणाम आया तो भाजपा के हाथ से यह सीट फिसल जाएगी। पिछले दो विधानसभा चुनाव से भाजपा यहां से चुनाव जीत रही है, जबकि उसके पूर्व 2012 में सपा तो 2007 में बसपा चुनाव जीती थी। युवाओं को अपने पाले में करने के लिए भाजपा यहां पूरी तन्मयता से जुटी है।

# तीन मंजिल का पास था नक्शा, कमजोर पिलर से ढही इमारत

## कुमकुम सिंघल के नाम से वर्ष 2010 में एलडीए से पास है मानचित्र, सिंघल फार्मा डिस्ट्रीब्यूटर के गोदाम में ट्रक से उतारा जा रहा था सामान

विशेष संवाददाता (vol)











**लखनऊ।** ट्रांसपोर्ट नगर योजना को लखनऊ विकास प्राधिकरण ने विकसित किया है। यहां व्यवसायिक भूखण्डों को एलडीए से आवंटित किया गया है। भूखण्ड संख्या टीपीएन-54/1 पर हरमिलाप टावर बना था। इसी इमारत का एक हिस्सा शनिवार को भरभराकर गिर गया। एलडीए की पड़ताल में सामने आया है कि इस भूखण्ड संख्या पर आलमबाग समर बिहार कालोनी निवासी कुमकुम सिंघल के नाम से नक्शा पास कराया गया है। भूतल, प्रथम व द्वितीय तल के लिए 31 अगस्त 2010 में प्राधिकरण के मानचित्र विभाग की ओर से परमिट संख्या 29474 पर नक्शा पास किया गया है।

बताया जा रहा है कि इस बिल्डिंग में मोटा नमक, मोबिल आयल, गिफ्ट और पाइप बनाने वाली कंपनी और दवाई कंपनी का गोदाम था। सिंघल फार्मा डिस्ट्रीब्यूटर नाम से गोदाम है। ट्रक से फार्मास्यूटिकल का दिल्ली से लाया सामान बिल्डिंग में उतारा जा रहा था। मौके पर मौजूद लोगों की मानें तो बिल्डिंग का एक पिलर कई दिनों से हिल रहा था। इसे लेकर गोदाम मालिक की ओर से आगाह भी किया गया था। शनिवार को जब सामान उतारा जा रहा था। उस समय पिलर के हिलने पर यहां काम कर रहे मजदूरों को बाहर निकलने के लिए बोला गया मगर जब तक लोग बाहर निकलते बिल्डिंग भरभराकर ढह गई। हालांकि तब तक फार्मास्युटिकल कंपनी के मजदूर बाहर निकल चुके थे मगर अन्य कंपनियों के मजदूर अंदर ही थे जो कि मलबे में दब गए। यह भी कहा जा रहा है कि बिल्डिंग के आसपास बड़ी मात्रा में पानी भरा है। सड़क से निकासी न होने से की वजह से बरसात का सारा पानी बिल्डिंग की ओर ही बहकर आता है। पानी भरे रहने के कारण बिल्डिंग की नींव कमजोर पड़ गई। बिल्डिंग का रखरखाव भी लंबे समय से नहीं हो रहा था। इस वजह से बिल्डिंग गिरी है। वहीं मौके पर पहुंचे एलडीए के अधिकारियों का तर्क है कि बिल्डिंग में गोदाम चलाया जा रहा था। ट्रक से सामान की लोडिंग हो रही थी। इस दौरान बिल्डिंग में ट्रक का पिछला हिस्सा लड़ने से इमारत धराशायी हो गई। एलडीए सचिव विवेक श्रीवास्तव, उप सचिव व जोनल अधिकारी अतुल कृष्ण सिंह, जेई विवेक राय समेत अन्य अधिकारी व इंजीनियर भी मौके पर पहुंचे। तत्काल एलडीए के मानचित्र अनुभाग से भूखण्ड संख्या टीपीएन-54/1 का नक्शे का ब्यौरा मांगा गया। बताया गया कि इस भूखण्ड संख्या पर बनी इमारत का नक्शा पास है।

हालांकि अभी यह तय नहीं किया जा सका है कि मौके पर बनी बिल्डिंग स्वीकृत नक्शे के अनुसार ही बनी थी या फिर स्वीकृत मानचित्र के विपरीत इसे बनाया गया था। जोनल अधिकारी अतुल कृष्ण सिंह का कहना है कि मौके पर कोई निर्माण कार्य नहीं चल रहा था। यह जांच का विषय है कि बिल्डिंग का निर्माण कैसा था। वहीं उच्चाधिकारियों का कहना है कि बिल्डिंग पूरी तरह से धराशायी हो गई है इसलिए इसके गिरने की वजह तकनीकी तौर पर विशेषज्ञ ही पता लगा सकेंगे।

**ट्रक ड्राइवर राजेश पाल ने बयां किया हादसा :** दिल्ली के ट्रक ड्राइवर राजेश पाल ने हादसे की जानकारी देते हुए बताया कि करीब 4:55 बजे मैं इस बिल्डिंग में पहुंचा था। मैंने अपना ट्रक सामान उतारने के लिए बिल्डिंग में लगाया था। ट्रक से फार्मास्यूटिकल का दिल्ली से लाया सामान बिल्डिंग में उतारा जा रहा था। उतारे गए सामान को दूसरे फ्लोर पर पहुंचाया जा रहा था। करीब 15 से 20 लोग ट्रक का सामान उतार रहे थे। अचानक से पूरी बिल्डिंग भर भराकर गिर गई। यह अचानक से हुआ कि कोई कुछ समझ नहीं पाया। समान उतार रहे कुछ लोगों ने भाग कर जान बचाई। कुछ लोगों को स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से निकाला गया। ट्रक ड्राइवर ने बताया जब बिल्डिंग गिरी तब मैंने भी भाग कर जान बचाई। बिल्डिंग गिरी तो लगा कि भूकंप आ गया। सांसें थम सी गई। खुद को सुरक्षित पाया तो जान में जान आयी।

**बिल्डिंग गिरने से 27 लोग हुए चोटिल :** लखनऊ में बिल्डिंग गिरने के बाद राहत बचाव का काम तेज कर दिया गया। टीम ने 24 लोगों को मलबे से सुरक्षित बाहर निकाला गया। सभी को लोक बंधु अस्पताल में भर्ती कराया गया। मलबे में दबे लोगों में एक बुजुर्ग महिला भी थी, जिसके सिर पर ज्यादा चोट आई है। महिला समेत अन्य का सिटी स्कैन, एक्सरे और अन्य जांच कराई गई। अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अजय शंकर त्रिपाठी ने बताया कि सभी चोटिल लोगों को जरूरी उपचार मुहैया कराया जा रहा है।

मलबे में दबे घायल : शिव मोहन सिंह 38 औरास उन्नाव निवासी आदर्श विहार बुधेश्वर आकाश 19 पुत्र तरूण निवासी सिटी स्टेशन पाण्डेय गंज, शान्ती देवी 65 पत्नी रामकरन मूल फैजाबाद ट्रंस्पोर्ट नगर में रहती थी, राजेंद्र आयु 25 वर्ष, भानु सिंह 22, शत्रुघ्न सिंह 60, शिव मोहन 38, प्रवीना 30, शांति देवी 65, आदर्श यादव 10, काजल यादव 14, आकाश कुमार 28, विनोद यादव 45, आदित्य 21, आकाश कुमार 19, अनूप कुमार मौर्य 40, बहादुर 55, ओम प्रकाश 25, हेमंत पांडेय 37, सुनील 28, दीपक कुमार 28, लक्ष्मी शंकर 25, अतुल राजपूत 25, नीरज 35 शामिल हैं। एक 35 वर्षीय अज्ञात महिला को भी उपचार के लिए अस्पताल लाया गया है।




**गुड्स ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन ने घटना को बताया दुखद :** लखनऊ गुड्स ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के महामंत्री पंकज शुक्ला ने बताया कि घटना की जानकारी होने के बाद सिंघल डिस्ट्रीब्यूटर के मालिक से फोन पर बात हुई। घटना दुखद है। शहर से बाहर होने की वजह से वह मौके पर नहीं पहुंच सके मगर एसोसिएशन के अन्य पदाधिकारी ने घटना स्थल पर पहुंचे थे।

**जेसीबी मशीनों से हटाया गया मलबा :** घटना के बाद कई जेसीबी मशीनें वहां पहुंच गई हैं। नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह के निर्देश पर मौके पर पहुंची जेसीबी मशीनों से मलबा हटाने का काम किया गया जिससे मलबे में दबे लोगों को बाहर निकाला जा सका। देर रात तक राहत और बचाव कार्य जारी रहा।

# घटना स्थल पहुंचे सरोजनीनगर विधायक, घायलों का लिया हाल

विशेष संवाददाता (vol)





**लखनऊ।** राजधानी के ट्रांसपोर्टनगर क्षेत्र में एक बिल्डिंग ढहने के कारण कई लोगों के घायल होने और छह लोगों की मृत्यु पर सरोजनी नगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने गहरा शोक व्यक्त किया। हादसे की सूचना पर तत्काल घटनास्थल पहुंचे विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने बताया जिला प्रशासन, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ तथा स्वास्थ्य विभाग की टीमें मुस्तैदी से तैनात हैं। राहत और बचाव के कार्य तेजी से किये जा रहे हैं। इस दौरान विधायक की टीम भी राहत और बचाव कार्य में सहयोग करती नजर आयी। विधायक ने बताया वे स्वयं जिला प्रशासन तथा लोकबंधु चिकित्सालय प्रशासन के लगातार संपर्क में हैं। घायलों को सर्वोत्कृष्ट चिकित्सा सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। इस दौरान डॉ. सिंह ने दुर्भाग्यपूर्ण घटना में काल कवलित हुए लोगों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। इसके बाद विधायक लोकबंधु चिकत्सालय भी पहुंचे जहां उन्होंने घायलों का हालचाल जाना। उन्हे सर्वोत्कृष्ट उपचार व स्वास्थ्य सुविधाएं दिलाए जाने हेतु चिकित्सालय उटर एवं संबंधित चिकित्सा अधिकारियों से वार्ता की एवं घायलों के परिजनों को निजी व्यय से तात्कालिक आर्थिक सहयोग राशि भी उपलब्ध कराई।

# डीएम और एसडीएम ने दिये निर्देश, घायलों से जाना हाल

बिल्डिंग गिरने की सूचना मिलते ही मौके पर डीएम सूर्य पाल गंगवार और एसडीम के साथ पूरी टीम मौके पर पहुंच गयी। डीएम ने घायलों को लोकबंधु और आपोलो अस्पताल में भर्ती कराने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिया। डीएम ने बिल्डिंग में घायल लोगों से अस्पताल जाकर पूछताछ किया। उन्होंने बताया कि देर रात तक बिल्डिंग के अन्दर फसे लोगों को निकालने का कार्य किया। उन्होंने जांच कमेटी बनाकर एक सप्ताह के अन्दर रिपोर्ट देने के लिए कहा है। नायाब तहसीलदार गोर्वधन शुक्ला ने बताया कि छह व्यक्तियों की मृत्यु हो चुकी है और 24 लोग घायल हैं और एक व्यक्ति को अपोलो अस्पताल रेफर किया गया है।



# पार्किंग का पैसा बचे इसलिए सड़क पर खड़ी होती हैं मौरंग की गाड़ी

मौरंग से भरी गाड़ी रात में आकर शहीद पथ के सर्विस रोड़ पर खड़ी हो जाती हैं। गाड़ी के अन्दर मौरंग के साथ-साथ पानी भी रहता है। गाड़ी सर्विस रोड़ पर घण्टों खड़ी होने से सैकड़ों लीटर पानी सड़क के किनारे लग जाता है। पानी के साथ मलबा नाली में भर जाता है। ऐसे में कई मार मौरंग की गाड़ी पार्किंग के अन्दर खड़ी करने के लिए खबर भी लिखा गया लेकिन कोई सुनवाई नही हुई। अधिकारी पहले ही खबरो पर संज्ञान लिए होते तो कुछ हद तक यह हादसा टल भी सकता था।



# सड़क पर जलभराव से हुई समस्या

बिल्डिंग का एक हिस्सा गिरते ही हाहाकार मच गया जो जहां था वही से बचाओ-बचाओ चिल्लाने लगे ऐसे में बिल्डिंग के सामने बरसात और नाले का पानी भरने से लोगों को बचाने में ज्यादा नही मिली। किसी तरह सड़क पर भरे हुए पानी को निकालने के बाद एम्बुलेंस मौके तक पहुंच सकी। मौके पर मौजूद रामनरेश ने बताया कि मौरंग के गाड़ियों से निकलने वाले मलबे से नाली जाम हो गया है। जिससे पानी महि नों भरा रहता है। सड़क पर ज्यादा पानी भरने से बिल्डिंग में भी कभी-कभी पानी चला जाता है। ऐसे में जर्जर बिल्डिंग पर पानी भरने से खतरा बढ़ जाता है।

## दर्जनो दो पहिया वाहन और कारों पर गिरा मलबा

सेकेंड से भी कम समय मे एक तीन मंजिल बिल्डिंग दूसरे इमारत पर गिर गयी। बिल्डिंग का मलबा गिरने से सड़क पर बिल्डिंग के अन्दर खड़ी दर्जनों दो पहिया वाहन और चार पहिया वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने गाड़ी हटानी शुरू किया तो मलबा फिर से गिर पड़ा। जिन लोगों की गाड़ियां दबी हुई थी वह आनन-फानन में निकालकर हटाने लगे। लकिन बड़ी गाड़ियां ज्यादा मलबा गिरने से नही निकल सकी। घण्टों बाद जेसीबी को बुलाकर मौके से मलबे के अन्दर फसी गाड़ियों को निकाला गया।

# डिप्टी सीएम ने घटना पर जताया दुख

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने इस हादसे पर एक्स पर लिखा- लखनऊ के ट्रांसपोर्ट नगर में तीन मंजिला इमारत के गिरने से हुए हादसे की दुःखद सूचना प्राप्त हुई है. ईश्वर से प्रार्थना है कि हादसे में घायलों को जल्द से जल्द स्वास्थ्य लाभ प्रदान करें और दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें। प्रदेश सरकार ने जिला प्रशासनिक अधिकारियों को त्वरित गति से बचाव एवं राहत कार्य करने के निर्देश दिए हैं. ॐ शांतिः

बिल्डिंग ढहने की घटना पर यूपी के गृह सचिव संजीव गुप्ता ने कहा, लगभग 24 लोगों को बचाया गया है और उनका विभिन्न अस्पतालों में इलाज चल रहा है। अब तक 5 लोगों की मौत की सूचना है, बाकी बचाव अभियान देर रात में भी जारी है और अफसर जमे हैं।

# नगर निगम ने 31 करोड़ की जमीन खाली करायी

**लखनऊ।** नगर निगम ने सरकारी जमीन पर अवैध निर्माण के खिलाफ शनिवार को अभियान चलाया। इस दौरान इन्दिरा नगर से सटे अमराई, हरदोई रोड स्थित नौबस्ता कलां और चिनहट के उत्तरधौना में कार्रवाई की। इस कार्रवाई में करीब 31.5 करोड़ रुपये कीमत की सरकारी जमीनों को अवैध कब्जों से खाली कराया गया। नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह के निर्देश पर अपर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव ने प्रभारी अधिकारी सम्पत्ति संजय यादव और तहसीलदार अरविंद कुमार पाण्डेय को जमीनें खाली कराने के निर्देश दिए। शनिवार को नायब तहसीलदार के नेतृत्व में राजस्व निरीक्षक अविनाश तिवारी, लेखपाल आशुतोष, रवीन्द्र सिंह बिष्ट, राजू सोनी, आनन्द और शक्ति वर्मा पुलिस बल को साथ लेकर निकले। अपर आयुक्त ने बताया कि अमराई में गाटा संख्या-1418 व 1420 राजस्व अभिलेख में पुरानी परती के नाम से दर्ज भूमि है। इस जमीन पर अवैध रूप से किए गए कब्जे को खाली कराया गया। इनका क्षेत्रफल 5000 वर्गफुट और बाजार मूल्य 1.50 करोड़ रुपये है। वहीं, नौबस्ताकलां में गाटा संख्या-592, 594 व 596 जो अभिलेख में बंजर एवं ऊसर के रूप में दर्ज भूमि जिसका क्षेत्रफल 2850 वर्गमीटर है। इसको भी अवैध अतिक्रमण से मुक्त कराया गया। यहां पर अवैध रूप से प्लाटिंग की जा रही थी। इस जमीन की कीमत करीब 10 करोड़ रुपये है। इसी तरह चिनहट के उत्तरधौना में गाटा संख्या-271, 336 जो खलिहान व पुरानी परती के रूप में नगर निगम में दर्ज भूमि हैं। इस रकबा 6670 वर्गमीटर है जिस पर बाउण्ड्री वॉल बनाकर कब्जा किया गया था। उक्त दोनों गाटों से अवैध अतिक्रमण हटा दिया गया है। इस जमीन की कीमत 20 करोड़ रुपये के करीब है।

# इमरजेंसी में मची अफरातफरी, हर तरफ चीख पुकार

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** राजधानी के ट्रांसपोर्टनगर में शनिवार शाम बारिश के दौरान शहीद पथ किनारे स्थित एक इमारत ( हरमिलाप टावर ) भरभराकर जमींदोज हो गया। हादसे में एक कारोबारी समेत छह की मौत हो गई। मलबे में दबे 25 लोगों को निकालकर अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। इनका इलाज जारी है। हादसे के बाद लोकबंधु अस्पताल की इमरजेंसी में

- **15 डॉक्टरों समेत 40 की टीम ने संभाली स्थिति**

हादसे में जख्मी लोगों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हुआ तो वहां पर अफरातफरी मच गई। इमरजेंसी में बेड कम पड़ गए थे। ऐसी दशा में दूसरे वार्ड में मरीजों को भर्ती किया गया। अस्पताल में हर तरफ चीख पुकार मची थी। करीब एक घंटे तक इमरजेंसी में दूसरे मरीजों को इलाज बाधित रहा। सभी डॉक्टर व स्टॉफ घायलों के इलाज में जुटे रहे। वहीं सॉयरन बजाती हुई एंबुलेंस एक.एक करके मरीजों को अंदर ला रही थी। जिन्हें स्टॉफ जरिए गेट पर रिसीव किया जा रहा था। लोकबंधु अस्पताल में हादसे में जख्मी लोगों को इलाज मुहैया कराने के लिए आथोपैंडिक, सर्जन, तीन इमरजेंसी मेडिकल अफसर, दस रेजीडेंट समेत करीब 40 लोगों का स्टॉफ इमरजेंसी में मौजूद रहा। पहला मरीज करीब पौने छह बजे एंबुलेंस लेकर पहुंची थी। आनन फानन में उसे एंबुलेंस से उतारकर इमरजेंसी अंदर लाया गया। सिर-हाथ व पैर में चोट होने से डॉक्टरों ने इलाज मुहैया कराया। इसके बाद एंबुलेंस का आना सिलसिला शुरू हुआ। एक घंटे के अंदर सभी जख्मी इमरजेंसी में पहुंचे तो वहां पर बेड कम पड़ गए। डॉक्टरों ने वार्ड खुलवाया। जिसके बाद वहां पर घायलों को भर्ती किया गया।

अस्पताल में भगदड़ जैसे थे हालत

हादसे में जख्मी लोगों की तलाश में उनके परिजन इमरजेंसी पहुंचना शुरू हुए। इससे इमरजेंसी में पैर रखने तक की जगह नहीं बची। पूरे अस्पताल में भारी भीड़ उमड़ी थी। अपनों की तलाश में परिजन दौड़ते.भागते इमरजेंसी पहुंचे। वहां पर अपनों को जीवित देखकर उनके आंखू से आंसू निकल रहे थे।



**इतना शोर कराना पड़ रहा था एनाउंसमेंट :** अस्पताल में बड़ी तादाद में लोगों के पहुंचने से वहां पर शोर बहुत अधिक बढ़ गया था। ऐसे में अस्पताल प्रशासन ने एनाउसमेंट कराने का फैसला लिया। जिसके बाद माइक से एनाउस कराकर उनके तीमारदारों को बुलाने संग स्टॉफ को बुलाया जा रहा था।

**सामान्य मरीजों को एक घंटे तक नहीं मिला इलाज :** आशियाना के रहने वाले विनोद बाइक से गिरकर उनका पैर मामूली रूप से जख्मी हो गया था। वह इमरजेंसी में इलाज के लिए पहुंचे थे मगर अफरातफरी के बीच उन्हें इलाज नहीं मिला। काफी देर इंतजार बाद भी इलाज न मिलने से विनोद निजी अस्पताल चले गए। इस दौरान सामान्य मरीजों को एक घंटे तक यहां पर इलाज नहीं मिल सका।

**लोकबंधु अस्पताल में 22 घायल भर्ती, पांच केजीएमयू रेफर:** बिल्डिंग हादसे में घायल हुए 22 लोग लोकबंधु अस्पताल में भर्ती हैं। जिनके इलाज के लिए डॉक्टर व पैरामेडिकल स्टाफ की टीम लगी है। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अजय शंकर ने बताया गंभीर रूप से जख्मी पांच को केजीएमयू रेफर किया गया है।

**राकेश सिंघल का हरमिलाप टावर था :** आशियाना निवासी राकेश सिंघल का हरमिलाप ( ग्राउंड प्लस 2 ) टावर था। टावर के ग्राउंड फ्लोर पर आशियाना निवासी जसमीत साहनी ( 45 ) का मोबिल ऑयल और दूसरी मंजिल पर दवा का गोदाम था। पहली मंजिल पर मनचंदा का गिफ्ट सेंटर का गोदाम था।

**कंटेनर चालक की बची जान :** हादसे के वक्त एक कंटेनर से दवाओं की खेप उतारकर गोदाम पहुंचाई जा रही थी। कंटेनर चालक राकेश कंटेनर की ड्राइविंग सीट पर बैठे थे। ट्रक का आधे से अधिक हिस्सा बिल्डिंग के भीतर था। बिल्डिंग ढहते ही कंटेनर का आधे से अधिक हिस्सा मलबे में दब गया। हर तरफ धूल का गुबार छा गया। राकेश केबिन का दरवाजा कूदकर भाग गए। बमुश्किल उनकी जान बची।

**घायलों में एक किशोरी व एक किशोर भी:** निकाले गए घायलों में से एक किशोरी व एक किशोर भी हैं। कुछ लोगों ने बताया कि दोनों भाई बहन हैं, लेकिन इसकी पुष्टि नहीं हो सकी। अंदेशा है कि गोदाम में काम करने वाले किसी शख्स के ये बच्चे होंगे। दूसरी आशंका है कि शायद बिल्डिंग के पास हादसे के वक्त दोनों मौजूद थे जो चपेट में आ गए। फिलहाल प्रशासन दोनों की पहचान करने का प्रयास कर रहा है।

**टावर का जरा सा हिस्सा बचा:** टावर का करीब 90 फीसदी हिस्सा जमींदोज हुआ है। एक हिस्सा अभी भी खड़ा है। जिसका छज्जा और सीढ़ी दायीं तरफ लटक रहा है। इससे रेस्क्यू करने में भी खतरा है। एहतियात बरतते हुए रेस्क्यू टीमें मलबा हटाकर लोगों को निकालने में जुटी रहीं।

**महत्वपूर्ण नंबर**
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

**फायर स्टेशन**
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

**एम्बुलेंस**
मेडिकल सेवा- 102, 108



# पुरानी रंजिश में युवक की चाकू से गोदकर निर्मम हत्या




- मड़ियांव पुलिस पर मृतक के पिता ने जबरन तहरीर पर हस्ताक्षर कराने का लगाया आरोप
- वारदात के बाद मड़ियांव पुलिस ने कई संदिग्धों को हिरासत में लेकर शुरू की पूछताछ

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** थाना मड़ियांव क्षेत्र में 6 सितंबर शुक्रवार देर रात ई रिक्शा चालक एक युवक 20 वर्ष की खदान के पास रंजिश में चाकूओं से गोदकर हत्या कर दी गई। सूचना पर मड़ियांव पुलिस ने घायल को ट्रामा सेंटर भेजा। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक के पिता ने मड़ियांव पुलिस पर गंभीर आरोप लगाया है इंस्पेक्टर मड़ियांव शिवानंद मिश्रा ने बताया कि मृतक के पिता ने सुफियान नाम के एक युवक द्वारा हत्या किए जाने की आशंका जताते हुए तहरीर दी है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

जानकारी के अनुसार नत्था रोड माल लखनऊ निवासी राजकुमार ने बताया कि मेरा बेटा ओमवीर कश्यप 20 वर्ष रहीम नगर डिडोली में अपने फूफा मिश्री लाल के घर में रहकर ई रिक्शा चलाता था। वहीं ओमवीर का बड़ा भाई बलबीर कश्यप अन्ना मार्केट के पास सब्जी का ठेला लगाता है। राजकुमार ने बताया कि शुक्रवार रात 9:30 बजे ओमवीर खदान के पास ई रिक्शा खड़ा करके घर जा रहा था। तभी कुछ युवकों ने मिलकर उसपर चाकूओं से हमला कर दिया। हमले के बाद सभी आरोपी भाग निकले। स्थानीय लोगों की सूचना पर मौके पर पहुंची मड़ियांव पुलिस ने मरणासन्न हालत में ओमवीर कश्यप को ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस द्वारा रात 11:30 बजे मिली सूचना पर राजकुमार अपने बड़े बेटे बलवीर के साथ ट्रामा सेंटर पहुंचे। जहां से पुलिस राजकुमार को मड़ियांव थाने लेकर आ गई। राजकुमार का आरोप है कि पुलिस ने उनसे जबरन तहरीर देने का दबाव बनाया। अनपढ़ होने की बात कहने पर पुलिस ने लिखी तहरीर पर साइन करवा लिया। पीड़ित का कहना है कि एक युवक ओमवीर को नहीं मार सकता है। उसकी हत्या कई लड़कों ने मिलकर की है। मृतक के पिता राज कुमार का आरोप है कि पुलिस उन्हें ट्रामा सेंटर से लाने के बाद शनिवार सुबह 6 बजे तक जबरदस्ती थाने पर बैठाए रखा। पुलिस ने खुद तहरीर लिखकर उनका साइन करा लिया। मड़ियांव थाना प्रभारी शिवानंद मिश्रा ने बताया कि कुछ संदिग्ध युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

# संदिग्ध अवस्था में फंदे से लटका मिला विवाहिता का शव

- पति सहित छह लोगों पर दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज, पुलिस मामले की जांच में जुटी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** नगराम के ग्राम दोरिया गांव में शनिवार के दिन एक विवाहिता का शव छत पर बने कमरे में संदिग्ध परिस्थितियों में दुपट्टे के सहारे पंखे से लटकता हुआ मिला। बाहर काम कर रहे पति की सूचना पर पहुंचे मृतका के पिता द्वारा द्वारा पति सास देवर सहित छह लोगों के विरुद्ध दहेज के लिए हत्या का मुकदमा दर्ज कराया गया है।

थानाध्यक्ष नगराम के अनुसार शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा गया है। मामले की जांच ए सी पी मोहनलाल गंज द्वारा की जाएगी। घटना की जानकारी पाकर सहायक पुलिस आयुक्त मोहनलाल गंज रजनीश वर्मा द्वारा मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल की गई।

बाराबंकी जनपद के लोनी कटरा थानांतर्गत शुंभा गांव निवासी निवासी राकेश कुमार द्वारा नगराम थाने पर दी गई तहरीर के अनुसार उसने अपनी बेटी काजल ( 23 ) का विवाह 2021 में नगराम के हरदोइया का मजरा दोरिया निवासी गया दीन के लड़के सर्वेश कुमार के साथ किया था। ससुराली जनों द्वारा अक्सर दहेज के लिए काजल से मारपीट की जाती थी। राकेश ने बताया कि शनिवार सुबह दामाद सर्वेश ने फोन किया कि हम काम से बाहर हैं तुम्हारी बेटी काफी बीमार है दवा पानी करा जाओ। यह सुनकर परिजनों के साथ बेटी की ससुराल दोरिया गांव पहुंच कर देखा कि बेटी के कमरे का दरवाजा बाहर से बंद था जब खोला तो दंग रह गए अंदर बेटी का शव पंखे के सहारे दुपट्टे के फंदे से लटका हुआ था। थानाध्यक्ष नगराम विवेक चौधरी ने बताया कि सूचना पर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच कर फंदे से नीचे उतार कर शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा। मृतका के पिता द्वारा दी गई तहरीर पर पति सर्वेश, जेठ सर्वजीत, देवर रंजीत, साजन सास विमला देवी, व जेठानी रेनू सहित 6 लोगों के विरुद्ध दहेज के लिए हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है मामले की जांच ए सी पी मोहनलाल गंज द्वारा की जाएगी। फिलहाल पूछताछ के लिए मृतका की सास बिमला देवी को हिरासत में लिया गया है। बाकी आरोपी मौके से फरार हैं। मृतका के ढाई साल का बेटा ओम है।

## विज्ञान, गणित एवं कला का अद्भुद संगम

**लखनऊ।** सीएमएस के महानगर कैम्पस के तत्वावधान में सीएमएस कानपुर रोड ऑडिटोरियम में आयोजित किये जा रहे चार दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान एवं कम्प्यूटर फेस्टिवल मैकफेयर इंटरनेशनल-2024 के दूसरे दिन शनिवार को देश-विदेश से आये छात्रों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं से अपने ज्ञान-विज्ञान का बेहतरीन प्रदर्शन करने के साथ ही मित्रता व आपसी भाईचारा का संदेश भी दिया।

# दहेज लोभियों ने दस लाख न मिलने पर विवाहिता को घर से निकाला

- पुलिस ने विवाहिता के परिजनों की तहरीर पर दर्ज किया मुकदमा जांच शुरू

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** कृष्णा नगर कोतवाली में एक विवाहिता ने ससुरालियों पर दहेज में दस लाख रुपये की मांग पूरी न होने पर प्रताड़ित कर घर से निकालने के साथ जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगा नामजद शिकायत की है। कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी पी के सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र स्थित गोपालपुरी निवासिनी ज्योति शुक्ला पुत्री सुभाष चन्द्र शुक्ला के अनुसार उसका विवाह बीते 22 फरवरी 23 को अरविन्द कुमार तिवारी के साथ हिन्दू रीति-रिवाज के साथ हुआ था। उसके विवाह में पिता ने ससुरालियों को 22 लाख रुपये का दान दहेज दिया था। आरोप है कि विवाह के कुछ दिन बाद से ही पति अरविन्द कुमार तिवारी, सास अमरावती तिवारी, नन्द मीनाक्षी द्विवेदी, नन्दोई अभय ?द्विवेदी द्वारा अतिरिक्त दहेज के रूप में मारुति ब्रिजा कार की मांग की गई। जिसपर उसने ससुरालियों से उसके विवाह में पिता द्वारा कार के लिए पूर्व में 5 लाख रुपये देने की बात कहने पर ससुरालियों ने सारे रुपए विवाह में खर्च हो जाने की बात कह ब्रिजा कार के लिए अतिरिक्त 10 लाख रुपए अपने पिता के यहाँ से लाकर देने की मांग कर घर में नहीं रह पाओगी धमकी दी। वही पीडिता का कहना था कि उसका पति बीते 13 अप्रैल 23 को उसे अपने साथ अण्डमान निकोबार ले गया तथा वहाँ पति ने शराब पीकर जबरन उसे शराब पिलाकर अभद्रता करने के साथ अश्लील वीडियो बनाने लगा जिसका विरोध करने पर पति ने उसे बुरी तरह से मारा पीटा। इस घटना की जानकारी जब पीडिता ने अपनी सास-अमरावती तिवारी को दी गई तो सास ने उलटे पीडिता को मारा-पीटा व उक्त घटना किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। वही उसके पति, सास, ननद व नन्दोई द्वारा उसे मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताडित करते रहे। जिसकी जानकारी उसने अपने माइके पक्ष को दी। जिसपर उसके पिता ने ससुरालियों को समझाने का प्रयास किया गया किन्तु वह नहीं माने और पीडिता को बीते 22 मई 23 को पति व सास ने उसे अपने घर से बाहर निकाल 10 लाख रुपए माइके से लेकर आने की मांग की है। जिसकी शिकायत पीडिता ने स्थानीय थाने में पुलिस से की है। पुलिस के अनुसार पीडिता की शिकायत पर ऋक्षफ दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## विवाहिता की तहरीर पर पति समेत कई लोगों पर दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** कृष्णा नगर कोतवाली इलाके में रहने वाली एक विवाहिता ने पति सहित ससुरालियों पर उत्पीड़न एवं घरेलू हिंसा का आरोप लगाया है।

कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी पी के सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र स्थित विनय नगर निवासिनी आरती पत्नी अंकुर मिश्रा के अनुसार उसने दूसरी शादी आर्य समाज मंदिर में अंकुर मिश्रा एवं उसकी माता कान्ति मिश्रा ननद आकांक्षा एवं ननदोई हिमाँशु की मौजूदगी में हुई थी। परिवार ने पूर्णतया पीडिता सहित उसकी बेटी को स्वीकार किया था। आरोप है कि पीडिता के पति अंकुर मिश्रा सास कान्ति मिश्रा पीडिता व उसकी बेटी को विगत 3 महीने से प्रताड़ित करने के साथ खाना पीने का सामान छिपा देती है और पीडिता व उसकी बेटी संग मारपीट करने के साथ घर से भगाने की धमकी देते है। वही पीडिता का कहना था कि उसकी ननद आकांक्षा एवं ननदोई हिमाँशु फोन पर उसकी सास व पति को भडकाने के साथ तलाक की भी धमकी देते है और उसके ससुरालियों के घर अनिल मिश्रा नामक व्यक्ति भी घर आकर प्रताड़ित करता है। जिसके चलते उसने अपने पति सहित ससुरालियों के खिलाफ नामजद शिकायत की है। पुलिस के अनुसार पीडिता की शिकायत पर शुक्रवार को रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# ढाबे के बाहर फायरिंग के मामले में सपा विधायक का भाई भेजा गया जेल

- चिनहट के आदर्श ढ़ाबा के पास फायरिंग का मामला
- प्रॉपर्टी विवाद में दो सौतेले भाइयों के मारपीट के बाद हुई थी फायरिंग
- अन्य आरोपियों की तलाश में पुलिस ने तीन जगह की छापेमारी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** चिनहट के आदर्श ढ़ाबा के पास फायरिंग करने वाला बाराबंकी सदर विधानसभा से सपा विधायक सुरेश यादव का भाई धर्मेन्द्र यादव को शनिवार जेल भेज दिया गया। उसके पास से पुलिस ने 380 बोर का एक पिस्टल और 7 जिंदा और एक फायर शुदा कारतूस भी बरामद किया है।

आशंका है कि इसी पिस्टल की वहां गोली चली थी। पुलिस को धर्मेन्द्र यादव के तीनों बेटों और प्रिंस के साले सिद्धार्थ की तलाश है। शनिवार को पुलिस ने बाराबंकी में दो जगह और गोमतीनगर में एक जगह दबिश दी। लेकिन अर्जुन यादव उर्फ लक्की व ऋषभ यादव, प्रिंस और प्रिंस का साला सिद्धार्थ फरार बताए जा रहे हैं। पुलिस इन सभी आरोपियों की गिरफ्तारी का प्रयास कर रही है।

गौरतलब है कि बाराबंकी सदर से सपा विधायक सुरेश यादव के भाई धर्मेन्द्र यादव की दो पत्नियां है। एक पत्नी बाराबंकी तो दूसरी गोमतीनगर लखनऊ में रहती है। एक पत्नी से दो बेटे अर्जुन यादव उर्फ लक्की व और ऋषभ यादव है। जबकि दूसरी पत्नी से एक बेटा प्रिंस है। दोनों सौतेले बेटों के बीच सम्पत्ति को लेकर काफी दिनों से विवाद चल रहा है। बुधवार की रात चिनहट के आदर्श ढ़ाबा के पास दोनों की बीच जमकर विवाद हुआ। दोनों पक्ष की ओर से कई राउण्ड फायर हुआ। फायरिंग के कारण वहां दहशत का माहौल बना रहा। सूचना पाकर मौके पर पहुंची फॉरेंसिक टीम और पुलिस ने वहां दो अलग-अलग असलहे से फायर हुए पांच खोखा बरामद किया। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने धर्मेन्द्र यादव बेटा प्रिंस यादव व चचेरा भाई अर्जुन यादव उर्फ लक्की, ऋषभ यादव प्रिंस का साला सिद्धार्थ और तीन सुरक्षाकर्मियों की पहचान की है। शनिवार को पुलिस ने धर्मेन्द्र यादव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

**मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड अल्पकालीन ई-निविदा सूचना** अद्योहस्ताक्षरी द्वारा विद्युत वितरण मण्डल, अयोध्या के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य कराने हेतु अनुभवी एवं पंजीकृत निविदाकारों से दो अलग-अलग भागों में निविदायें ई-टेण्डरिंग के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र उ.प्र. सरकार की बेवसाइट www.etender.up.nic.in पर डाउनलोड / देखे जा सकते है। द्वितीय भाग में मूल्य / दरें निविदादाता द्वारा उ.प्र. सरकार की वेबसाइट www.etender. up.nic.in पर दिनॉक 24.09.2024 को 17.00 बजे तक अपलोड की जायेगी जो दिनॉक 25.09.2024 को 12.00 बजे अधोहस्ताक्षरी अथवा उनके नामित प्रतिनिधि के द्वारा ई-निविदा पोर्टल पर आन-लाइन सिस्टम द्वारा खोली जायेगी। निविदा खुलने की तिथि पर सार्वजनिक अवकाश होने की दशा में निविदा अगले कार्य दिवस पर खोली जायेगी। निविदा के प्रथम भाग के मूल्यांकन के बाद उपयुक्त पाये गये निविदा के द्वितीय भाग खोले जायेंगे जिसकी सूचना पत्र द्वारा / ई-मेल द्वारा अन्य माध्यम से दी जाएगी। निविदा शुल्क एवं धरोहर धनराशि अधोहस्ताक्षरी के बैंक खाते में आर.टी.जी.एस. / एन.ई.एफ.टी. के माध्यम से (Punjab National Bank, Branch Chowk, Bajaja, Faizabad A/c No. 0166002100017035, IFSC Code-PUNB0016600 of Superintending Engineer, Electricity Distribution Circle, Faizabad) जमा करायी जायेगी तथा बैंक जमा की साक्ष्य यथा योज्य यू.टी.आर. संख्या, पे-इन- स्लिप मूल की प्रति (इश्यूडस बैंक के कन्फरमेशन मेल की प्रति) ई-टेण्डर के प्रपत्रों के साथ आन-लाइन अपलोड की जायेगी। कोई भी निविदा प्रपत्र ऑफ लाइन अथवा निविदा बाक्स में स्वीकार नहीं किया जायेंगा। निविदा प्रपत्र का मूल्य निविदा के सम्मुख अंकित है। अधोहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये एक या सभी निविदाओं को निरस्त करने / विभिन्न फर्मों के मध्य कार्य विभक्त करने / त्रुटि सुधार / पुनः प्रकाशन करने का अधिकार सुरक्षित होगा। निविदा मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लि. की वेबसाइट www.mvvn1.in पर देखे जा सकते है। निविदा में कोई संशोधन अथवा निविदा खुलने की तिथि में विस्तार होता है तो इसकी सूचना ई-निविदा की बेवसाइट www.etender.up.nic.in पर एवं संबंधित निगम की बेवसाइट पर उपलब्ध कराये जायेगे। निविदा का विवरण निम्नवत् है:- **1. ई-निविदा संख्या 74 एच (एफ) (कार्य) / 2024-25:** अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड - तृतीय मिल्कीपुर, अयोध्या को विभागीय कार्यों के लिए एक डीजल चलित वाहन मय चालक 12 माह तक उपलब्ध कराने का कार्य। ई निविदा प्रपत्र शुल्क रू. 1180.00 जी.एस.टी. सहित तथा धरोहर राशि रू. 3000.00 **2. ई - निविदा संख्या 75 एच (एफ) (कार्य) / 2024-25:** अधिशासी अभियन्ता, विद्युत खण्ड तृतीय मिल्कीपुर, अयोध्या के अधीन उपखण्ड अधिकारी, विद्युत वितरण उपखण्ड, रानीबाजार को विभागीय कार्यों के लिए एक डीजल चलित वाहन मय चालक 12 माह तक उपलब्ध कराने का कार्य। ई निविदा प्रपत्र शुल्क रू. 1180.00 जी.एस.टी. सहित तथा धरोहर राशि रू. 3000.00 **3. ई - निविदा संख्या 76 एच (एफ) (कार्य) / 2024-25:** अधिशासी अभियन्ता, विद्युत खण्ड तृतीय मिल्कीपुर, अयोध्या के अधीन उपखण्ड अधिकारी, विद्युत वितरण उपखण्ड, मिल्कीपुर को विभागीय कार्यों के लिए एक डीजल चलित वाहन मय चालक 12 माह तक उपलब्ध कराने का कार्य। ई निविदा प्रपत्र शुल्क रू. 1180.00 जी.एस.टी. सहित तथा धरोहर राशि रू. 3000.00 **अधीक्षण अभियन्ता विद्युत वितरण मण्डल, अयोध्या।**
**"राष्ट्र हित में ऊर्जा बचायें, बल्ब की जगह एलईडी लगायें"**
**(पत्रांक 9117 / दि. 07.09.2024)**

## जानकीपुरम कैफे में चल रहा था हुक्का बार, तीन गिरफ्तार

**लखनऊ।** जानकीपुरम थाना क्षेत्र के लखनऊ विश्वविद्यालय न्यू कैम्पस के पास 60 फिटा रोड स्थित एनिग्मा कैफे में चल रहे हुक्का बार पर शनिवार शाम 6बजे जानकीपुरम पुलिस ने छापा मारकर कैफे से तीन लोगों को पकड़ लिया साथ मे हुक्का बार से हुक्का, चिलम और फ्लेवर बरामद किया। थाना प्रभारी जानकीपुरम उपेन्द्र सिंह ने बताया कि एनिग्मा कैफे सुल्तानपुर गांव 60 फिटा रोड जानकीपुरम विस्तार का संचालन शुभम तिवारी निवासी जानकीपुरम विस्तार करता है। जिसने रेस्टोरेंट की आड़ में हुक्काबार खोल रखा था। जानकीपुरम पुलिस ने कैफे मैनेजर विभव सिंह निवासी जानकीपुरम से0 तीन एवम श्याम जी पांडेय सैफ जानकीविहार कॉलोनी जानकीपुरम को गिरफ्तार किया। एनिग्मा कैफे में दो महीने से हुक्का बार का संचालन हो रहा था। कैफे के संचालक शुभम तिवारी ने बताया कि कैफे की आड़ में हुक्का पीने वालों से 500 रुपए से 1000 रुपए तक लेते है। इससे युवक और युवतीयो की आमद बाद गयी। कैफे के मुकाबले हुक्का से आमदनी भी बढ़ गयी। पूछताछ में पता चला कि छात्र भी कैफे में सामिल है। जो बिना रोक टोक के ज्यादा समय बिताते हैं

# डाक्टर से करोड़ों की डिजिटल ठगी करने वाले दो ठगों को पुलिस ने पकड़ा

## एसटीएफ के सीओ दीपक सिंह की टीम को मिली कामयाबी नौ लाख नकदी समेत अन्य सामान बरामद

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** एसजीपीजीआई के एसोसिएट प्रोफेसर को डिजिटल अरेस्ट करके लगभग 02 करोड़ रुपऐ की ठगी करने वाले गैंग के 02 सदस्यों को एसटीएफ ने गिरफ्तार किया है जबकि इस मामले में महिला समेत तीन लोगों को पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

एसटीएफ द्वारा पकड़े गये लोकेष जैन पुत्र कोमल सिंह, नि0 मूल पता 96 तम्बोली मोहल्ला झलरापाटन झालावाड़ राजस्थान व पवन जैन पुत्र अनिल कुमार जैन, नि0 कालदी देवरा, थाना बूँदी राजस्थान के रहने वाले हैं। इनके कब्जे से 9,91,000 तीन अदद मोबाइल फोन एक अदद चार पहिया वाहन बरामद हुआ है।






एसटीएफ, उत्तर प्रदेश को विगत काफी समय से सोषल मीडिया के माध्यम से कॉल करके स्वयं को पुलिस/ईडी/सीबीआई आदि वरिष्ठ पुलिस अधिकारी बताकर लोगों को डरा-धमकाकर ठगी करने वाले संगठित गिरोहों के सक्रिय होने की सूचनाएं प्राप्त हो रही थी। इस सम्बन्ध में एसटीएफ उ0प्र0 की विभिन्न टीमों/इकाईयों को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया था। जिसके क्रम मे दीपक कुमार सिंह, पुलिस उपाधीक्षक, को निर्देशित किया गया था। इसी क्रम में मुखबिर के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि स्वयं को पुलिस अधिकारी/सी0बी0आई0 अधिकारी बनकर ठगी करने वाले गिरोह के कुछ सदस्य शालीमार वन वर्ल्ड, शहीद पथ के पास मौजूद हैं, यदि जल्दी किया जाय तो पकड़े जा सकते हैं इस सूचना पर एसटीएफ ने मुखबिर की निषादेही पर उपरोक्त अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया, जिनके पास से उपरोक्त बरामदगी हुई। गिरफ्तार अभियुक्तों ने पछूताछ में बताया कि इन लोगों के गिरोह ने एसजीपीजी के एक डॉक्टर के मोबाईल नम्बर पर काल करके खुद को पुलिस/सीबीआई अधिकारी बताकर उन्हे डराते-धमकाते हुए उनकी व्यक्तिगत जानकारी लेकर उनके खाते से रुपए ट्रांसफर कराकर, गैंग के सदस्यों द्वारा अरेंज किये हुए अलग-अलग लोगों के खातों में रुपए ट्रांसफर कर दिये थे, इन लोगों के पास मिले रुपए उन्ही खातों से निकाल कर लाये थे, इन रूपयों को गिरोह के सदस्यों को देना था तथा फिर यह लोग आपस मे मिलकर रुपए बाँट लेते है। अभियुक्तों द्वारा बताये गये बैंक खाते, वालेट आदि की जानकारी व गिरोह के अन्य सदस्यों की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे हैं।

## पति ने पत्नी को इतना पीटा की फूट गयी आंख, मुकदमा दर्ज

**लखनऊ।** नगराम के शुकुलवा गांव निवासी युवक व उसकी पत्नी के बीच हुई कहासुनी के दौरान पति ने पत्नी की लाठी-डंडों से पीटकर पत्नी को लहूलुहान कर दिया मारपीट में महिला की आंख फूट गई। थानाध्यक्ष नगराम के अनुसार घायल महिला के पिता की तहरीर पर आरोपी पति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है। पिता के अनुसार घायल महिला को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। निगोहां के बदन खेड़ा गांव निवासी मंशाराम ने बताया कि लड़की प्रीति का विवाह 6 वर्ष पहले समेसी का मजरा शुकुलवा गांव निवासी अंजनी के साथ हुआ था जो शराब का लती है बीते गुरुवार को पति पत्नी के बीच हुए विवाद में अंजनी द्वारा उसकी लड़की को लाठी-डंडों से पीटकर अ जीएमसीबायधमरा कर बेहोश कर दिया था। मारपीट से प्रीति की दाहिनी आंख फूट गई है जिसे समेसी के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। थानाध्यक्ष नगराम विवेक चौधरी ने बताया कि दी गई तहरीर पर आरोपी पति अंजनी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

# खाकी पर स्टार लगा घूम रहा फर्जी दारोगा गिरफ्तार

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** चिनहट में अयोध्या हाईवे पर शनिवार सुबह खाकी वर्दी पर दो स्टार लगाकर घूम रहे फर्जी दरोगा को पुलिस ने दबोच लिया। आरोपी कार खरीदने एक कार शोरूम पहुंचा था। संदिग्ध दरोगा को पकड़ कर कोतवाली ले जाया गया। वहां पहुंच कर भी फर्जी दरोगा बाराबंकी में तैनात होने का दावा करता रहा। कड़ाई से पूछताछ पर आरोपी ने सच उगल दिया।




**दोस्त की वर्दी चुराई थी, बाजार से खरीदे स्टार :** इंस्पेक्टर अश्विनी चतुवेर्दी के मुताबिक बहराइच रामगांव निवासी सोमिल सिंह को पकड़ा गया। वह दरोगा की वर्दी पहनकर घूम रहा था। सोमिल ने वर्दी तो दरोगा की पहनी थी। मगर जूते काले पहने था। इस पर चौकी इंचार्ज जावेद को शक हुआ। सोमिल ने बताया कि वह बाराबंकी में तैनात है। उसने एक आईडी कार्ड भी दिखाया, जिस पर पीएनओ नम्बर लिखे होने के साथ सोमिल की फोटो भी थी। संदेह होने पर बाराबंकी पुलिस से सम्पर्क किया गया तो पता चला कि सोमिल सिंह नाम पुलिस में नहीं है। तस्दीक होने पर सोमिल ने भी कबूल दिया। आरोपी ने पुलिस को बताया कि उसका एक दोस्त सिपाही है, जो गौतमपल्ली थाने में तैनात है। सोमिल ने दोस्त की जानकारी बिना वर्दी चुरा ली थी। वह वर्दी लेकर लखनऊ आ गया। चारबाग की एक दुकान से स्टार खरीदे, जिन्हें वर्दी पर टांक लिया। इंस्पेक्टर के मुताबिक सोमिल शनिवार सुबह एक कार शोरूम गया था। उसने कार खरीदने की बात कही और शोरूम कर्मी से बात करते हुए ढाबे के पास पहुंचा था।

**काले जूतों से हुआ शक, पूछताछ पर दिखाई रौब:** आरोपी सोमिल ढाबे के पास खड़ा था। दरोगा की वर्दी के साथ उसने काले जूते पहने थे। पुलिस विभाग में सिपाही स्तर पर ही काले जूते पहनते हैं। दरोगा रैंक से भूरे रंग के जूते पहने जाते हैं। इस असमानता पर चौकी इंचार्ज जावेद का ध्यान गया। पूछताछ पर सोमिल ने दरोगा को ही अर्दब में लेने का प्रयास किया और हड़काते हुए कहा कि बाराबंकी में तैनात हूं।

**दरोगा बनकर कम कराना था दाम:** इंस्पेक्टर के मुताबिक आरोपी के पिता की मौत हो चुकी है। वह भी पुलिस विभाग में हेड कांस्टेबल थे। बीए पास करने के बाद सोमिल की नौकरी नहीं लगी। उसे वर्दी पहनने का शौक है। दो दिन पहले वह लखनऊ आया था। दोस्त की वर्दी चुराने के बाद शनिवार कार खरीदने के इरादे से शोरूम पहुंचा। इंस्पेक्टर ने बताया कि सोमिल के साथ शोरूम का सेल्समैन भी था। उससे पूछताछ हो रही है। सोमिल ने पुलिस को बताया कि कार शोरूम में वर्दी पहन कर जाने का उद्देश्य दाम कम कराना था।

## यूपी 112 की सेवाओं को लेकर जागरूकता अभियान

**लखनऊ।** यूपी-112 ने सामुदायिक पुलिसिंग के लिए जन-जागरुकता अभियान ₹एक पहल₹ के अंतर्गत शनिवार को 'संवाद श्रृंखला' कार्यक्रम शुरू किया। इस मौके पर राजधानी के विभिन्न स्कूल के बच्चों ने यूपी- 112 की विभिन्न सेवाओं और इनका उपयोग कब और कैसे करना है के बारे में जाना। नागरिकों से सीधे जुड़ने के लिए 'संवाद श्रृंखला' कार्यक्रम को शहर से लेकर कस्बे, गांव तक यूपी-112 नागरिकों के बीच लेकर जाएगा, ताकि नागरिक बेझिझक अपने और दूसरों की मदद के लिए 112 की सेवाएं ले सकें। कार्यक्रम का आयोजन शहीदपथ स्थित यूपी- 112 मुख्यालय में हुआ। दूसरों की समस्याओं के प्रति बने संवेदनशील एडीजी यूपी-112 नीरा रावत ने बताया कि कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों को दूसरों की समस्याओं के प्रति संवेदनशील बनने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

## सूचना

सूचित करना है कि मेरे पिता स्व. मुश्ताक अहमद अंसारी की मृत्यु 07-08-1975 को हो गई है। जिनका मृत्यु प्रमाण पत्र भूलवश पूर्व में नहीं बना है। जिसको आपत्ति हो वो सूचित करे। आफताब अहमद अंसारी पुत्र स्व. मुश्ताक अहमद अंसारी निवासी-के/48 कटरा, बारादरी, बाराबंकी।

**पूर्वोत्तर रेलवे**
**ई-निविदा सूचना सं0 DCE-BL-12-2024**
अधिशासी अभियन्ता/पुल/चालू लाईन/पूर्वोत्तर रेलवे/गोरखपुर भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु ई-निविदा आमन्त्रित करते है। **क्र. सं. : 1. ई-निविदा सं0:** DCE-BL-12-2024 **कार्य का विवरण :** पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मण्डल में ओ०डब्लू0 जी0, अन्डर स्लंग गर्डर, प्लेट गर्डर, कम्पोजिट गर्डर पुलों एवं आर०ओ०बी० का संलग्न विस्तृत सूची के अनुसार ट्राली रिफ्यूज, मैन रिफ्यूज, पाथवे एवं अन्य स्टील स्ट्रक्चर सहित रंगाई का कार्य। **अनुमानित लागत (रू.):** 2,10,61,263.82 **बयाने की राशि (रू.):** 2,55,300.00 **निविदा प्रपत्र का मूल्यः** शून्य **स्वीकृति पत्र जारी होने के तिथि से कार्य की समापन अवधिः** 09 (नौ) माह • ई-निविदा खुलने की तिथि दिनांक 02.10.2024 को 11.00 बजे • ई-निविदा की प्राप्ती की तिथि दिनांक 02.10.2024 को 10.59 बजे • ई-निविदा सूचना, योग्यता मापदण्ड, नियम एवं शर्तो का पूर्ण विवरण वेवसाईट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।
अधि0 अभि0/पुल/चा0ला0 गोरखपुर
मुजाधि/डबलू-240
ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें


गणेश महोत्सव के पहले दिन झूलेलाल वाटिका में सांस्कृतिक प्रस्तुति देते कलाकार


पूजा पंडाल में भजन प्रस्तुत करते गायक


गोमती नगर में बप्पा की आरती करते भक्तगण

# पंडालों में विराजे विघ्नहर्ता, गणपति बप्पा मोरया के लगे जयकारे

## सुबह से ही शहर के पंडालों में जुटने लगी भक्तों की भीड़, घरों व पंडालों में विधि-विधान से हुई मूर्ति स्थापना





वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सुखकर्ता दुःखहर्ता वार्ता विघ्नाची, नुरवी पुरवी प्रेम कृपा जयाची गणपति की आरती के साथ शनिवार को शहर के विभिन्न स्थानों में बने पंडालों में गजानन की मूर्ति की स्थापना की गई। गणपति बप्पा मोरया, जय गणेश जय गणेश के उद्घोष से पूरा वातावरण गूंज उठा, इसी के साथ दस दिवसीय गणेश उत्सव का आगाज हो गया। राजधानी में बने पंडालों में सुबह से ही भक्तों की भीड़ जुटने लगी थी। हर कोई गणपति बप्पा की एक झलक पाने के लिए आतुर दिखाई दे रहा था। भक्तों ने गजानन की मूर्ति स्थापना में शामिल होकर विधि विधान से पूजा अर्चना की और बप्पा के जयकारे लगाये। इस दौरान पूरा पंडाल भगवान गणेश की भक्ति में लीन नजर आया।

### मूर्ति स्थापना के साथ मनौतियो के राजा का हुआ स्वागत

**लखनऊ।** श्री गणेश प्राकट्य कमेटी की ओर से 19वां श्री गणेश महोत्सव शनिवार को झूलेलाल वाटिका निकट हनुमान सेतु के पास शुरू हुआ। कार्यक्रम की शुआत प्रातः 9:30 बजे विधिविधान से गणपति की मूर्ति स्थापना, श्रंगार एवं पूजन के साथ हुई। बनारस के पंडित कौशल पांडेय के सानिध्य मे अयोध्या वाराणसी के अन्य आचार्यों द्वारा मंत्रों के साथ मूर्ति स्थापना कराई। यजमान के रुप मे अखिलेश बंसल परिवार के साथ पूजन में हिस्सा लिया। मूर्ति स्थापना के समय पण्डाल गणपति बप्पा मोरिया के जयघोष से गूंज उठा। शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम कोलकाता के संजय शर्मा और लखनऊ के सिद्धू महाराज के निर्देशन में हुये। भजन की शुरुआत संजय शर्मा ने गणपति राखो मेरी लाज.., भजन से की। उसके बाद गौरी नन्दन तेरा वंदन.., सुनाया तो पण्डाल में बप्पा के जयकारे गूंज उठा। इसी क्रम में उन्होंने घर में पधारों गजानन.., और मेरे लाडले गणेश प्यारे प्यारे.., सुनाया। संरक्षक भारत भूषण गुप्ता ने बताया कि हर साल करीब 82 हजार चिट्ठियां लिखी जाने वाले बप्पा के दरबार में इस बार लाखों भक्तों के आने की उम्मीद है। इसके अलावा काफी संख्या मे दुकानें चाट, फास्ट-फ्रूड एवं आइस्क्रीम की दुकाने व उनके पसन्द की सामग्री भी मिलेगी। पण्डाल के बाहर महोत्सव का र्स्प दिया गया है। महिला एवं बच्चों के लिए विशेष प्रकार के झूले लगाए गए हैं। इसके अलावा फूड जोन, किड्स जोन, गेम जोन, शापिंग जोन, लाइव प्रोग्राम नृत्य नाटिका एवं भजन, सिंगर सेलेब्रिटी मुख्य आकर्षण है। महामंत्री सतीश अग्रवाल ने बताया कि श्रंगार एवं आरती प्रतिदिन प्रातः 10 बजे एवं सायं 6:00 बजे होगी। इसमें सभी श्रद्धालु भाग ले सकते हैं। इसके अलावा प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे एवं 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक तक मनौतियों के राजा के दर्शन होंगे। विगत वर्षो की भांति इस बार भी मनोतियों के राजा श्री गजानन के नाम चिट्ठी प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से सायं 6:00 बजे तक श्रद्धालु लिख सकते हैं।

**पल्टन छावनी में विराजे बप्पा:** पल्टन छावनी सेक्टर-ए सीतापुर रोड योजना कालोनी में सात दिवसीय चतुर्थ श्रीगणेश उत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। शनिवार सुबह पं. ज्ञानदेव बाजपेई ने मंत्रोच्चार, पूजन व गणपति बप्पा मोरया के जयकारों के बीच प्रथम पूज्य की प्रतिमा स्थापित करवाई। प्रतिदिन प्रातः 8 बजे व सांय 7 बजे आरती व भजन कीर्तन होगा। वहीं 12 सितंबर को भंडारा और 13 सितंबर को विसर्जन होगा। इस मौके पर श्रीकृष्ण कुशवाहा, अजय कुशवाहा, राजकुमार, मनीष पाल, महिपाल सिंह, संगीता, संध्या, कोमल, मिंटू, विजय, प्रियांशु, शम्भू शरण वर्मा सहित काफी संख्या में भक्त मौजूद थे।

**यहां भी विधि विधान से हुई गणपति की स्थापना:** श्री श्री सिद्धि विनायक सेवा समिति की ओर से गणेश महोत्सव पंडाल, पीली कोठी मौसमबाग में श्री श्री पीली कोठी के राजा की मूर्ति स्थापना मंत्रोच्चार के साथ की गयी। यहां पीली कोठी के राजा सात दिनों तक भक्तों को दर्शन देंगे। समिति के पुजारी ने बताया कि इन सात दिनों में सिंदूर, अभिषेक नृत्य संध्या होगी और ओडसी नृत्य डांडिया, राधा कृष्ण होली, माता की चौकी और सुंदर झांकिया सजायी जाएगीं। राजधानी के चारबाग आलमबाग चौक गोमतीनगर और इंदिरा नगर एवं महानगर में भी गणपति बप्पा विधि विधान से विराजे, और उनकी पूजा अर्चना की गयी।

**ऐशबाग में विराजे प्रथम पूज्य गणेश, हुआ विशेष शृंगार:** ऐशबाग जल संस्थान कालोनी की ओर से गणेश चतुर्थी के अवसर पर विशाल गणेशोत्सव एवं रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम संध्या का आयोजन ऐशबाग स्थित जल संस्थान शिव मंदिर में किया गया। इस अवसर पर गणपति राखो मेरी लाज पूरन कीजौ मेरे काज, गणपति बप्पा मोरया के जयघोष के बीच जल संस्थान शिव मंदिर परिसर में मंदिर के पुजारी ललित मिश्रा ने प्रथम पूज्य विघ्नहर्ता गणेशजी, शंकर पार्वती, संकट मोचन हनुमान एवं समस्त देवी देवताओं की वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधि विधान से पूजा अर्चना करके समिति के वरिष्ठ सदस्यों ने पंडाल में पांच दिनों के लिए गणेश प्रतिमा स्थापित की गई।

**आलमबाग में मनौती के राजा का उत्सव शुरू:** जय हनुमान ज्ञान कल्याण समिति की ओर से दस दिवसीय गणपति उत्सव समारोह शनिवार से आलमबाग के पूरन नगर में शुरू हुआ। यहां सुबह विधि-विधान के साथ मनौती के राजा की मूर्ति स्थापित की गई। मंगल आरती के बाद प्रसाद वितरित हुआ।

**पत्रकारपुरम में विधिविधान से पधारे गणेश जी:** गोमती नगर के पत्रकारपुरम सहारा प्लाजा पूजा पंडाल में विधि विधान से श्री गणेश की स्थापना हुई। व्यापारियों ने भगवान की पूजा अर्चना की। दोपहर में प्रसाद का वितरण हुआ। शाम सात बजे महाआरती के बाद विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए। इनमें भगवान शंकर और गणेश जी की झांकी आकर्षण का केन्द्र रही। वहीं कलाकारों ने सुंदर भजन भी गाए।

**मवैया में विशेष शृंगार कर पूजन:** प्रथम पूज्य और रिद्धी सिद्धी के दाता भगवान गणेश का धूमधाम से पूजन किया गया। गणपति पूजा समिति की ओर से वैदिक मंत्रोच्चार के संग गणपति प्रतिमा की स्थापना हुई। लोगों ने मंदिरों में पार्वती नंदन को लड्डू, मोदक का भोग लगाकर जयकारे लगाए। साथ ही पांच दिवसीय गणेश महोत्सव की शुरूआत हो गई। लोगों ने प्रथम पूज्य का गेंदे, मोगरे, गुलाब से विशेष शृंगार किया।

## मंत्र उच्चारण के साथ स्थापित हुए भगवान गणेश

**लखनऊ।** हीवेट रोड स्थित श्री श्री गणेश उत्सव पूजा शनिवार को धूमधाम से शुरू हो गई। शिवाजी मार्ग के राजा के दर्शन करने के लिए सुबह से भक्तगण आने शुरू हो गए थे। 6 फीट के गणपति बप्पा को पीपल के वृक्ष में मंत्र उच्चारण के साथ स्थापित किए गए। महोत्सव आयोजक गणेश शंकर पवार ने बताया ऑस्कर योग साई कृपा सेवा संस्थान के तत्वाधान में श्री श्री गणेश उत्सव क्षेत्र में आकर्षण का केंद्र रहता है।

स्थानीय नागरिक यहां की श्री गणपति महाराज को शिवाजी मार्ग का राजा के नाम से जानते हैं। उत्सव में सुबह से आचार्य आनंद पांडे स्वामी हरि चरण दास वेद विद्यापीठ नाका हिंडोला, पंडित आलोक अवस्थी, पंडित शौर्य दीक्षित तीन पंडित ने



मंत्रों उच्चारण के साथ विभिन्न पूजा कार्यक्रम संपन्न कराए। उत्सव का शिवाजी मार्ग लखनऊ व्यापार मंडल के अध्यक्ष गोपाल दीक्षित नारियल फोड़ कर शुभारंभ किया। आस्कर योग साई कृपा सेवा संस्थान की योग शिक्षिका सुमन पवार ने पूजा अर्चना के साथ शिवाजी मार्ग के राजा की विधि विधान से स्थापना की।

## बप्पा को लगा 11 किलो केसरिया मोदक का भोग

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मां सिद्धेश्वरी सेवा कुटुंब की ओर से 11 दिवसीय गणेश महोत्सव का सेक्टर बी अलीगंज स्थित मां सिद्धेश्वरी मंदिर परिसर में शनिवार को विघ्नहर्ता गणेश जी की मूर्ति स्थापना के साथ शुरू हुआ। कलकत्ता से लाई गई प्रतिमा की स्थापना आचार्य शिवानंद शास्त्री द्वारा विधि विधान की कराई गई। जिसमे बप्पा को 11 किलो केसरिया मोदक, अखरोट, फलों का, केसरिया दूध बूंदी लड्डू का भोग लगाया गया। स्थापना पूजन के मुख्य जजमान भूपेश बंसल, व वीना गंभीर और उषा गंभीर रहे। समिति के महामंत्री मनीष अग्रवाल, ने बताया कि गणेश उत्सव 17 सितंबर तक चलेगा शाम को भगवान गणेश की आरती पूजन के बाद संगीता अग्रवाल, अनुभा अग्रवाल, मंजू बंसल आदि महिलाओं द्वारा भजन संध्या का



आयोजन किया गया। जिसमे घर में पधारो गजानन जी म्हारे घर में पधारो जैसे भजनों से बप्पा को प्रसन्न किया। अध्यक्ष कृष्ण गोपाल सांवरिया ने बताया कि बप्पा के दरबार में भक्तों को मोदक का प्रसाद बांटा गया व भगवान गणेश बेटी बचाओ और महिला सुरक्षा का संदेश देगी। विसर्जन कार्यक्रम 17 सितंबर को खाटू श्याम घाट पर प्रात 9:00 बजे होगा। आज के कार्यक्रम में समिति के अध्यक्ष कृष्ण गोपाल सांवरिया, मंदिर प्रभारी अशोक सांवरिया, कोषाध्यक्ष योगी अग्रवाल, पुलकित अग्रवाल, विक्की अग्रवाल शामिल हुए





## धूमधाम से विराजमान हुए 25वें गणपति

बड़ा शिवाला चौपटिया में श्री शुभ संस्कार समिति द्वारा आयोजित श्री गणेश जन्मोत्सव में आज 25 में गणपति दोपहर में धूमधाम से विराजमान हुए। समिति के अध्यक्ष लक्ष्मीकांत पांडे के अनुसार गोमती का आंचल गंदा ना हो इस कारण से मेटल की मूर्ति विराजमान कराई गई है। महामंत्री रिद्धि किशोर गौड़ के अनुसार पूरे देश में बेटियों के साथ बलात्कार और हत्या जैसे मामले रोज हो रहे हैं इसी के लिए सामाजिक चेतना जगाने हेतु इस बार गणपति पूजन बेटी बचाओ के अभियान के अंतर्गत किया जा रहा है। मूर्ति स्थापना के समय आचार्य गिरजा शंकर दीक्षित, आशीष अग्रवाल, संदीप तिवारी, राजकुमार मेहरोत्रा, दिनेश टंडन, विपिन अवस्थी, कपिल गौड़, पंडित कुशल गौड़, राकेश कश्यप, करन गौड़, नीरा गर्ग सहित बड़ी संख्या में भक्त उपस्थित है। शाम को 10 यजमानों द्वारा वैदिक रीति से गणपति पूजन संपन्न किया गया एवं गणेश जी के 108 नाम से विशेष आराधना की गई।

# आध्यात्मिक चेतना का महापर्व पर्यूषण पर्व आज से

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** जैन धर्म में शाश्वत पर्व पर्युषण पर्व दस लक्षण धर्म के रूप में मनाने की परंपरा आदिकाल से चली आ रही है। इस बार यह पर्व 8 सितंबर से 18 सितंबर तक लखनऊ के सभी मंदिरों में बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा। आज प्रातः इंदिरा नगर स्थित 1008 भगवान महावीर जैन मंदिर मे विराजमान सभी मूर्तियों का मंजन (साफ सफाई का कार्य) बड़े ही जोश के साथ किया गया। सभी भक्तों ने भजनों को गाते हुए मूर्तियों की साफ सफाई मे लगे हुए थे। छोटे छोटे बच्चों के द्वारा भी इस कार्य मे बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया गया।

इस बार लखनऊ जैन समाज के लिए यह पर्व बड़ा महत्वपूर्ण है क्योंकि जैन गुरु श्री सुप्रभ सागर जी एवं प्रणत सागर जी महाराज के सानिध्य में काकोरी में स्थित जैन समाज का तीर्थ स्थल पारसधाम वहां पर जैन गुरु के सानिध्य में यह 10 दिनों में एक शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिसमें भारतवर्ष से अनेक प्रांतो से श्रद्धालूगढ़ आकर के इसमें शिरकत करेंगे। इस धार्मिक शिविर में 13 वर्ष से 73 वर्ष आयु वाले महिला, पुरुष सहभागिता ले सकते हैं और शिविरार्थियों के कुछ नियम रहेंगे। 10 दिन के लिए घर का त्याग करना होगा। मोबाइल, अंगूठी, चेन, घड़ी, पैसा आदि का भी त्याग करना पड़ेगा। दिन में मात्र एक समय भोजन करना होगा। रात्रि में समस्त खाद्य एवं पेय पदार्थ का त्याग करना होगा। इन 10 दिनों में 10 धर्म की पूजा की जाती है।

**उत्तम क्षमा :** क्रोध के कारण जीव बैर भाव नहीं छोड़ पाता है दूसरों के दोषो पर, अप्शब्दों पर ध्यान ना देकरके जो स्वभाव में नियम पूर्वक क्षमा धारण करता है वही इस धर्म को पालन कर पाता है।

**उत्तम मार्दव:** अहंकार मानव जीवन का घातक शत्रु है इसलिए मान को कषाय रूपी प्रणति कहा गया है मन में कोमलता और व्यवहार में नर्मता रखने वाला व्यक्ति मार्दव धर्म का पालन करता है।

**उत्तम आर्जव :** ऋजुता अर्थात सरलता होने पर आर्जव धर्म के भाव बनते हैं। माया, छलकपट जीवन में हमेशा दुःख देते हैं।

**उत्तम शौच:** मन की शुद्धि के लिए मन, वचन काय की एकता जरूरी है।

**उत्तम सत्य :** मिथ्यात्व को छोड़कर आत्मा के लिए हितकारक वचनों को बोलना उत्तम सत्य धर्म है।।

**उत्तम संयम :** सम्यक प्रकार से सभी तरह के संकल्प - विकल्पों को हटाकर षट काय के जीवों की रक्षा करना तथा मन और इंद्रियों को वश में करने की वृत्ति को संयम कहा गया हैं।

**उत्तम तप :** इच्छाओं के निरोध को तप कहा गया है। जिस प्रकार अग्नि में तपाये जाने पर स्वर्ण पदार्थ शुद्ध रूप में आ जाता है उसी प्रकार तप करने से अष्ट कर्मों का नाश होकर मोक्ष प्राप्त होता है। अतः मानव जीवन में व्यक्ति तप कर कर्मों का छय करता है।

**उत्तम त्याग :** आत्मा के हित के लिए तथा दूसरों की भलाई के उद्देश्य के लिए औषधि, शास्त्र अभय और आहार दान देने का व्यवहार त्याग है और राग द्वेष का त्याग उत्तम त्याग धर्म है।

**उत्तम आकिंचन्य:** आत्म द्रव्य के अतिरिक्त जीवन में कुछ भी कार्यकारी नहीं है अतः परपदार्थों में ममत्व भाव का त्याग उत्तम आकिंचन्य धर्म का पालन है।

**उत्तम ब्रह्मचर्य :** देहाशक्ति से ऊपर उठकर शुद्ध बुद्धि निरंतर आत्मा का ध्यान करते हुए उसी में स्थिर हो जाना उत्तम ब्रह्मचर्य है। पर्यूषणज महापर्व समभाव, क्षमा, त्याग और वैराग्य भाव की शिक्षा देकर मानव को स्वभाव में स्थिर करता है। इसलिए पर्युषण पर्व आत्मा के हितकारी हैं।

**क्षमा वाणी पर्व:** अंत में क्षमा वाणी पर्व का आयोजन किया जाता है जिसमें जैन समाज के सभी लोग क्षमावाणी की पूजा करते हैं तत्पश्चात मंदिर में सभी लोग आपस में गले लगते हैं एवं छोटे बड़े के पैर छूते हैं और क्षमा भाव की याचना करते हैं। इस दिन यह देखा गया है कि साल भर के अंदर किए गए कार्यों के लिए आपस में क्षमा मांगने के पश्चात लोगों का मन एक दूसरे के प्रति निर्मल होता है और वर्षों की कटुता भी आपस में दूर होती है। इस पर्व के आने से पूर्व सभी मंदिरों में साफ सफाई मूर्तियों की साफ सफाई एवं सभी शास्त्रों की देखरेख करी जाती है और लखनऊ के 12 जैन मंदिरों में इस बार सभी दोनों में विशेष पूजा अर्चना भी होगी।

# नृत्य नाटिका में दिखा मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम के जीवन का आदर्श





वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** आर्टस एण्ड कल्चरल सोसाइटी, ग्रुप, कल्याणपुर लखनऊ के तत्वाधान में आयोजित संस्कृति मंत्रालय भारत के सहयोग से रामायण पर आधारित नृत्य नाटिका का मंचन मोहन सिंह बिष्ट सभागार में आयोजित किया गया। जिसका उद्घाटन दीप प्रज्वलन डा. आर बी सिंह, अध्यक्ष क्रीड़ा भारती, अवध प्रांत, उ.प्र. के कर कमलो द्वारा किया गया। अध्यक्ष भरत सिंह बिष्ट द्वारा अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ, प्रतीक चिन्ह एवं अंगवस्त्र भेंट कर किया गया।

नृत्य नाटिका का निर्देशन गुरू कु. कामना बिष्ट, सहायक निर्देशन श्रीमती शोभा पटवाल एवं कीर्तिका रावत द्वारा किया गया। नृत्य नाटिका में अंगद रावण का संवाद श्री पूरन सिंह जीना द्वारा स्व रचित है। कार्यक्रम का संचालन अध्यक्ष श्री भरत सिंह बिष्ट द्वारा किया गया। अध्यक्ष भरत सिंह बिष्ट ने कहा कि मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के जीवन आदर्शों को नृत्य नाटिका के जरिए आर्टस एण्ड कल्चरल सोसोइटी के रंगमण्डल कलाकारों ने मंच पर प्रस्तुत कर सभागार का माहौल भक्तिमय कर दिया। नृत्य एवं संगीत से सराबोर रामायण के प्रसंगों को 21 कलाकारों ने मंच पर कथक व लोकप्रिय लोक नृत्य तथा संवाद में पिरोकर दर्शकों के सामने पेश किया तो तालियों की गडगड़ाहट गूंज उठी। नृत्य नाटिका का प्रारम्भ श्री रामचन्द्र के जीवन से प्रारम्भ की गयी, उसके बाद केवट प्रसंग, सुर्पणखा एवं राम लक्ष्मण संवाद, श्रीराम जी मृग की तलाश में, सबरी प्रसंग, सीता हरण, अशोक वाटिका में हनुमान जी की सीता मांता से भेंट तथा अंगद रावण संवाद, राम रावण युद्ध, अयोध्या आगमन पर स्वागत गीत एवं पारम्परिक लोकनृत्य प्रस्तुत किया गया। अंतिम प्रसंग प्रभु श्रीराम जी की आरती एवं राज्याभिषेक। नृत्य नाटिका का आर्कषण अंगद रावण संवाद रहा जिसमें अंगद की भूमिका में महेन्द्र सिंह नेगी तथा रावण की भूमिका में श्री विजय कुमार सिंह बिष्ट ने दर्शको का ध्यान आकृर्षित कर उन्हें मंत्रमुग्ध कर दिया। नृत्य नाटिका के मंचन का कुशल निर्देशन कर रही कामना बिष्ट ने कहा कि मंचित नृत्य नाटिका में मंच पर कलाकारों ने भगवान राम के जीवन आदर्श व चरित्र को संवाद, गीत, संगीत व नृत्य विधाओं के मनमोहक संगत से पेश किया। कलाकारों ने क्रोंच, वध और देवासुर संग्राम, भगवान राम के राज्याभिषेक व वनसास सहित अन्य प्रसंगों को पेश किया। इसमें राम के जन्म, गुरुकुल में भगवान का प्रवेश, सुर्पणखा व सीता हरण देख दर्शक भावुक हो उठे। तो वहीं, राम-सीता मिलन, सीता स्वयंवर, पंचवटी और रावण के दरबार के दृश्यों संग श्री राम और रावण के बीच युद्ध ने दर्शकों को कुर्सी से बांधे रखा। नृत्य नाटिका में राम के किरदार में रिया सिंह व सीता का किरदार कृतिका रावत ने शानदार तरीके से निभाया।

# एसएनए के प्रो. जयंत व बीएनए के अध्यक्ष बने रतिशंकर

## संस्कृति विभाग की 5 संस्थाओं के अध्यक्ष-उपाध्यक्ष व सदस्य नामित







वरिष्ठ संवाददाता (vol)

### डा. सुनील को ललित कला अकादमी की कमान

राज्य ललित कला अकादमी में अध्यक्ष पद पर वाराणसी के डा. सुनील कुमार विश्वकर्मा, उपाध्यक्ष पद पर सीतापुर के गिरीश चंद्र को मनोनीत किया गया है। मथुरा के अनिल सोनी, गोरखपुर के डा. संदीप श्रीवास्तव, आगरा की डा. आभा सिंह, कानपुर के डा. शुभम शिवा और लखीमपुर खीरी के अभिनव दीप को सदस्य मनोनीत किया गया है।

### कुमकुम बिरजू महाराज कथक संस्थान की अध्यक्ष

बिरजू महाराज कथक संस्थान के अध्यक्ष पद पर लखनऊ की कुमकुम धर, उपाध्यक्ष पद पर गोरखपुर के डा. मिथिलेश तिवारी मनोनीत किए गए हैं। लखनऊ के अनुज मिश्रा, मेरठ की रुचि बलूनी, वाराणसी की सोनी सेठ, लखनऊ की सुरभि सिंह, चित्रकूट के डा. गोपाल मिश्रा सदस्य बनाए गए हैं।

**लखनऊ।** संस्कृति विभाग ने उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी, भारतेंदु नाट्य अकादमी, उत्तर प्रदेश राज्य ललित कला अकादमी, उत्तर प्रदेश लोक एवं जनजाति संस्कृति संस्थान और बिरजू महाराज कथक संस्थान के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और गैर सरकारी सदस्यों को नामित किया है।

इनका कार्यकाल पदभार ग्रहण करने की तिथि से तीन वर्ष के लिए होगा। इनके मनोनयन के संबंध में शनिवार को प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति मुकेश कुमार मेश्राम ने आदेश जारी कर दिया। इस दौरान पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी है। उन्होंने बताया कि संस्कृति विभाग के विभिन्न संस्थानों में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सदस्य नामित किए जाने से कार्य की गुणवत्ता के साथ व्यापकता प्राप्त होगी। इससे संगीत, कला, नृत्य, ललित, नाट्य, गायन, वादन, लोककला, जनजातीय नृत्य सहित अन्य कलाओं व संस्कृति के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश और तेजी से विकास करेगा। जयवीर सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी के अध्यक्ष पद पर प्रयागराज के प्रो. जयंत खोत, उपाध्यक्ष पद पर खीरी की विभा सिंह मनोनीत की गई हैं। इसके अलावा वाराणसी के डा. ज्ञानेश चंद्र, कानपुर की कविता सिंह, अंबेडकर नगर की उपमा पांडेय, जौनपुर की ज्योति सिन्हा, महाराजगंज के अमित जायसवाल, मुरादाबाद के राकेश जायसवाल, प्रयागराज की ज्योति मिश्रा, अयोध्या के प्रभाकर मौर्य, कासगंज के डा. सुभाष चंद्र दीक्षित, लखनऊ के श्रीकांत शुक्ला, वाराणसी के ललित कुमार और बाराबंकी की सरोज रावत को सदस्य मनोनीत किया गया है।

भारतेंदु नाट्य अकादमी में अध्यक्ष के पद पर वाराणसी के डा. रतिशंकर त्रिपाठी को मनोनीत किया गया है। वाराणसी के ही दिनेश श्रीवास्तव, फर्रुखाबाद के सुरेंद्र कुमार पांडेय, कानपुर के ओमेंद्र कुमार वर्मा, अलीगढ़ के आलोक शर्मा, गोरखपुर के मानवेंद्र त्रिपाठी को सदस्य मनोनीत किया गया है।

**लोक एवं जनजाति संस्कृति संस्थान के सदस्य नामित:** उत्तर प्रदेश लोक एवं जनजाति संस्कृति संस्थान के सदस्य पद पर गोरखपुर की डा. कुमुद सिंह, आगरा के नरेंद्र पाठक, महोबा के जग प्रसाद तिवारी व बेनी प्रसाद तिवारी, बलरामपुर के ब्रजभान मरावी, लखनऊ के सुरेश प्रसाद कुशवाहा को मनोनीत किया गया है। उन्होंने बताया कि मनोनीत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और गैर सरकारी सदस्यों को वर्ष 2014 में जारी शासनादेश के अनुसार सुविधाएं अनुमन्य होंगी।

## डीआरएम ने किया वाराणसी जं. (कैंट) स्टेशन का निरीक्षण



**लखनऊ।** उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल के मण्डल रेल प्रबंधक एस. एम. शर्मा शुक्रवार को निरीक्षण कार्यक्रम के तहत वाराणसी जं ( कैंट ) स्टेशन पहुंचे। अपने इस कार्यक्रम के तहत उन्होंने मंडल के अन्य अधिकारियों के साथ वाराणसी जं. सहित अन्य निकटवर्ती स्टेशनों का गहन निरीक्षण किया तथा इन स्टेशनों पर चल रहे विकास कार्यों की प्रगति की जानकारी प्राप्त की।

आज के इस निरीक्षण में सबसे पहले मंडल रेल प्रबंधक ने वाराणसी जं. पर स्थित हेल्थ यूनिट में पहुंचकर वहां की व्यवस्थाओं को परखा तथा पौधारोपण किया। इसके बाद उन्होंने स्टेशन के परिसर का निरीक्षण किया और उसके उपरांत प्लेटफार्म संख्या 05 एवं लाइन संख्या 05 पर निर्माणाधीन कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने विश्रामालय, टीटीई लॉबी, बुकिंग ऑफिस, आरक्षण कार्यालय, आरपीएफ कार्यालय सहित अन्य ऑफिसों का निरीक्षण किया तथा स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा से संबंधी स्थलों को अधिक से अधिक उपलब्ध करने की बात कही। निरीक्षण को आगे बढ़ाते हुए उन्होंने वाराणसी से जिवनाथपुर के मध्य विंडो ट्रेलिंग करते हुए रेलपथ की संरक्षा को परखा एवं व्यासनगर स्टेशन पर पहुंचकर वहां गुड्स शेड एवं अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत किए जाने वाले निर्माण कार्यों को जांचा। इस निरीक्षण के दौरान उन्होंने वाराणसी जं. स्टेशन पर उपस्थित मीडिया कर्मियों के साथ संवाद भी किया तथा सायंकाल जिला प्रशासन एवं रेलवे के मध्य आयोजित होने वाली मीटिंग में सम्मिलित हुए। इस निरीक्षण में अपर मंडल रेल प्रबंधक वाराणसी लाल जी चौधरी तथा निर्माण विभाग के अधिकारियों सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## ऋषि पंचमी का व्रत आज

लखनऊ। हर साल ऋषि पंचमी भाद्रपद शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को मनायी जाती है, जो ऋषियों को समर्पित एक विशेष व्रत है। पूरे देश में आठ सितंबर के दिन श्रद्धालु सप्त ऋषियों की अराधना का व्रत ऋषि पंचमी मनाएंगे। पंडित सूर्यमणि पांडेय ने बताया कि ऋषि पंचमी का व्रत महिलाओं द्वारा विशेष रूप से मनाया जाता है लेकिन, इसे पुरुष भी कर सकते हैं। इस दिन सप्त ऋषियों - कश्यप, अत्रि, भारद्वाज, वशिष्ठ, गौतम, जमदग्नि, और विश्वामित्र की पूजा की जाती है। ये सात ऋषि ब्रह्मा, विष्णु और महेश के अंश माने जाते हैं। ये ही वेदों और धर्मशास्त्रों के रचयिता माने जाते हैं। माना जाता है कि इस व्रत को करने से सभी प्रकार के पापों से मुक्ति मिलती है और जीवन में सुख-शांति आती है। दृक पंचांग के अनुसार, इस साल भाद्रपद माह शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि का आरंभ 7 सितंबर को शाम 05:37 मिनट पर होगा और 8 सितंबर, 2024 को सायं 07:58 मिनट पर समाप्त होगा। इसलिए उदया तिथि के अनुसार, 8 सितंबर को ऋषि पंचमी का व्रत रखा जाएगा। आचार्य पप्पू पांडेय ने बताया कि इस दिन श्रद्धालु स्नान करके शुद्ध वस्त्र धारण करते हैं। फिर सप्त ऋषियों की प्रतिमा या चित्र के सामने दीप जलाकर पूजा-अर्चना करते हैं।

# ओरिएंटेशन वर्कशॉप कलात्मक सृजनशीलता का उत्सव

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** पिछले तीन दिनों से वास्तुकला एवं योजना संकाय, डॉ ए पी जे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय टैगोर मार्ग में ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस ओरिएंटेशन कार्यक्रम में वास्तुकला के प्रथम वर्ष के सभी छात्र छात्राओं ने भाग लिया। जिसमे समस्त छात्रों को वास्तुकला एवं दृश्य कला के विभिन्न माध्यमों की बारीकियों को अलग अलग विधाओं से रूबरू कराया गया।

भूपेंद्र कुमार अस्थाना ने बताया कि इस श्रृंखला में शनिवार को कला कार्यशाला का आयोजन हुआ। जिसमें टेराकोटा प्लेट (मिट्टी के बने तश्तरियों) पर पेंटिंग, क्यूब आर्ट और मिनिमल आर्ट जैसे तीन विधाओं में कार्यशाला सम्पन्न हुई। कला शिक्षक विषय विशेषज्ञ के रूप में गिरीश पांडेय, धीरज यादव, रत्नप्रिया और शुभा त्रिपाठी ने तीनों माध्यमों में छात्रों को जानकारी दी और छात्रों से लगभग 90 कलाकृतियां तैयार कराईं। कला विशेषज्ञों की उपस्थिति में वास्तुकला के प्रथम वर्ष के छात्रों ने इन तीनों कला माध्यमों में कलाकृतियों का सृजन किया। समस्त छात्रों को तीन समूहों में विभाजित कर उन्हें एक एक माध्यम में काम करने के लिए बताया गया।

प्रथम समूह के छात्रों ने टेराकोटा प्लेट (मिट्टी के बने तश्तरियों) पर सफेद रंग से चित्रों का निर्माण किया। वहीं दूसरे समूह के छात्रों ने लकड़ी से बने वगार्कार आकृति पर ऐक्रेलिक रंगों से चित्रों का निर्माण किया गया साथ ही कहीं कहीं स्टैंसिल माध्यम से भी चित्र उकेरे गए। साथ मे तीसरे समूह में छात्रों ने कला के मिनिमिलिस्टिक आर्ट के शैली पर आधारित चित्रों का निर्माण किया। इस विधा में न्यूनतम रंग, रेखा एवं आकार तथा वस्तुओं का प्रयोग करते हुए अधिक से अधिक भावनाओं की अभिव्यक्ति की जाती है। मिनिमल आर्ट के लिए छात्रों ने 10-12 इंच के कैनवस पर कुछ प्राकृतिक तत्वों पेड़ो की छोटी छोटी टहनियाँ, फूल, पत्तियों, मिट्टी आदि को चिपकाकर कृतियाँ तैयार की। छात्रों ने कैनवस, टेराकोटा, लकड़ी जैसे माध्यमों पर रंगीन रंग रेखाओं से भावनाओ की स्वच्छंदता को आकार प्रदान करना सीखा। सभी छात्र छात्राओं ने बड़े ही तन्मयता, रुचि, उत्साह व उमंग के साथ इस कला कार्यशाला में भागीदारी की। संस्था के कला शिक्षक व मूर्तिकार श्री गिरीश पांडेय एवं चित्रकार श्री भूपेंद्र कुमार अस्थाना, धीरज यादव, रत्नप्रिया व शुभा त्रिपाठी ने इस कार्यक्रम का कुशलतापूर्वक संचालन किया। प्रथम वर्ष के छात्र छात्राओं का कहना था कि आज का पूरा दिन कला सृजनात्मक और उत्साहपूर्ण रहा। वास्तुकला एवं योजना संकाय की अधिष्ठाता डॉ वंदना सहगल और विभागाध्यक्ष प्रो रितु गुलाटी ने इस कला कार्यशाला में प्रथम वर्ष के छात्रों द्वारा किए गए कार्यों की प्रसंशा की और कहा की इस प्रकार के कार्यशालाओं से सृजनात्मक क्षमता का विकास होता है।

# आरपीएफ महानिदेशक ने देश के वीर सपूतों को दी श्रद्धांजलि

**लखनऊ।** रेलवे सुरक्षा बल के महानिदेशक मनोज यादव के नेतृत्व में विभिन्न राज्य पुलिस और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) का प्रतिनिधित्व करने वाले पुलिस अधिकारियों के 28 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने लद्दाख स्थित हॉट स्प्रिंग्स मेमोरियल में एकत्र होकर स्मारक पर बलिदानियों को श्रद्धांजलि दी । इस अवसर पर प्रतिनिधि मंडल के उपनेता एन. प्रकाश रेड्डी डीआइजी तेलंगाना , उत्तर प्रदेश पुलिस, आईटीबीपी, आईटीबीएफ और भारतीय सेना के वीर अधिकारी और जवान , बलिदानियों को सलामी देने के लिए पुलिस दल में शामिल हुए।

पुलिस प्रतिनिधिमंडल को 86 वर्षीय वयोवृद्ध और जीवित किंवदंती और गश्ती दल के सदस्य सोनम दोरजे से मिलने का भी सम्मान मिला, जो 21 अक्टूबर 1959 के दौरान चीनी सैनिकों के खिलाफ बहादुरी से खड़े थे, जहां उन्हें पकड़ लिया गया था। उनका लचीलापन और साहस इतिहास का एक प्रेरक अध्याय बना हुआ है।

समुद्र तल से 15,400 फीट की ऊंचाई पर वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के पास ऊबड़-खाबड़ और दुर्गम इलाके में स्थित, यह स्थल उन दस सीआरपीएफ जवानों के ऐतिहासिक और वीरतापूर्ण बलिदान का प्रमाण है, जिन्होंने राष्ट्र की रक्षा करते हुए 21 अक्टूबर, 1959 को अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। पूर्वी लद्दाख के बीहड़ और उजाड़ इलाके में स्थित यह स्मारक भारतीय पुलिस बलों के लिए एक पवित्र स्थल रहा है, जहाँ इन बहादुर अधिकारियों की याद में हर साल श्रद्धांजलि दी जाती है। यह समारोह, जो 1960 में स्मरण के संकेत के रूप में शुरू हुआ था, देश भर में सेवारत और सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारियों के लिए एक अत्यधिक सम्मानित परंपरा बनी हुई है।

## एलपीएस सेक्टर-आई ने लहराया जीत का परचम

**लखनऊ।** केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद की अगुवाई में दिनांक 7 सितम्बर से 10 सितंबर 2024 तक होने वाला चार दिवसीय टूर्नामेंट सीबीएसई क्लस्टर-4 खो-खो टूर्नामेंट 2024 का उद्घाटन विद्यालय लखनऊ पब्लिक स्कूल ( सीपी सिंह फाउन्डेशन ) की ए-ब्लॉक, साउथ सिटी शाखा में दिनांक शनिवार को हुआ। विद्यालय शाखा में मुख्य अतिथि के रूप में सीबीएसई के क्षेत्रीय अधिकारी ललित कुमार कपिल ने किया। लखनऊ पब्लिक स्कूल के प्रबंधक लोकेश सिंह, निदेशिका रश्मि पाठक एवं एलपीएस साउथ सिटी शाखा के प्रधानाचार्य शेखर शर्मा ने मुख्य अतिथि का स्वागत पुष्प-गुच्छ भेंटकर किया। खो-खो टूर्नामेंट-2024 में विभिन्न विद्यालयों से आयीं। कुल 81 टीमों ने अपनी प्रतिस्पर्धा दर्ज की। उद्घाटन के प्रथम दिन मैच में कन्नौज पब्लिक स्कूल का मुकाबला सुदिती ग्लोबल एकेडमी से हुआ, इसके बाद चार और रोमांचक मुकाबले हुए। मुख्य आकर्षणों में, लखनऊ पब्लिक स्कूल, सेक्टर-आई का मुकाबला पंडित बाबूराम पांडे अकादमी, औरैया से हुआ जिसमें एलपीएस -सेक्टर-आई ने जीत का परचम लहराया। इस अवसर पर अतिथि केंद्रीय विद्यालय संगठन के पूर्व डिप्टी कमिश्नर अजय पंत, लखनऊ पब्लिक स्कूल की साउथ सिटी शाखा के प्रधानाचार्य शेखर शर्मा समेत सभी शाखाओं के प्रधानाचार्य, उप-प्रधानाचार्य, इंचार्ज समेत कई शिक्षकगण उपस्थित थे।

# 16.79 करोड़ रुपये से संवर रहा है बलरामपुर स्टेशन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** गोण्डा-गोरखपुर लूप लाइन रेल खंड पर स्थित बलरामपुर स्टेशन एक प्रमुख रेलवे स्टेशन है। अमृत स्टेशन योजना के अन्तर्गत 16.79 करोड़ रुपये की लागत से इस स्टेशन को पुनर्विकसित किया जा रहा है। इस स्टेशन से प्रतिदिन लगभग 800 यात्रियों का आवागमन होता है। स्टेशन पर यात्रियों के आवागमन हेतु 12 जोड़ी एक्सप्रेस तथा सवारी गाड़ियों का संचालन प्रतिदिन हो रहा है।

बलरामपुर स्टेशन के पुनर्विकास के अन्तर्गत उन्नत यात्री सुविधा के प्रावधान के साथ स्टेशन भवन को नया स्वरूप दिया जा रहा है। इसके अन्तर्गत स्टेशन के मुख्य प्रवेश द्वार के सकुर्लेटिंग एरिया के विकास तथा स्थानीय कला एवं संस्कृति को समाहित करते हुये स्टेशन भवन को आकर्षक स्वरूप दिया जा रहा है। प्लेटफॉर्म के उच्चीकरण एवं विस्तार तथा स्टेशन परिसर में उन्नत लाइटिंग, कोच गाइडेंस सिस्टम, ट्रेन डिस्प्ले बोर्ड, डिजिटल घड़ियाँ, सोलर प्लांट, वाटर कूलर, एयर कंडीशनर तथा विभिन्न यात्री सुविधाओं से सम्बन्धित ग्लोसाइन बोर्ड, एल.ई.डी. स्टेशन नाम पट्टिका, स्टेशन पर 02 यात्री प्रतीक्षालय एवं 06 वाटर बूथ का निर्माण तथा शौचालयों का आधुनिकीकरण का कार्य तेजी से किया जा रहा है। इसके अन्तर्गत मुख्य प्रवेश द्वार के सकुर्लेटिंग एरिया, रोड ड्रेनेज का 80 प्रतिशत, पाथ-वे एवं लैंडस्कैपिंग का कार्य 60 प्रतिशत तथा वाटर बूथ का 90 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है साथ ही प्लेटफॉर्म विस्तार, पी.पी. शेल्टर एवं यात्री प्रतिक्षालय का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। इस स्टेशन पर विभिन्न यात्री सुविधाओं से सम्बन्धित निर्माण कार्य तथा दिव्यांग यात्रियों के अनुरूप रैम्प, पार्किंग, दिव्यांग ट्वायलेट, लो-हाइट टैप, आरक्षण काउंटर आदि बनाने का कार्य प्रगति पर है।

# खनकै कंगनवा झनन बोले झांझ...सुन श्रोता मंत्रमुग्ध

- प्रोफेसर कमला श्रीवास्तव की जयन्ती पर सजी महफिल
- संगीत की मलिका को सुरों की श्रद्धांजलि

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** संगीत की मलिका प्रो. कमला श्रीवास्तव को सुरों की श्रद्धांजलि दी गई। शनिवार को उनकी 93वीं जयन्ती के उपलक्ष्य में लोक संगीत के साथ साथ विभिन्न शास्त्रीय रागों में निबद्ध रचनाओं की संगीतबद्ध प्रस्तुति ने लोगों का मन मोह लिया। लोक संस्कृति शोध संस्थान द्वारा उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी की रसमंच योजना के अन्तर्गत वाल्मीकि रंगशाला में आयोजित स्वरांजलि कार्यक्रम में पद्मश्री डा. विद्याविन्दु सिंह, वरिष्ठ लोक गायिका पद्मा गिडवानी, लोकविद् डा. रामबहादुर मिश्र, जीतेश श्रीवास्तव, विनीत सिन्हा व सुधा द्विवेदी ने प्रो. कमला श्रीवास्तव के लोक अवदान पर अपने विचार रखे।

स्वरांजलि का शुभारम्भ नीरा मिश्रा ने मोरे अंगना तुलसी का चौरा से किया। कार्यक्रम में प्रो. कमला श्रीवास्तव द्वारा सिखाये पारम्परिक गीत, उनके लिखे तथा स्वरबद्ध किये अन्य लेखकों की रचनाओं की ही प्रस्तुतियां हुईं। संगीत भवन की ओर से सौम्या गोयल व साथी कलाकारों ने राग केदार में निबद्ध जय जय आदि कुमारी जय हे की प्रस्तुति दी वहीं राग बहार में निबद्ध नमो कालरात्रि नमो देवमाता पर नेहा प्रजापति व साथी कलाकारों ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। गायिका प्रीति श्रीवास्तव ने कल कितनी रात सुहानी थी, कल्पना सक्सेना ने जयति जय जय शैलपुत्री, रचना गुप्ता ने जरा कह दो सांवरिया से, सुषमा प्रकाश ने खनकै कंगनवा झनन बोले झांझ, अंजलि सिंह ने निमिया के डार मैया, अपर्णा सिंह ने नन्ही नन्ही बुंदिया परै लागी अंगना, डॉ. पूनम श्रीवास्तव ने रिमझिम बरसे कारी बदरिया, इन्दु सारस्वत ने चुपाई रहो दुलहिन मारा जाई कउवा, शक्ति श्रीवास्तव ने चकिया कै पटवा मा पिसत पिसनवा, गीता शुक्ला ने ए हो रघुरइया जतनिया बताई दीहो, मनु राय ने इस धारा में डूब न जाऊँ माझी तुम पतवार संभालो, साधना भारती ने सैंया जाने देओ नइहरवा, सरिता अग्रवाल ने गोमती नदी के किनरिया आपन लखनऊ सहरिया, रेखा अग्रवाल ने नथुनिया के मोती झलमल झलके, राशि श्रीवास्तव ने नीमा तले अमवा के तले देवी रूम झूम, अल्पना श्रीवास्तव ने सावन ऋतु आय गई, दीपिका मिश्रा ने ए हो जनमी है बिटिया हमार, मीनू पाण्डेय ने लागी ब्याह के लगन सखी, सुनीता श्रीवास्तव ने सावन में हिया हुलसावा हो हरी मेंहदी ले आवा, मीना मिश्रा ने नईहर से भइया हमरे अइहैं लियावन, कविता सिंह ने तेरी ऊँची री अटरिया मैं तो देखन चली, अलका चतुर्वेदी ने ममतामयी महागौरी मां, लक्ष्मी जोशी ने देवी सुरसती मइया की महिमा अपरम्पार, चित्रा जायसवाल ने आवा आसाढ़ घिर आये बदरवा, श्रीमती मधु माथुर ने जगदम्बा महारानी दयानी हो सहित रिंकी सिंह विश्वकर्मा ने गावो बधइया बजाओ सहनाइया के माध्यम से प्रो. कमला श्रीवास्तव को अपनी स्वरांजलि दी वहीं ज्योति किरन रतन व अन्य ने नृत्य प्रस्तुतियों से लोगों को भावविभोर किया।

## प्रधानमंत्री की हस्ताक्षरित टी शर्ट और बैग पाकर खिले बच्चों के चेहरे



लखनऊ। कर्नल एसएन मिश्रा ओबीई मेमोरियल स्कूल में शनिवार को प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना 4.0 के प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमे लखनऊ के नगर निगम आयुक्त इंद्रजीत सिंह ने बच्चों को प्रधानमंत्री द्वारा हस्ताक्षरित टी शर्ट और बैग वितरित किया। अंत में इंद्रजीत सिंह ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए उन्हें डेंगू के बचाव के उपाय से अवगत कराया। इस मौके पर विद्यालय के संस्थापक टीएन मिश्रा, प्रबंधक सन्मय शुक्ला, डायरेक्टर प्रीति त्रिवेदी, प्रधानाचार्य पूजा सिंह समेत शिक्षक शिक्षिकाओं एवं छात्र-छात्राएं भी उपस्थित थे।

# नागपुर-समस्तीपुर के बीच चलेगी पूजा स्पेशल ट्रेन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** रेलवे प्रशासन द्वारा आगामी होली त्यौहारों पर यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुये 01207/01208 नागपुर-समस्तीपुर-नागपुर त्यौहार विशेष गाड़ी का संचलन नागपुर से 30 अक्टूबर से 13 नवम्बर तक प्रत्येक बुधवार तथा समस्तीपुर से 31 अक्टूबर से 14 नवम्बर तक प्रत्येक वृहस्पतिवार को 03 फेरों के लिये किया जायेगा।

01207 नागपुर-समस्तीपुर त्यौहार विशेष गाड़ी 30 अक्टूबर से 13 नवम्बर तक प्रत्येक बुधवार को नागपुर से 10.40 बजे प्रस्थान कर बैतूल, इटारसी, भोपाल, वीरांगना लक्ष्मीबाई जं. (झांसी), दूसरे दिन कानपुर सेन्ट्रल, ऐशबाग, गोण्डा, बस्ती, गोरखपुर, छपरा , हाजीपुर, तथा मुजफ्फरपुर होते हुए समस्तीपुर 21.30 बजे पहुँचेगी।

वापसी यात्रा में 01208 समस्तीपुर-नागपुर त्यौहार विशेष गाड़ी 31 अक्टूबर से 14 नवम्बर तक प्रत्येक वृहस्पतिवार को समस्तीपुर से 23.45 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन मुजफ्फरपुर, हाजीपुर, छपरा, गोरखपुर, बस्ती, गोण्डा, ऐशबाग, कानपुर सेंट्रल, वीरांगना लक्ष्मीबाई जं.( झांसी ), भोपाल, तीसरे दिन इटारसी तथा बैतूल होते हुए नागपुर 07.00 बजे पहुँचेगी। इस गाडी में शयनयान श्रेणी के 08, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 02, साधारण द्वितीय श्रेणी के 06 तथा एस.एल.आर. के 02 कोचों सहित कुल 18 कोच लगाये जायेंगे।

जबकि 01415 पुणे-गोरखपुर त्यौहार विशेष गाडी 22 अक्टूबर से 11 नवम्बर तक प्रतिदिन पुणे से 06.50 बजे प्रस्थान कर दौंड, अहमदनगर, मनमाड, भुसावल, खण्डवा, इटारसी, भोपाल, दूसरे दिन बीना, वीरागंना लक्ष्मी बाई जं. (झांसी), कानपुर सेण्ट्रल, लखनऊ, गोण्डा तथा बस्ती होते हुए गोरखपुर 16.00 बजे पहुंचेगी।

वापसी यात्रा में 01416 गोरखपुर-पुणे त्यौहार विशेष गाडी 23 अक्टूबर से 12 नवम्बर तक प्रतिदिन गोरखपुर से 17.30 बजे प्रस्थान कर बस्ती, गोण्डा, लखनऊ, दूसरे दिन कानपुर सेण्ट्रल, वीरागंना लक्ष्मीबाई जं. (झांसी), बीना, भोपाल, इटारसी, खण्डवा, भुसावल, मनमाड, अहमदनगर तथा तीसरे दिन दौंड होते हुए पुणे 03.15 बजे पहुंचेगी। इस गाडी में शयनयान श्रेणी के 08, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 02, साधारण द्वितीय श्रेणी के 06 तथा एस.एल.आर. के 02 कोचों सहित कुल 18 कोच लगाये जायेंगे।

इसी क्रम में 01079 छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (मुम्बई)-गोरखपुर त्यौहार विशेष गाड़ी 25 अक्टूबर से 07 नवम्बर तक शिवाजी महाराज टर्मिनस (मुम्बई) 22.30 बजे प्रस्थान कर दादर, थाणे, कल्याण, दूसरे दिन नासिक रोड, मनमाड, जलगॉव, भुसावल, खण्डवा, इटारसी, भोपाल, बीना, वीरागंना लक्ष्मीबाई जं. (झांसी), ऊरई , तीसरे दिन कानपुर सेन्ट्रल, लखनऊ, गोण्डा, बस्ती तथा खलीलाबाद होते हुए गोरखपुर 10.00 बजे पहुंचेगी।

वापसी यात्रा में 01080 गोरखपुर-छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (मुम्बई) त्यौहार विशेष गाड़ी 25 अक्टूबर से 07 नवम्बर तक गोरखपुर से 14.30 बजे प्रस्थान कर खलीलाबाद , बस्ती, गोण्डा, लखनऊ, कानपुर सेन्ट्रल, दूसरे दिन ऊरई, वीरागंना लक्ष्मीबाई जं. (झांसी), बीना, भोपाल, इटारसी, खण्डवा, भुसावल, जलगांव, मनमाड, नासिक रोड, कल्याण, थाणे तथा तीसरे दिन दादर होते हुए छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (मुम्बई) 00.40 बजे पहुंचेगी। इस गाड़ी में शयनयान श्रेणी के 08, साधारण द्वितीय श्रेणी के 06, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 02, तथा एस.एल.आर.डी. के 02 कोचों सहित कुल 18 कोच लगाये जायेंगे।

# एबीवीपी ने प्रशासनिक भवन पर जड़ा ताला, प्रदर्शन

- शोध छात्रों के लिए बायोमेट्रिक उपस्थिति के खिलाफ संयुक्त छात्र मोर्चा का विरोध प्रदर्शन

विशेष संवाददाता (vol)





**लखनऊ।** संयुक्त छात्र मोर्चा ने लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन को दिए गए 48 घंटे के अल्टीमेटम के बावजूद शोधार्थियों की मांगों पर कोई ठोस प्रतिक्रिया देने के बजाय प्रशासन ने दो विभागों में बायोमैट्रिक उपस्थिति को लागू किया। इस पर छात्रों ने शनिवार को जमकर विरोध किया। साथ ही इसी मुद्दे को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) ने जोरदार प्रदर्शन किया और प्रशासनिक भवन पर ताला बंद किया। कुलपति से लेकर रजिस्ट्रार तक अधिकारी कमरों में बंद किया।

छात्रों का कहना है कि शोध छात्रों को सार्थक अकादमिक कार्य करने के लिए लचीलेपन की आवश्यकता होती है, न कि कठोर हाजिरी नियमों की, जो उनकी बौद्धिक स्वतंत्रता को बाधित करते हैं। बायोमेट्रिक हाजिरी लागू करके, प्रशासन गंभीर रूप से उस स्वायत्तता को सीमित कर रहा है जो शोध के लिए मौलिक है। इसके अलावा, शोध छात्र कर्मचारी नहीं हैं; उन्हें मिलने वाली फेलोशिप उनके अकादमिक कार्य, जो इस देश को सामाजिक, राजनीतिक और वैज्ञानिक रूप से आधुनिक बनाते हैं। उसमें योगदान के लिए है, न कि उन्हें हाजिरी नियमों में बांधने के लिए। यह दृष्टिकोण उनके अकादमिक स्वभाव के साथ-साथ हमारे देश में बढ़ती आधुनिकता की उपेक्षा करता है और अनावश्यक नियंत्रण थोपता है।

छात्रों ने कहा कि विश्वविद्यालय ने बुनियादी ढांचे की समस्याओं का समाधान करने की अपनी जिम्मेदारी को भी नजरअंदाज कर दिया है, जो लंबे समय से चिंता का विषय हैं। हाजिरी के नियम थोपने से पहले, प्रशासन को लाइब्रेरी, इंटरनेट सुविधा और शैक्षणिक संसाधनों की उपलब्धता जैसी बुनियादी सुविधाओं में सुधार पर ध्यान देना चाहिए। शोध छात्र आशुतोष शुक्ल का कहना है कि हम स्कॉलर हैं, मजदूर नहीं। शोध के लिए हमें स्वतंत्रता की आवश्यकता होती है। किसी भी केंद्रीय विश्वविद्यालय में इस तरह की कोई बाध्यता नहीं है फिर भी वहां की शोध गुणवत्ता सबसे अच्छी है। समाजवादी युवा वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव आकाश कैराटी ने कहा, यह निर्णय शोध छात्रों की स्वायत्तता पर सीधा हमला है। हम इसके खिलाफ मजबूती से खड़े हैं। एनएसयूआई के विशाल सिंह ने कहा, प्रशासन को बायोमेट्रिक प्रणाली को तुरंत वापस लेना चाहिए और शोध छात्रों से संवाद करना चाहिए। अभाविप लखनऊ विश्वविद्यालय इकाई अध्यक्ष जयव्रत राय, राजाराम कुशवाहा, प्रियंका ठाकुर, तान्या तिवारी, क्षमा श्रीवास्तव, अनुराग काकरण आदि शामिल रहे।

संक्षेप

## ऑटो की टक्कर से साइकिल सवार की मौत

**बरेली।** शाहजहांपुर रोड पर एक ऑटो ने साइकिल सवार को टक्कर मार दी। इससे साइकिल सवार गंभीर रूप घायल हो गया। उसको इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। मगर, इलाज के दौरान घायल की मौत हो गई। मृतक के परिवार में एक महीने में तीन लोगों की मौत हो चुकी है।इससे परिवार में कोहराम मच गया।पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है। मृतक के परिजनों ने बताया कि वह एक निजी कंपनी में काम करने जा रहे थे।इसी दौरान रास्ते में यह हादसा हो गया।परिजन बोले, मजाक में ऑटो से मारी थी टक्करशहर के बारादरी थाना क्षेत्र के कटी कुइयां निवासी गुलफाम (45 वर्ष) के चाचा शाहिद ने बताया कि शनिवार को साइकिल से शाहजहांपुर रोड स्थित एक प्राइवेट कंपनी में काम को जा रहे थे। इसी दौरान कंपनी में साथ काम करने वाले हजियापुर निवासी आसिफ टेंपो लेकर आ गया।इससे वह गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी।

# समाधान दिवस में 145 शिकायतें मिलीं, 7 निस्तारित

जिला संवाददाता(vol)



**देवरिया ।** जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने सलेमपुर तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में जन समस्याओं की सुनवाई की। आज कुल 145 प्रकरण आये, जिसमें 07 प्रकरणों का मौके पर समाधान किया गया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक फरियादी की समस्याओं का गुणवत्ता व समयबद्धता के साथ निस्तारण किया जाएगा।

जिलाधिकारी ने कहा कि अधिकारी जिन प्रकरणों की जांच करने स्वयं जाते हैं उनका गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित करें, जिससे लोगों को उनकी समस्याओं का समाधान मिल सके। उन्होंने कहा कि समस्त लेखपालों का उत्तरदायित्व होगा कि उनकी तैनाती जिस ग्राम पंचायत में है, यदि वहाँ खलिहान की भूमि पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण होता है तो उनकी संज्ञान में लाएं। यदि किसी अन्य माध्यम से उनकी संज्ञान में खलिहान की भूमि पर अतिक्रमण की जानकारी मिलेगी तो लेखपाल का उत्तरदायित्व तय कर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। जिन प्रकरणों में संयुक्त रुप से निराकरण की आवश्यकता हो, उसमें आपसी समन्वय रखते हुए उन मामलो का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करायें। उन्होंने कहा कि प्रकरणों का निस्तारण गुणवत्ता के साथ होना चाहिये।तहसील सलेमपुर में आयोजित समाधान दिवस में कुल प्राप्त 145 प्रकरणों में सर्वाधिक राजस्व विभाग के 82, पुलिस के 32, विकास के 10 व अन्य विभागों से 21 मामले आये। 07 प्रकरणों का आज समाधान किया गया। शेष 138 प्रकरणों को संबंधित विभागों समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान के निर्देश के साथ सौंपा गया। आज आने वाले प्रकरणों में से अधिकांश पारिवारिक भूमि विवाद, पैमाइश, चकरोड, अतिक्रमण, विद्युत, राशनकार्ड आदि से संबंधित थे सम्पूर्ण समाधान दिवस में सीएमओ डॉ राजेश झा, अपर पुलिस अधीक्षक दीपेंद्रनाथ चौधरी, एसडीएम सलेमपुर दिशा श्रीवास्तव सहित विभिन्न विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारी, खंड विकास अधिकारी, थानाध्यक्ष गण आदि उपस्थित रहे।

## शेर अली जाफरी ने आईजी से न्याय की गुहार लगाई

**बरेली।** डी फार्मा कोर्स कराने में फर्जीवाड़े के आरोपों के बीच खुसरो कॉलेज के चेयरमैन शेर अली जाफरी ने अपनी निर्दोषिता का दावा करते हुए आईजी से न्याय की मांग की है। शेर अली जाफरी ने हाल ही में आईजी डॉक्टर राकेश सिंह से मुलाकात की और मामले में निष्पक्ष जांच की अपील की। शेर अली जाफरी ने कहा कि उनके कॉलेज में शिक्षा देने का काम पूरी पारदर्शिता के साथ किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्ष 2019 में विजय शर्मा नामक व्यक्ति कॉलेज के संपर्क में आया, जिसने कई अन्य कॉलेजों के नाम पर दावा किया कि वह डी फार्मा के कोर्स का संचालन करता है। विजय शर्मा ने उन्हें कंसल्टेंसी की फ्रेंचाइजी देने की बात की और इसके लिए लिखित समझौते पर हस्ताक्षर किए, गएजाफरी के मुताबिक, विजय शर्मा ने कॉलेज के बच्चों के लिए डी फार्मा कोर्स के लिए एडमिशन कराने का वादा किया था और इसके लिए फीस व अन्य पैसे लिए थे।

## ऑटो से 48 शीशी अंग्रेजी शराब बरामद, 5 गिरफ्तार



**देवरिया ।** जिले के थाना मईल पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर वाहन चेकिंग के दौरान थाना गेट के सामने एक आटो वाहन सं0 यूपी 53 जेटी 0138 से पीट्ठू बैग व झोले में पेपर में लपेट कर बिहार ले जायी जा रही कुल 48 शीशी रायल स्टैग अंग्रेजी शराब बरामद करते हुए 05 अभियुक्तों धर्मेन्द्र कुमार पुत्र मनबोध राय निवासी शिकारपुर थाना भेल्दी जिला छपरा(बिहार), सतेन्द्र राय पुत्र चन्द्रिका राय निवासी मिठेपुर थाना गरखा जिला छपरा(बिहार), सूरज कुमार पुत्र शत्रुघ्न प्रसाद निवासी मिठेपुर थाना गरखा जिला छपरा(बिहार), गुड्डू कुमार पुत्र मनोज राय निवासी मिठेपुर थाना गरखा जिला छपरा(बिहार) और धर्मेन्द्र पटेल पुत्र अनिल पटेल निवासी खुखुन्दू चौराहा थाना खुखुन्दू जनपद देवरिया को गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा बरामद शराब व आटो वाहन को कब्जे में लेकर अभियुक्तों को गिरफ्तार कर अभियुक्तों के विरुद्ध थाना स्थानीय पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत करते हुए नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है ।गिरफ्तार करने वाली टीम मेंउ0नि0 सुमितकान्त चौकी प्रभारी चकरा गोसाँई उ0नि0 अंकित कुमार सिंह ,कां0 कृष्ण कुमार पाल,कां0 पवन कुमार यादव थाना मईल जनपद देवरिया शामिल थे ।

## शहद उत्पादको को मिलेगा निःशुल्क हनीबाक्स मधुमक्खी और संबंधित टूलकिट्स

**देवरिया ।** जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल के निर्देश पर जिला ग्रामोद्योग अधिकारी वीरेन्द्र प्रसाद ने बताया है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में उ०प्र० खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा उत्पाद विकास मानकीकरण एवं गुणवत्ता विनिश्चय योजना (हनी मिशन) अन्तर्गत जनपद देवरिया को 20 लाभार्थियों को हनीबाक्स मधुमक्खी सहित एवं सम्बन्धित टूलकिट्स वितरित किये जाने हेतु लक्ष्य प्राप्त हुआ है। इस योजना के अन्तर्गत जनपद देवरिया में शहद उत्पादन कार्य में रूचि रखने वाले बेरोजगार व शहद उत्पादन कार्य में प्रशिक्षित व्यक्तियों को 05 दिवसीय गुणवत्तापरक प्रशिक्षण कराते हुए प्रत्येक व्यक्ति को 05-05 हनीबाक्स मधुमक्खी सहित एवं सम्बन्धित टूलकिट्स वितरित किया जायेगा।इस योजना हेतु लाभार्थी की पात्रता उम्र 18 वर्ष से 50 वर्ष की आयु के एक ही गांव, नजदीकी गांव या समूह के आवेदको को प्रत्येक परिवार से एक ही व्यक्ति को आवेदन जमा करना होगा। पूर्व में किसी भी सरकारी संस्थान के माध्यम से जिस परिवार में टूलकिट्स का लाभ मिल चुका है उस परिवार का कोई भी अभ्यर्थी लाभ नहीं उठा सकता है।इस योजना से आवेदन की प्रक्रिया आनलाइन है जिसका वेबसाइट ४स्त्र'५ु.ॅड्ड५.ल्ल है।विस्तृत जानकारी हेतु उ०प्र० खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड के जिला ग्रामोद्योग कार्यालय, जिला पंचायत भवन प्रथम तल देवरिया, से सम्पर्क कर आवेदन पत्र 15 सितंबर तक जमा कर सकते है।

### समाधान दिवस में शिकायतें, 15 निस्तारित

**बहेड़ी।** माह के पहले शनिवार को आयोजित हुए समाधान दिवस में राजस्व विभाग, विकास, चकबंदी, बिजली तथा नगरपालिका से संबंधित कुल 124 शिकायतें दर्ज कराई गयीं जिनमें राजस्व विभाग से जुड़ीं 15 शिकायतों का मौके पर ही निपटारा कर दिया गया। समाधान दिवस में एडीएम प्रशासन दिनेश, एसपी उत्तरी मुकेश मिश्रा, एसडीएमसमेत अधीनस्थ मौजूद रहे।

## महिलाओं को निःशुल्क विधिक सहायता प्रदान की जाये: न्यायाधीश

जिला संवाददाता(vol)




**देवरिया।** जनपद न्यायाधीश/ अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवेन्द्र सिंह के निदेर्शानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया द्वारा देवरिया सदर तहसील में विधिक साक्षरता/जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिविर में सचिव /अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार तिवारी के द्वारा उपस्थित आम जनमानस को विधिक रूप से साक्षर किया गया।

अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने कहा कि महिलाओ से संबंधित हितों के लिए सर्वोत्तम दृष्टिकोण अपनाते हुये उनको समाज से मिलाने हेतु प्रोत्साहित किया जायें। सचिव ने कहा कि तहसील स्तर पर वादकारियों को निःशुल्क विधिक सहायता हेतु फ्रंट आफिस खोला गया है जिसमें पैरालीगल वालंटियर नियुक्त किया गया है। जों हर समय निःशुल्क विधिक सहायता प्रदान करने हेतु सदैव तत्पर है। सचिव द्वारा महिलाओं के लिए उपलब्ध सरकारी कल्याणकारी योजनाएं, घरेलू हिंसा और कार्यस्थल पर हो रहे यौन उत्पीड़न संबधी कानूनों की जानकारी दी गयी। उन्होने कहा कि संविधान द्वारा महिलाओं, बच्चों, गरीबों व कमजोर वर्ग के व्यक्तियों के लिए निशुल्क विधिक सहायता व सलाह का अधिकार प्रदान किया गया है विधिक जागरूकता से विधिक संस्कृति को बढ़ावा मिलता है। आयोजित कार्यक्रम में तहसीलदार देवरिया, कृष्ण कुमार मिश्रा ने शासन के द्वारा महिलाओ से संबन्धित संचालित योजना बाल सेवा योजना, रानी लक्ष्मीबाई महिला योजना, तथा अन्य योजनाओं के बारें में विस्तार से बताया गया। उन्होने राजस्व विभाग से संचालित, खतौनी, वरासत, हैसियत सहित विभिन्न विषयों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उपजिलाधिकारी देवरिया सदर विपिन द्विवेदी ने केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा महिलाओं के आर्थिक, शिक्षा ,नारी सुरक्षा एवं सम्मान, पुलिस हेल्प लाइन, शिक्षा एवं कौशल उन्नयन हेतु संचालित योजनाओं के बारें में विस्तार से बताया इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से तहसील बार एसोसिऐशन के प्रतिनिधि, तहसीलदार देवरिया कृष्ण कुमार मिश्रा, उपजिलाधिकारी देवरिया सदर विपिन द्विवेदी, नायब तहसीलदार, तथा भारी संख्या में तहसील के विभिन्न ग्रामों से महिलाएं, तथा अन्य गणमान्य आमजनमानस के द्वारा प्रतिभाग किया गया ।

## कास्मेटिक शॉप का उद्घाटन

***कुशीनगर।*** जनपद के पडरौना नगर के कसया - पडरौना मार्ग पर छावनी मे स्थित खूशबू ब्यूटी ग्लेमर कास्मेटिक शॉप का उद्घाटन शनिवार को सदर विधायक मनीष जायसवाल, पूर्व नपाध्यक्ष शिव कुमारी देवी एंव समाजसेवी होम्योपैथ चिकित्सक डॉ. अरुण गौतम ने संयुक्त रूप से किया।अतिथियों ने कहा कि यह दुकान ग्राहकों को अपनी ओर आकर्षित करेगा। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र का बेहतर कास्मेटिक सेन्टर होगा जहां महिलाओं को अपनी आवश्यकताओं की सौंदर्य की सारी चीज उपलब्ध मिलेगी।इसके पूर्व शॉप के प्रोपराइटर शम्स तबरेज लाडले ने सभी अतिथियों को बुके देकर स्वागत किया। संचालक ने कहा कि इस दुकान पर कास्मेटिक व सौंदर्य की सारी वैरायटी उचित मूल्य पर उपलब्ध होगा। उन्होंने बताया कि खूशबू ब्यूटी ग्लेमर पर सौंदर्य के साथ साथ राजस्थानी व जयपुरिया ज्वेलरी, दिल्ली, मुंबई, का राजकोट, ज्वेलरी व अन्य सामान सस्ते दर उपलब्ध है।इस मौके पर खूशबू ब्यूटी ग्लेमर के मालिक हाजी अब्दुल क्यूम, युवा समाजसेवी अजय गुप्ता, सुधार जायसवाल, समाजसेवी अजय हीरो होंडा, साकेत गोयल, प्रमोद जायसवाल, विनू, मोहम्मद नासिर, आरीफ, गिरिजेश शर्मा, मुन्ना, सरफराज अहमद, अखिलेश आदि मौजूद रहे।

## सपा के सभी प्रकोष्ठों की नियमित बैठक करें पदाधिकारी: व्यास यादव




**देवरिया ।** समाजवादी पार्टी जिला कार्यकारिणी की मासिक बैठक बांस देवरिया स्थित जिला कार्यालय पर जिला अध्यक्ष व्यास यादव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ ! बैठक मे पार्टी के कार्यक्रमों व संगठन को गतिशीलता प्रदान करने की रणनिती बनी व अधिक से अधिक लोगों को दल से जोडने पर जोर दिया गया !

बैठक में को संबोधित करते हुए सपा जिला अध्यक्ष व्यास यादव ने संगठन पदाधिकारियों को और तीव्रता से संगठनों को मजबुत करने का अह्वान किया, और कहा की सभी प्रकोष्ठों के अध्यक्ष व विधान सभ व ब्लाक अध्यक्ष क्ष अपनी मासिक बैठक अवश्य करें व बैठक की सुचना जिला पार्टी को दें ! एवं नेता और कार्यकता अपने अपने बूथ पर अधिक से अधिक वोटर को जोड़कर बूथ को मजबूत करके पार्टी को बूथ स्तर पर मजबूत करे जिससे 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनेगी ! निर्वाचन आयोग द्वारा किए जा रहे बूथ संभाजन पर कार्यकता नजर रखें अधिक मतदाता वाले बूथ के नए बूथ मतदान केंद्र में जनता की सुलभता के लिए नजदीक के प्राथमिक विद्यालय की प्रस्ताव जिला पार्टी को उपलब्ध कराए पार्टी के कार्यकता और नेता सरकार के भेदभाव अन्याय उत्पीड़न के खिलाफ एकजूट होकर मुकाबला करेंगे ! वही सरकार द्वारा धर्म, जाति के आधार पर किये जा रहे एंकाउंटर व मुकदमों की निंदा की ! बैठक में पूर्व जिला अध्यक्ष गेंदालाल यादव, अजय प्रताप सिंह पिंटू, परवेज आलम, अभिषेक त्रिपाठी राजन, विजय प्रताप यादव, हरदयनारायण जायसवाल, उद्धव नारायण सिंह, अवधेश चौधरी, कदीर आलम, दशरथ मौर्या, राजवंशी राजभर, गब्बूलाल विश्वकर्मा, महेंद्र गोंड, राधेश्याम सिंह यादव, चंदभूषण सिंह यादव, लक्ष्मण निषाद, विवेक सिंह पटेल, अमरेंद्र यादव सहित सैकड़ो नेता, कार्यकर्ता बैठक में शामिल रहे ! मासिक बैठक की संचालन जिला महासचिव मंजूर हसन ने किया !

## सरस हास्पिटल के संचालक और डॉक्टरों की कब होगी गिरफ्तारी

**प्रसूता के डिलिवरी के दौरान जीएनएम व चिकित्सक की लापरवाही से नवजात की हुई मौत का मामला**

**कुशीनगर।** जीएनएम द्वारा खुद को डाक्टर बनकर प्रसूता की डिलिवरी कराने के दौरान की गई लापरवाही से हुई नवजात की मौत के मामले में मृतक नवजात के पिता के तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने सरस हास्पिटल के संचालक व चिकित्सक सहित चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर अपने दायित्वो का इतिश्री कर लिया है। नतीजतन अभियुक्त न सिर्फ खुलेआम घूम रहे है बल्कि पीड़ित पक्ष को धमकी देकर मामले को रफा-दफा करने के लिए भी दबाव बना रहे है। ऐसे में सवाल यह है कि कब होगी आरोपियो की गिरफ्तारी ?

बतादे कि मरीजों की जिन्दगी से खिलवाड़ करने वाला पडरौना नगर के छावनी (कसया-पडरौना मार्ग पर) स्थित सरस हास्पिटल के चिकित्सक व जीएनएम की लापरवाही व अस्पताल संचालक के मनमानेपन के कारण बीते दिनों प्रसव के दौरान एक नवजात की मौत हो गयी थी। परिजनो का आरोप है कि नवजात की मौत के बाद हास्पिटल के जिम्मेदार शिशु को एनआईसीयू में रखकर आधे घंटे तक इलाज करने का नाटक करते रहे और पोल खुलने के भय से हास्पिटल प्रबंधन ने आनन-फानन मृत्यु नवजात को रेफर कर दिया। इसके बाद पीड़ित ने सीएमओ और पडरौना कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर हास्पिटल के जीएनएम रुबी दीक्षित, चिकित्सक खुशबू दीक्षित, अस्पताल संचालक आदर्श धर दूबे व आशीष धर दूबे के खिलाफ कार्रवाई करने की गुहार लगायी थी। पीडित के प्रार्थना पत्र पर पुलिस व स्वास्थ्य विभाग की टीम सरस हास्पिटल पहुचकर घटना की सत्यता की जांच की। जांच मे दोषी पाये जाने के बाद कोतवाली पुलिस ने 1 सितम्बर को रात्रि नौ बजे सरस हास्पिटल के जीएनएम रुबी दीक्षित, चिकित्सक खुशबू दीक्षित, अस्पताल संचालक आदर्श धर दूबे व आशीष धर दूबे के खिलाफ धारा 105 व 351(3) भारतीय न्याय संहिता के तहत मुकदमा दर्ज किया। किन्तु अफसोस मुकदमा दर्ज करने के पांच दिन बाद भी अभियुक्तों की अभी तक गिरफ्तारी नही हुई है जबकि आरोपी खुलेआम धूम रहे है और पीड़ित को मामले मे समझौते करने के लिए धमकी दे रहे है ऐसा पीड़ित का कहना है।

जो कोई हत्या की कोटि में न आने वाला गैर इरादतन हत्या करेगा, वह आजीवन कारावास से, या दोनों में से किसी भांति के कारावास से, जिसकी अवधि पांच वर्ष से कम नहीं होगी किन्तु जो दस वर्ष तक की हो सकेगी, दण्डित किया जाएगा और जुमार्ने से भी दण्डनीय होगा, यदि वह कार्य, जिससे मृत्यु हुई है, मृत्यु कारित करने के आशय से या ऐसी शारीरिक चोट कारित करने के आशय से किया गया है, जिससे मृत्यु कारित होने की सम्भावना है, या दोनों में से किसी भांति के कारावास से, जिसकी अवधि दस वर्ष तक की हो सकेगी और जुमार्ने से, दण्डनीय होगा। इसी तरह बीएनएस सेक्शन 351 की उपधारा (3): में किसी व्यक्ति को दी जाने वाली गंभीर धमकियों के बारे में बताया गया है। यदि कोई व्यक्ति आपके किसी प्रियजन को जान से मारने या गंभीर चोट पहुँचाने की धमकी देता है या किसी महिला के साथ गलत व्यवहार करने की धमकी देता है तो उस व्यक्ति पर बीएनएस 351(3) के तहत कार्यवाही की जाती है।

### भारतीय जनता मजदूर संघ ने सौंपा ज्ञापन

आंवला। भारतीय जनता मजदूर संघ के पदाधिकारियों ने तहसील दिवस ज्ञापन सौंपकर बताया कि तहसील क्षेत्र के गांव कमठेना से खरगपुर तक रोड पर सड़क की मरम्मत का कार्य किया जा रहा है। जिसके लिए पत्थर बिछा हुआ है। भारतीय जनता मजदूर संघ ने तहसील दिवस में मांग की है कि इस सड़क का निर्माण जल्द से जल्द पूरा कराया जाए।

## प्रभारी मंत्री ने किया कान्हा गोशाला का निरीक्षण

**कुशीनगर।** जिले के प्रभारी मंत्री व सूबे के खाद्य एवं रसद विभाग के राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने कहा कि गौ की सेवा ईश्वरीय सेवा के समान है। भारतीय सनातन संस्कृति में गाय का स्थान सर्वोच्च है और उसे माँ का दर्जा प्राप्त है।प्रभारी मंत्री शुक्रवार को पडरौना नगरपालिका क्षेत्र के बकुलहा स्थित कान्हा गौशाला का निरीक्षण कर रहे थे। गाय के दूध को अमृत समान बताते हुए प्रभारी मंत्री ने कहा कि गाय की दूध मे वह सभी पौष्टिक तत्व पाया जाता है जो माँ की दूध मे मिलता है। मंत्री ने उच्च गुणवत्ता व बेहतरीन नक्शे के साथ कान्हा गौशाला के निर्माण और रखरखाव के लिए नगरपालिका अध्यक्ष विनय जायसवाल की प्रशंसा भी की। कहना ना होगा कि सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ के ड्रीम प्रोजेक्ट में शामिल कान्हा गौशाला योजना का उद्देश्य राज्य में बेसहारा एवं निराश्रित पशुओं को आश्रय स्थल प्रदान करना था। इसके पूर्व मंत्री श्री शर्मा ने गौ माँ का पूजन कर गायों को चारा भी खिलाया और गौशाला परिसर में पौधरोपण किया।इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय कुशीनगर के विधायक पंचानंद पाठक, सदर विधायक मनीष जायसवाल, नगरपालिका अध्यक्ष विनय जायसवाल एडीएम वैभव मिश्रा, सीडीओ गुंजन द्दवेदी, एसडीएम व्यास नारायण, ईओ संतराम सरोज, अध्यक्ष प्रतिनिधि मनीष जायसवाल के अलावा हरेराम गुप्ता अशोक टिबरेवाल अरुण टिबरेवाल संजय मरोदीया भुवनेश्वर त्रिपाठी पीयूष सर्राफ देवेश मिश्रा विष्णु जायसवाल दीनबंधु मद्धेशिया अंजय गुप्ता अर्जुन जायसवाल ब्रजेश शर्मा सुनील नीरज रिजेश कुशवाहा मंथन सिंह अमर शर्मा मानस मिश्रा अनिल कुमार महेंद्र चौधरी के अलावा नगरपालिका के अन्य कर्मचारियों सहित आमजन उपस्थित रहे।

## सूखे की बन रही स्थिति से किसानों की बढ़ी चिंता, फसल को बचाने चुनौती

**देवरिया ।** पिछले एक पखवाड़े से वर्षा नही होने से जिले सहित पूर्वांचल में सूखे जैसी स्थिति से किसानों की चिंता बढ़ने लगी है ।बादलों की आवाजाही और मौसम विभाग की भविष्यवाणी के बीच धान के खेतों में पड़ रही दरारों,मुरझाती फसलों को बचाने के लिये महंगी सिचाई को मजबूर हो रहा है ।खेतों की जुताई,बेहन डालने , धान की रोपाईके लिए पलेवा,रोपाई ,खाद खरपतवार नाशक के छिड़काव आदि में अपनी जमा पूंजी और मेहनत को दांव पर लगते देख किसानों के होश उड़ने लगा है ।घाघ की उक्ति--सवन (सावन) सुख अच्छा भडवन सुख ( भादो) का नहीं ।वर्तमान में यही सत्य साबित हो रहा है ।किसान मोटरपम्पों,डिजल पम्पसेटों से सिचाई में जुट है ।इसबीच रात में मोटरप्पम्प से सिचाई के दौरान मोटरों की चोरी की बढ़ती घटनाओं ने किसानों की मुश्किल बड़ा दिया ।ऐसी घटनाएं बिहार के समीपवर्ती गांवों में अधिक होने से किसान परेशान हैं ।उधर नहरी क्षेत्रों में नहरों में पर्याप्त पानी नही होने से किसान अलग परेशान हैं ।महंगा डीजल ,और विद्युत कटौती जले पर नमक छिड़कना साबित हो रही है। अब जबकि धन की फसल के (रेणने)बालियां आने का समय है ऐसे में सूखे जैसी स्थिति का होना किसानों की मेहनत व पूंजी दांव पर लगती दिख रही है ।

# अस्पताल संचालक व दलाल सहित बच्चा खरीदते छह गिरफ्तार

**● रुपये न देने पर प्रसव के बाद खुशी अस्पताल के संचालक द्वारा प्रसूता और नवजात को बंधक बनाने के बाद छुड़ाने के लिए 20 हजार में बच्चा बेचने का मामला**

**कुशीनगर ।** अवैध रूप से संचालित एक प्राइवेट अस्पताल ने प्रसव के बाद परिजनों द्वारा मुंहमांगा रकम देने मे असमर्थता जताने पर अस्पताल संचालक ने जच्चा-बच्चा को बन्धक बना लिया। इसके बाद आर्थिक तंगी से जूझ रहे पिता ने दलाल के माध्यम से बीस हजार रुपये मे अपनी औलाद को पडोसी राज्य बिहार के एक व्यक्ति के हाथो बेच दिया। इसकी भनक जब प्रशासन को हुई तो सबके कान खड़े हो गये।एक्शन मोड मे तत्काल डीएम और एसपी मौके पर पहुचकर घटना की पूरी जानकारी ली और मातहतों को कार्यवाही करने का सख्त निर्देश दिया। नतीजतन पुलिस ने बच्चे को बरामद कर अस्पताल संचालक के अलावा दलाल सहित बच्चा खरीदने वाले पांच लोगो को गिरफ्तार कर लिया है।शर्मसार करने वाला यह मामला कुशीनगर जनपद के बरवापट्टी थाना क्षेत्र का है। बताया जाता है कि दशहवा भेडिहारी गांव के निवासी हरेश पटेल की पत्नी लक्ष्मीना देवी को बुधवार को प्रसव पीड़ा हुई। हरेश उसे लेकर गांव के एक निजी अस्पताल गया, जहां महिला का नार्मल प्रसव हुआ। हरेश अपनी पत्नी को लेकर खुशी क्लिनिक पहुंचा जहां लक्ष्मीना देवी का सामान्य प्रसव हुआ। इसके बाद अस्पताल संचालक ने मुंहमांगा रकम की मांग की। पिता द्वारा रुपये देने में असमर्थता जाहिर करने पर खुशी अस्पताल के संचालक ने प्रसूता और नवजात को बंधक बना लिया। इसी दरम्यान आर्थिक तंगी से परेशान हरेश से एक महिला मिली और बेटे को गोदनामा के नाम पर 20 हजार में बेचने की बात कही।

पूरी रात परेशान हरेश को जब कुछ नहीं सूझा तो गुरुवार की सुबह अपने पांचवें नंबर के दो वर्षीय बेटे राजा को बिहार के भोला यादव के हाथों बीस हजार में बेच दिया और अस्पताल में चार हजार रपये देकर पत्नी को अस्पताल से लेकर घर आया। घर पर जब लक्ष्मीना को अपना सबसे छोटा बेटा दिखाई नहीं दिया तो हरेश से पूछताछ की। फिर क्या हरेश ने पूरी घटना लक्ष्मीना को बताया। पूरी घटना सुनने के बाद लक्ष्मीना अपने जिगर के टुकड़े के लिए रोने-बिलखने लगी। इसके बाद यह बात बात गांव में जंगल मे आग की तरह फैल गई।

### तमकुहीराज तहसील में हुआ खरीद-फरोख्त

पीड़ित हरेश ने बताया कि बच्चा बेचने का सुझाव देने वाली महिला उसे तमकुहीराज तहसील में लेक गई थी जहां बिहार का रहने वाला भोला यादव चार पहिया वाहन से आया और रुपये देकर बच्चे को कार में लेकर चलागया। पीडित ने बताया कि इससे पहले स्टांप पर अंगूठा लगवाया और बोला कि कोई पूछे तो कह देना कि एक रिश्तेदार को बच्चे को गोदनामा दिया है।

### पुलिस ने गंभीरता से नही लिया

बताया जाता है कि जब इसकी जानकारी गांव वालो को हुई तो गांव वालों ने तत्काल बरवापट्टी थानाध्यक्ष को इसकी सूचना दी, लेकिन पुलिस ने इसे गंभीरता से नहीं लिया।

### सिपाही घर पहुंचा

गांव में बच्चा बेचने का शोर मचा तो एक सिपाही पीड़ित के घर बाइक से पहुंचा और कार्रवाई की धौंस देकर पांच हजार रुपये लेकर चला गया। ऐसा पीड़ित का कहना है। सिपाही की इस करतूत की चर्चा पूरे गांव वालों में है।

### डीएम और एसपी बोले

जिलाधिकारी उमेश मिश्र ने बताया की फर्जी गोदनामे के आधार पर बच्चे को दिया गया था जिसकी जांच के बाद बच्चे को बरामद कर लिया गया है। पुलिस अधीक्षक संतोष मिश्र ने बताया कि इस पूरे मामले में सीओ तमकुहीराज को प्रकरण की जांचकर कार्रवाई करने का निर्देश दिए गए हैं। रुपए के अभाव में प्रसूता को बंधक बनाने वाले अस्पताल संचालक को गिरफ्तार कर लिया गया है इसके अलावा बच्चा खरीदने वाले और बिचौलिए का काम करने वाले 5 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। एसपी ने कहा कि इस प्रकरण की जांच करायी जा रही है जो भी इसमें दोषी पाया जायेगा उस पर सख्त कार्यवाही की जायेगी।

### मारपीट में पांच गिरफ्तार

**सोहावल-अयोध्या।** रौनाही थाना क्षेत्र के गांव मजनावां के मजरे कुडौली में जमीनी विवाद के चलते रंजिश बस शुक्रवार की देर शाम कुछ बाहर से बुलाए गए लोगों को साथ लेकर विरोधी के घर धावा बोल रहे लोगो के बीच बचाव करने पहुंचे युवक के चोटहिल होते ही दो पक्षों में जम कर लाठी चटकी और एक दूसरे पर हुए हमले में दो लोगो को गंभीर चोटे आई कई अन्य चोटहिल हुए भगदड़ में हमलावरों की दो बाइक तोड़ी गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने 5 लोगों को हिरासत में लेकर जँच पड़ताल शुरू किया है। आरोप है गांव के निवासी अंजनी पांडेय और अनिल पांडेय के बीच चल रहे भूमि विवाद के चलते अंजनी पांडेय की तरफ से हमला करने आए लोगो के बीच बचाव के लिए पहुंचे राकेश पाण्डेय पर ही लोग हमलावर हो गए लाठी लगने से घायल होता देख इनके परिजन सीधे सामने आ गए ।

### अधिवक्ताओं का फूटा गुस्सा

**बरेली।** में शनिवार को भी अधिवक्ताओं ने कार्य बहिष्कार कर विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने कासगंज में महिला अधिवक्ता हत्याकांड की जांच सीबीआई से कराने की मांग की। बोले, अधिवक्ताओं की सुरक्षा काफी जरूरी है। मगर, इसके बाद भी अधिवक्ताओं पर लगातार हमले हो रहे हैं। यह काफी चिंतनीय है। अधिवक्ता सुबह में कचहरी में एकत्र हुए।इसके बाद कलेक्ट्रेट में नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया। वह डीएम को ज्ञापन देने को बुला रहे थे। मगर, वह नहीं आए।इससे खफा अधिवक्ता अड़ गए। कुछ देर बाद एडीएम सिटी सौरभ दुबे पहुंचे।

उन्हें अधिवक्ताओं ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन दिया। बोले, इस मामले की सीबीआई जांच होनी चाहिए।स्टेशन रोड पर बनाई मानव श्रृंखलाः कासगंज में महिला अधिवक्ता मोहिनी सिंह की हत्या के बाद से अधिवक्ता हर दिन धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। मगर, इसके बाद भी मांग पूरी नहीं हो रही है।शनिवार को अधिवक्ताओं ने कलेक्ट्रेट के पास स्टेशन रोड पर मानव श्रृंखला बनाकर प्रदर्शन किया।

## नर्सिंग स्टाफ की नौकरी के नाम पर ठगी, केस दर्ज

**बरेली।** जिला अस्पताल के एक चपरासी पर नर्सिंग स्टाफ की नौकरी दिलवाने के नाम पर तीन लाख रुपये ठगने का आरोप लगा है। युवती ने आरोप लगाया है कि चपरासी ने उसे नौकरी का झांसा देकर पैसे ले लिए, लेकिन काफी समय बीत जाने के बाद भी उसकी नौकरी नहीं लगी और जब उसने पैसे लौटाने की मांग की, तो आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी दी। थाना बारादरी क्षेत्र के खुर्रम गौटिया निवासी शिवानी पुत्री परशुराम प्रजापति ने बताया कि उसकी मुलाकात 2022 में जिला अस्पताल में अभिषेक सक्सेना से हुई थी। अभिषेक ने खुद को जिला अस्पताल का बाबू बताकर उसे नर्सिंग स्टाफ में नौकरी दिलवाने का वादा किया और इसके बदले तीन लाख रुपये ले लिए। लेकिन जब भी शिवानी नौकरी के लेटर की बात करती, अभिषेक उसे जल्द ही जॉइनिंग की बात कहकर टाल देता था। समय बीतने के बाद जब उसने अपने रुपये वापस मांगे, तो अभिषेक ने उसे धमकी दी और कहा कि वह उसे जान से मार देगा। जब शिवानी को पता चला कि अभिषेक सक्सेना जिला अस्पताल में बाबू नहीं, बल्कि चपरासी है और कई लड़कियों को इसी तरह ठग चुका है, तो उसने इसकी शिकायत करने का निर्णय लिया। अभिषेक ने उसे शिकायत करने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी और उसे मानसिक व आर्थिक रूप से परेशान करना जारी रखा। इस मामले में शिवानी ने आरोपी अभिषेक के खिलाफ थाना बारादरी में धोखाधड़ी और धमकी की गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है।

संक्षेप

## महफिले बेदारी का आगाज

अयोध्या। काजी ए शहर अयोध्या हजरत मुफ्ती शम्सुल कमर अलीमी और महासचिव हाजी गुलाम अहमद सिद्दीकी साहब द्वारा मरकजी अंजुमन तबलीग अहले सुन्नत कमेटी के संयोजन में गुरूवार रात इस्तकबाल माहे रबी-उल-अव्वल शीर्षक से महफिले बेदारी का आगाज हुआ। कमेटी पदाधिकारियों ने आगामी 12 दिवसीय तकरीबात की जानकारी साझा की। शान ए अवध होटल पर आयोजित जलसे की शुरूआत हाफिज फैसल हाशमी साहब ने तिलावते कलाम-ए-पाक से की। इसके बाद मौलाना शाबान, मोहम्मद अजीम अजहरी, मोहम्मद ओवैस ने बारगाहे नबवी में नातिया कलाम का नजराना पेश किया। महासचिव हाजी गुलाम अहमद सिद्दीकी साहब ने कहा कि माहे रबी उल अव्वल इस्लामी साल का तीसरा महीना है। इसी मुबारक महीने में नबी-ए-करीम को रहमते आलम बनाकर दुनिया में भेजा गया। हाजी गुलाम अहमद सिद्दीकी साहब ने रसूले खुदा के मोहब्बत, भाईचारे के पैगाम को समाज में आम करने के साथ ही नई नस्ल को तालीमयाफ्ता बनाने पर जोर दिया। मुफ़्ती शम्सुल कमर अलीमी साहब ने बताया कि 12 रबी-उल-अव्वल की तकरीबात ईद-ए-मिलादुन्नबी शान-ओ-शौकत से मनाई जाएगी। 14 और 15 सितंबर को चौक घंटा पर अजीमुश्शान जलसा बाद नमाज ईशा होगा। 16 सितंबर को शहर में मस्जिद टाट शाह से 12:30 पर ईद मिलादुन्नबी का जुलूस निकलेगा। काजी ए शहर और महासचिव द्वारा मरकजी अंजुमन तबलीग अहले सुन्नत की जामा मस्जिद टाट शाह की जानिब से शहर की तमाम अंजुमनो को सर्टिफिकेट और गिफ्ट दिया गया। इस दौरान इमाम जामा मस्जिद टाटशाह मुफ़्ती शमसुल कमर अलीमी साहब, महासचिव हाजी गुलाम अहमद सिद्दीकी, मौलाना फैसल हाशमी, हाजी खुर्शीद अहमद, हाजी वसीम, डॉ इरफान, एडवोकेट आफताब खान शेरू, मौलाना शाबान, शहाब खान, पार्षद फरीद कुरैशी, आदि मौजूद रहे।

## धूमधाम से मनाया गणेश उत्सव

अयोध्या। भाद्रपद महीने की शुक्ल पक्ष चतुर्थी का दिन शिव और पार्वती के पुत्र भगवान गणपति गणेश के जन्म का प्रतीक है। गणेश उत्सव के रूप में मनाए जाने वाले पर्व को गणेश कुंड पर गणेश महोत्सव समिति द्वारा आज का दिन बड़े ही धूमधाम से उत्सव के साथ मनाया गया। गणेश कुंड पर सायं काल को आचार्य मंगलाचार्य पाठक के द्वारा प्रमुख यजमान डॉ आदित्य दुबे की उपस्थिति में भगवान गणेश जी का विधिवत पूजन अर्चन कराया गया। पूजन के उपरांत तिवारी मंदिर के महंत तथा अयोध्या नगर निगम के महापौर और गिरीश पति त्रिपाठी ने शिव पुराण में भगवान गणेश के जन्म से संबंधित बड़ी ही रौचक कथा सुनाते हुए बताया कि भगवान गणेश जी का जन्म माता पार्वती के द्वारा उनके शरीर पर लगाये हल्दी के उबटन से भगवान गणेश का जन्म हुआ। माता पार्वती ने अपना उबटन इकट्ठा कर उससे एक पुतला बनाया तथा पुतले में प्राण डाल दिया और विनायक नाम रखा। इसी कारण से गणेश चतुर्थी को विनायक चतुर्थी भी कहा जाता है। विधि विधान पूर्वक पूजन उपरांत महा आरती का भी आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से लश्करी मंदिर के महंत उमेश दास, वीर हनुमान मंदिर के महंत कौशल्यानंद वर्धन मिश्रा, महंत अमरजीत दास, इंजीनियर रवि तिवारी, स्थानीय पार्षद विनय जायसवाल, भवानी शंकर त्रिपाठी आदि सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने थाने में दी तहरीर

सीतापुर! हिंदू समुदाय के लोगों को बहला फुसलाकर धमानंतरण कराने का आरोप लगाते हुए बजरंग दल के कार्यकर्ता ने थाने पर तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। राष्ट्रीय बजरंगदल के जिला उपाध्यक्ष राहुल गुप्त ने पुलिस को तहरीर देकर बताया है कि देवरिया खुर्द पूंजीखेड़ा में मतांतरण की सूचना मिली थी। मौके पर मानपुर के मोहज्ज्बपुर बसेरा के संजीव पुत्र लक्ष्मण कई ग्रामीणों को इकट्ठा कर बहला फुसलाकर ईसाई धर्म अपनाने के लिए प्रेरित कर रहा था। मना करने पर संजीव मारपीट पर आमादा हो गया जिससे राहुल ने वहां से वापस आकर सदरपुर थाने में तहरीर दी। प्रभारी निरीक्षक सदरपुर राकेश सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है, मामले की जांच कराकर प्रभावी कार्रवाई की जाएगी।

# कनहर बांध बनने के दो साल बाद भी नहरों का काम अधूरा

जिला संवाददाता(vol)



दुद्धी, सोनभद्र। कनहर सिंचाई परियोजना के जिम्मेदार अधिकारियों की सुस्ती के कारण अभी तक नहर का निर्माण कार्य अधूरा होने से कनहर बांध का पानी सीधे कनहर नदी में बह रहा हैं और क्षेत्र के किसान सिंचाई के लिए टकटकी लगाए हुए हैं। कनहर सिंचाई परियोजना की लापरवाही दो साल से किसानों पर भारी पड़ रही हैं। कनहर बांध बने करीब 2 वर्ष होने को हैं लेकिन अभी तक न तो बायीं नहर का पूरा हुआ और न ही दायी नहर का, इसलिए कनहर बांध के सभी फाटक से सीधे कनहर नदी में पानी बह रहा हैं, जिससे करोड़ों के कनहर सिंचाई परियोजना को लेकर सवाल उठने लगे हैं।

क्षेत्र के किसानों का कहना हैं कि कनहर बांध बनने से उम्मीदें जगी थी कि अब सिंचाई के लिए कनहर बांध से नहर द्वारा पानी मिलेगी लेकिन कनहर बांध बनने के दो साल बाद भी खेतों को पानी नही मिलना शुरू हुआ हैं, इसका सबसे बड़ा कारण नहर का अधूरा होना बताया जा रहा हैं।नहर नही बनने के कारण हजारों क्यूसिक पानी प्रतिदिन कनहर नदी में फालतू छोड़ा जा रहा हैं। अगर यही पानी नहरों के माध्यम से छोड़ा जाता तो क्षेत्र के हजारों किसानों को सिंचाई के लिए जरूरी पानी मिल जाती जिससे किसानों को अधिक उपज में मददगार साबित होती लेकिन कनहर सिंचाई परियोजना के अधिकारियों की लापरवाही किसानों पर अब धीरे-धीरे भारी पड़ने लगी हैं।

इस सम्बन्ध में कनहर सिंचाई परियोजना के अधिशासी अभियंता ई. विनोद कुमार ने बताया कि पैसा नही होने के कारण नहर का काम पूर्ण नही किया जा सका है। शासन को बजट के लिए लिखा गया है, बजट मिलते ही नहर के काम में तेजी लायी जाएगी।

### 35467 हेक्टेयर क्षेत्र सिंचित करने की योजना खटाई में

दुद्धी, सोनभद्र। किसानों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने हेतु कनहर नदी पर 39.90 मीटर ऊँचा तथा 3.24 किमी0 लम्बा बांध बनाकर 0.15 मिलियन एकड़ फीट जल उपयोग करने हेतु कनहर सिंचाई परियोजना का निर्माण गया है। इस परियोजना में 104.85 किमी0 मुख्य नहरें एवं शाखायें तथा 144.19 किमी0 लम्बी राजवाहों एवं अल्पिकाओं के माध्यम से 26075 हेक्टेयर कृषि योग्य क्षेत्र में दोनों फसलों को मिलाकर कुल 35467 हेक्टेयर क्षेत्र सिंचित करने का प्रस्ताव है। इस परियोजना के क्रियान्वयन से दुद्धी एवं चोपन विकास खण्डों के लगभग 108 ग्रामों के कृषक परिवार लाभान्वित करने की योजना नहर का काम अधूरा होने के कारण खटाई में पड़ती हुई नजर आ रही हैं।

## 2200 करोड़ से अधिक खर्च के बाद भी किसानों के खेतों को सिंचाई के लिए नहीं मिला रहा पानी

दुद्धी, सोनभद्र। कनहर सिंचाई परियोजना की मूल लागत वर्ष 1976-77 में रू0 27.75 करोड़ (दर अनुसूची-1976) आंकलित की गयी थी, जिसका प्राक्क्लन केन्द्रीय जल आयोग एवं उव प्रव शासन को प्रेषित किया गया था। उव प्रव शासन द्वारा इसकी वित्तीय स्वीकृति पत्रांक 258/79/23-सी-999/73, 29.01.1979 द्वारा रू0 27.75 करोड़ के लिए प्रदान की गयी थी। परियोजना का निर्माण कार्य वर्ष 1978-79 में प्रारम्भ हुआ, तत्पश्चात 1983-84 से वर्ष 2009-2010 तक कार्य स्थगित रहा तथा 27 वर्ष की अवधि में छत्तीसगढ़ व झारखण्ड राज्य से सहमति प्राप्त करने तथा सृजित परिसम्पत्तियों के रख-रखाव के साथ-साथ स्पिलवे के परिकल्पन हेतु आवश्यक डाटा के लिए मृदा परीक्षण संबंधी अनुसंधान कार्य बांयी कनहर नहर के सर्वेक्षण कार्य, कृषक भूमि का अधिग्रहण एवं मुआवजा वितरण का कार्य कराया गया।

केन्द्रीय जल आयोग से स्वीकृति उपरान्त व्यय वित्त समिति की बैठक 08.01.2015 को रू0 2239.35 करोड़ के लिए अनुमोदित किया गया, जिसका स्वीकृति अ0शा0 पत्रांक सं0-316/प्रा0र0भू0प्र0/13, व्यय वित्त समिति, सचिवालय द्वारा निर्गत किया गया। पुनरीक्षित परियोजना की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति उ0 प्र0 शासन के पत्रांक-223/2015/ 2322/ 15-27- सिं0-4-172(डब्लू)परि 0/06, ि14.10.2015 द्वारा निर्गत की गयी है। वर्ष 2013-14 में रू0 50.00 करोड़, वर्ष 2014-15 में रू0-195.00 करोड़, वर्ष 2015-16 में रू0-295.00 करोड़, 2016-17 में रू0-450.00 करोड़, वर्ष 2017-18 में रू0-205.00 करोड़, वर्ष 2018-19 में रू0-410.00 करोड़ वर्ष 2019-20 में रू0-269.00 करोड़ एवं वर्ष 2020-21 में रूव-131.00 करोड़ आवंटित किया गया था।

इस प्रकार 03/2021 तक परियोजना पर कुल 2068.55 करोड़ व्यय किया जा चुका है। वित्तीय वर्ष 2021-22 में परियोजना पर रूव-151.80 करोड़ के प्राविधानित बजट के सापेक्ष रूव-58.80 करोड़ की वित्तीय स्वीकृति निर्गत हुई है। सिंचाई विभाग को 2021-22 तक रू0-22.40 करोड़ की साख-सीमा प्राप्त हुई है, जिसके सापेक्ष माह-08/2021 तक रू0-15.45 करोड़ उपभोग कर लिया गया है। परियोजना पर अब तक कुल 2127.35 करोड़ आवंटन के सापेक्ष 2084.00 करोड़ व्यय किया गया हैं।

# पति की दीर्घायु व सुख-समृद्धि के लिए महिलाओं ने रखा तीज व्रत, मंदिरों में उमड़ा हुजूम



बीजपुर(सोनभद्र)। पुनर्वास प्रथम स्थित श्री बेड़िया हनुमान मंदिर व मां दुधहिया देवी मंदिर पर शुक्रवार की शाम हरतालिका तीज व्रत महिलाओं ने शिव पार्वती की कथा सुन निर्जला व्रत कर पूजा पाठ किया। तीज पर्व पर व्रती महिलाओं और कुंआरी कन्याओं का पूजा पाठ के लिए मंदिरों में हुजूम उमड़ा पड़ा। सोलह श्रृंगार कर ब्रती सुहागिन महिलाओं ने भगवान भोले नाथ का विधि विधान से पूजन अर्चन किया और पति के दीर्घायु की मंगल कामना करते हुए सुख समृद्धि के लिए निर्जला उपवास रख कर मनौती की।

बेड़िया हनुमान मंदिर के आचार्य अनूप शुक्ल ने बताया कि मां पार्वती ने भगवान भोलेनाथ को अपना पति होने के लिए कठोर तपस्या की थी तपस्या के पश्चात जब उनकी मन्नत पूरी हुई तब से सुहागिन महिलाएं भी अपने पति के दीघार्यु और सुख संबृद्धि की कामना को लेकर निर्जला ब्रत कर भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा अर्चना करने लगी। हरतालिका तीज पर्व पर जरहा के अजीरेश्वर धाम एनटीपीसी आवासीय परिसर सिरसोती शिव मंदिर सहित इलाके के अनेक मंदिरों में ब्राह्मणों द्वारा बेदी बना कर इकठ्ठा महिलाओं को तीज पर्व पर शिव पार्वती कथा सुनाई गयी। समूचे दिन से देर रात तक मंदिरों में महिलाओं एंव कुंआरी कन्याओं की भीड़ पूजा पाठ में तल्लीन रही।

## निकला शाही अमारी का जूलूस

अयोध्या। शुक्रवार रात इमामबाड़ा जवाहर अली खा मे शाही अमारी का जूलूस निकाला गया कार्यक्रम वक्फ बहू बेगम मकबरा कमेटी के सयोजन में सम्पन्न हुआ, अमारी का संचालन हामिद जाफर मीसम ने किया, अमारी की पेशखवानी गदीर इमाम, शामिक आबिदी, यूसुफ आबिदी, व सिराज ने की व मजलिस मौलाना मो मोहसिन (प्रिंसिपल वसीका अरबी कालेज) ने पढ़ी, अमारी की तकरीर जीशान आजमी ने की, अमारी में ऊंट पर बैठकर साहिल रिजवी ने बशीर बनकर ह्लमदीने वालो मदीना उजड़ गया साराह्लपढा, चचा भतीजे की बातचीत मंसूब आबिदी व कुमेल आबिदी ने पढ़ी, व मरसिया ह्लमुसाफिराने मुसीबत वतन मे आते हैंह्ल सिब्तैन मेहदी श्यावर ने पढा, अमारी जूलूस खत्म होने पर अंजुमन गुंचाए मजलूमिया, मासूमिया, अबिदिया, हुसैनिया ने नौहाखवानी की। इस मौके पर भारी संख्या में जूलूस की जियारत के लिए महिला व पुरुष मौजूद थे। अमारी में श्रद्धालुओ के लिए शरबत का स्टाल जैन, मोतीब, अलीशा, तालिब, द्वारा लगाया गया। अमारी की समाप्ति पर मुतावल्ली अशफाक हुसैन जिया व अहमद जमीर सैफी ने आए हुए सभी श्रद्धालुओ, पुलिस प्रशासन, ताजीदारान कमेटी का शुक्रिया अदा किया।

# स्थापना के साथ गणेशोत्सव की शुरुआत



सोनभद्र। एनटीपीसी विंध्याचल के मंदिर प्रांगण में गणेश चतुर्थी के अवसर पर परियोजना के पूजा समिति द्वारा गणेशोत्सव का शुभारांभ विधि-विधान से गणेशजी की मूर्ति स्थापना कर किया गया। इस बार गणेश उत्सव के अवसर पर पुजा पंडाल को आकर्षक ढंग से सजाया गया है, जो श्रद्धालुओं को अपनी ओर आकर्षिक कर रही है। पूरा मंदिर प्रांगण रोशनी से जगमगा रहा है। कार्यकारी निदेशक(विंध्याचल) ई सत्य फणि कुमार, मुख्य महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) समीर शर्मा, मानव संसाधन प्रमुख राकेश अरोड़ा एवं सभी महाप्रबंधकगणों द्वारा पूजा व आरती कर गणेशजी पर पुष्प अर्पण किया गया।

गणेशजी की स्थापना के उपरांत सभी श्रद्धालुओं ने गणेशजी पर पुष्प अर्पण किया तथा आरती मे भाग लेकर गणेशजी की पूजा अर्चना की। गणेशोत्सव आज से शुरू होकर 16.09.2024 को धूमधाम से मनाया जाएगा, जिसमे विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे-फैन्सी ड्रेस, नृत्य, रंगोली, शंखनाद, चित्रकला प्रतियोगिता, लड्डू खाना प्रतियोगिता, पुजा की थाली सजावट प्रतियोगिता, गीत-गायन प्रतियोगिता, प्रश्नोत्री प्रतियोगिता आदि विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। आयोजन को सफल बनाने के लिए गणेश पुजा समिति का गठन किया गया है, जिसमें डी के अग्रवाल (अध्यक्ष), संदीप कोहली (उपाध्यक्ष) पंकज पांडेय व विशाल गोयल (कोषाध्यक्ष), तनुज कुमार (सचिव) एवं वेद प्रकाश (सयुंक्त सचिव) है। जिनके मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

इस अवसर पर भारी संख्या में एनटीपीसी के अधिकारी, कर्मचारी एवं उनके परिवार के सदस्य तथा पूजा कमेटी के सदस्य भी उपस्थित रहे।

## पूर्व सांसद मित्रसेन यादव की मनी पुण्यतिथि

मिल्कीपुर-अयोध्या। पूर्व सांसद स्वर्गीय मित्रसेन यादव की 9वीं पुण्यतिथि पर किसान इंटर कॉलेज कल्याणपुर परिसर में श्रद्धांजलि एवं पुण्यतिथि समारोह आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि विधान परिषद नेता प्रतिपक्ष लाल बिहारी यादव तथा विशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री ललई यादव रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ सपा नेता चैधरी महेंद्र प्रताप सिंह ने की। हैरिंगटनगंज ब्लाक क्षेत्र स्थित किसान इंटर कॉलेज कल्याणपुर के परिसर में आयोजित पुण्यतिथि समारोह में पहुंचे अतिथियों का पूर्व मंत्री आनंद सेन यादव ने स्वागत किया। समारोह को संबोधित करते हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री शैलेंद्र यादव उर्फ ललई यादव ने पूर्व सांसद के राजनीतिक उत्तराधिकारी पुत्र आनंद सेन यादव को हर संभव मदद का भरोसा दिलाते हुए उनसे बाबूजी के संघर्षों को आगे बढ़ाते रहने की बात कही। समारोह को संबोधित करते हुए सांसद अवधेश प्रसाद ने स्वर्गीय मित्रसेन यादव को युग पुरुष बताया और केंद्र तथा प्रदेश में सत्तासीन भारतीय जनता पार्टी की सरकार को आड़े हाथों लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नेता प्रतिपक्ष एमएलसी एवं मिल्कीपुर उपचुनाव प्रभारी लाल बिहारी यादव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि स्वर्गीय मित्र सेन यादव को सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी जब मिल्की पूर्व चुनाव में राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा घोषित पार्टी प्रत्याशी अधिक प्रसाद को मिल्कीपुर का विधायक चुनकर भेजा जाए। सपा जिला ध्यक्ष पारसनाथ यादव ने संगठन के सभी पदाधिकारी कार्यकताओं से अपील करते हुए कहा कि मिल्कीपुर उप चुनाव में सपा प्रत्याशी की जीत ही स्वर्गीय बाबू मिशन यादव को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने उनके संघर्षों को एक-एक करके गिराया।

# बोर्ड बैठक में सर्वसम्मत से कई प्रस्ताव पास

लहरपुर /सीतापुर। स्थानीय पालिका सभागार में शनिवार को पालिका बोर्ड की एक बैठक हाजी जावेद अहमद अध्यक्ष नगर पालिका परिषद की अध्यक्षता में संपन्न।

बैठक में सफाई व्यवस्था हेतु सफाई कर्मचारी बढ़ाने एवं सफाई उपकरण ठेलिया, ई रिक्शा आदि क्रय करने हेतु सभासद मनीष शुक्ला, हक नवाज, मोहम्मद मोइन खान के द्वारा प्रस्ताव किया गया जिसे सर्वसम्मत से पास किया गया, बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों द्वारा अपने-अपने वार्डों के विकास कार्य करने हेतु प्रस्ताव दिए गए जिसके संदर्भ में अध्यक्ष हाजी जावेद ने बताया कि, 12 करोड़ की कार्य योजना नगर के विभिन्न वार्डों मैं नाला, नाली, इंटरलॉकिंग लगाने हेतु शासन को भेजी गई है स्वीकृत होने पर विकास कार्य कराए जाएंगे, प्रकाश व्यवस्था हेतु सभासद श्रीमती मोहिसिना खातून, श्रीमती सन्नो आदि सदस्यों द्वारा मजाशाह चौराहा स्थित गेट के ऊपर प्रकाश व्यवस्था एवं सौंदर्यीकरण के लिए प्रस्ताव रखा गया जिसके लिए अवर अभियंता को आंगणन तैयार करने हेतु निर्देशित किया गया, सभासदों ने मजाशाह चौराहा व पाटनदीन चौराहा पर फौव्वारा लगाने हेतु प्रस्ताव किया गया व सभासदों ने पाइपलाइन विस्तार का प्रस्ताव रखा जिस पर अध्यक्ष के द्वारा सभी वार्डों में जहां-जहां पाइपलाइन नहीं है उसे तत्काल डलवाने हेतु निर्देश दिया, नागरिकों की सुविधा हेतु 2 बॉडी फ्रीजर मंगवाने का प्रस्ताव रखा गया जिसे सर्वसम्मत से पास किया गया, सभासदों ने नगर की गलियों में जहां बड़ी गाड़ी नहीं जा सकती है उसके लिए एक 7 मीटर ऊंची हाइड्रोलिक सीढ़ी व दो हाथ वाली सीढ़ी क्रय करने के लिए प्रस्ताव दिया, सभासदों ने वरासत टैक्स कम करने व डिवाइडर रोड विश्वा तिराहे से मजाशाह चौराहे तक लगे पोलों पर लाइटों को तत्काल ठीक करने का प्रस्ताव रखा जिसे सभी सदस्यों ने सर्वसम्मत पास किया। बैठक में अध्यक्ष ने बताया कि नगर में कूड़ा डंप करने की समस्या है जिसके लिए सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट के अंतर्गत तहसील से भूमि की मांग की गई है प्राप्त होने पर नगर को कूड़े से निजात मिल जाएगी। बैठक में जलकल कंपाउंड में एक गैरेज का निर्माण व तीन शेड डलवाने की भी मांग की गई जिसे सभी सदस्यों द्वारा पास किया गया। बैठक के अंत मे अध्यक्ष द्वारा नगर के चौमुखी विकास हेतु अधिक से अधिक धनराशि शासन से मांगने हेतु कार्य योजना बनाई जाने का प्रस्ताव किया जिसे सर्वसम्मत से पास किया गया।

## विद्यार्थियों को स्टेडियम में कराया भ्रमण

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के प्रबंध अध्ययन संकाय के वित्तीय अध्ययन विभाग में संचालित एमबीए फाइनेंस एंड कंट्रोल के अंतर्गत दीक्षारंभ समारोह का आयोजन उत्साहपूर्वक शनिवार को किया गया। दीक्षारम्भ




कार्यक्रम के तहत नवप्रवेशित विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय के केंद्रीय पुस्तकालय, एकलव्य स्टेडियम समेत कई विभागों में भ्रमण कराया गया। कार्यक्रम के शुरूआत में नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं का परिचय विभाग के समस्त वरिष्ठ छात्र-छात्राओं से वरिष्ठ छात्र सेजल श्रीवास्तव एवं किशन चैहान के नेतृत्व में कराया गया। तत्पश्चात विभाग के प्राध्यापक प्रो. अजय द्विवेदी, डॉ. आलोक गुप्ता, सुशील कुमार, मो. अबू सालेह, मनोज कुमार त्रिपाठी व यशि सिंह तथा वेद प्रकाश श्रीवास्तव ने छात्र-छात्राओं को विश्वविद्यालय में स्थापित विभिन्न संकाय व उपलब्ध सुविधाओं तथा विश्वविद्यालय की अवधारणा को बताया। विभाग के वरिष्ठ छात्र-छात्राओं ने अपना परिचय नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं को तथा नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं ने अपना परिचय वरिष्ठ छात्र-छात्राओं को दिया। इसके उपरांत नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं को संकाय के अलग-अलग विभागों का भ्रमण कराया गया तथा संकाय में उपलब्ध सुविधाओं जैसे कि विभागीय लाइब्रेरी, मीटिंग रूम, ग्रुप डिस्कशन रूम, कॉन्फ्रेंस रूम, कंप्यूटर लैब व गर्ल्स कॉमन रूम इत्यादि के बारे में बताया गया। तत्पश्चात सभी छात्र-छात्राओं एकलव्य स्टेडियम में पहुंचे। वहां क्रीड़ा प्रभारी ने बताया कि विश्वविद्यालय में कुल 36 इंडोर व आउटडोर गेम्स उपलब्ध हैं, जिससे समय- समय पर आयोजित भी कराया जाता रहता है। उन्होंने बताया कि अभी तक कुल 5 विश्वविद्यालय के ऐसे छात्र रहे है। जिन्होंने ओलंपिक खेल मे प्रतिभाग किया है इसके बाद उन्होंने ने विश्वविद्यालय का मेजर ध्यानचंद इंदूर स्टेडियम का अवलोकन कराया जहां उन्होंने विश्वविद्यालय कि उपलब्धियों से संभित जानकारी व चित्रों से अवगत कराया। तत्पश्चात भ्रमर दल अमृत सरोवर पहुचा जहां उन्होंने एक पौधा अपने माँ के नाम पर लगाया।

# शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध किया जाये: डीएम

जिला संवाददाता(vol)



सोनभद्र। शासन की मन्शा के अनुरूप जिले की चारों तहसीलों में ह्यह्यसम्पूर्ण समाधान दिवसह्यह्य का आयोजन सितम्बर महीने के पहले शनिवार को किया गया, मुख्य सम्पूर्ण समाधान दिवस ओबरा में जिलाधिकारी बीएन. सिंह व एसपी यशवीर सिंह ने आये शिकायताकताओं के समस्याओं को सरलभाव से सुना, शिकायत का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से किये जाने के निर्देश विभाग से जुड़े सम्बन्धित अधिकारियों को देते हुए कहा कि इसमें किसी प्रकार की शिथिलता व लापरवाही न बरती जाये।

प्रकरणों का समाधान सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस के मौके पर विभागीय कार्मिकों की टीम द्वारा किया जायेगा और जो मामले एक या दो दिन के अन्दर निस्तारित नहीं होंगे, उनका निस्तारण उच्च स्तरीय अधिकारी द्वारा मौके पर जाकर निस्तारित किया जायेगा। इसी प्रकार से जिलाधिकारी ने जमीन सम्बन्धी प्रकरणों के निस्तारण के लिए सम्बन्धित राजस्व विभाग व पुलिस विभाग के कार्मिकों को निर्देशित करते हुए कहा कि विवादित जमीन वाले स्थल पर जाकर संयुक्त रूप से जॉच किया जाये, इसके बाद कार्यवाही करते हुए पीड़ित को न्याय दिलाया जाये। ने 53 शिकायतें सुनते हुए मौके पर ही 08 मामलें निस्तारित किये गये, बाकी 45 प्रकरणों को समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने की कार्यवाही अमल में लायी जा रही है।

उप जिलाधिकारी ओबरा विवके कुमार सिंह, जिला विकास अधिकारी शेषनाथ चैहान, तहसीलदार ओबरा सुनील कुमार, मुख्य चिकित्साधिकारी

- **विवादित जमीन वाले स्थल पर जाकर संयुक्त रूप से जांच कर पीड़ित को न्याय दिलाय: डीएम**

डॉ0 अश्वनी कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक, प्रभारी जिला सूचना अधिकारी सुधांशु शेखर शर्मा, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी रमाशंकर यादव, नायब तहसीलदार सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहें। राबर्ट्सगंज में मुख्य विकास अधिकारी सौरभ गंगवार की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, उप जिलाधिकारी सदर उत्कर्ष द्विवेदी, अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह, तहसीलदार अमित कुमार आदि ने 104 शिकायतें सुनते हुए, मौके पर ही 10 मामलें निस्तारित किये गये और 06 टीमों को क्षेत्र में भेजकर 06 प्रकरणों को निस्तारित किये गये। तहसील दिवस राबर्ट्सगंज में कुल 16 मामले निस्तारित हुए, बाकी 88 प्रकरणों को समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

घोरावल में उप जिलाधिकारी घोरावल राजेश सिंह की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, तहसीलदार घोरावल, सी0ओ0 घोरावल अमित कुमार आदि ने 70 शिकायतें सुनते हुए, मौके पर ही 05 मामलें निस्तारित किये गये और 01 टीम को क्षेत्र में भेजकर 01 प्रकरणों को निस्तारित किये गये। इस प्रकार तहसील दिवस घोरावल में कुल 06 मामले निस्तारित हुए, बाकी 64 प्रकरणों को समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

दुद्धी में उप जिलाधिकारी दुद्धी निखिल यादव की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस सम्पन्न हुआ। तहसीलदार दुद्धी ज्ञानेन्द्र आदि ने 51 शिकायतें सुनते हुए, मौके पर ही 03 मामलें निस्तारित किये गये और 01 टीम को क्षेत्र में भेजकर 01 प्रकरणों को निस्तारित किये गये। इस प्रकार तहसील दिवस दुद्धी में कुल 04 मामले निस्तारित हुए, बाकी 47 प्रकरणों को समयबद्ध तरीके से निस्तारित हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

## सियार के हमले में मासूम बच्चों सहित सात घायल

पीलीभीत। प्रदेश तराई क्षेत्र के जंगल से सटे पीलीभीत जिले में शनिवार को सियार के हमले में मासूम बच्चों सहित सात लोग घायल हो गए। सभी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। प्रभागीय वन अधिकारी (डीएफओ) मनीष सिंह ने बताया कि वन विभाग की टीम ने मौके पर निरीक्षण कर पाया कि यह हमला एक सियार ने किया है। उन्होंने बिलसंडा और सेहरामऊउत्तरी थाना क्षेत्र में वन्य जीव के हमले की पुष्टि के साथ स्पष्ट किया की सभी हमले सियार के ही हैं। सिंह ने बताया कि रिकार्ड के अनुसार पीलीभीत टाइगर रिजर्व में भेड़िए अभी तक नहीं देखे गए हैं। सुसबार गांव के पूर्व प्रधान झाझन लाल ने बताया कि जहानाबाद थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सुसवार और पंसोली गांव में शनिवार सुबह खेत पर जा रहे कुछ किसान सहित मासूम बच्चों पर खेत से निकले सियार ने हमला कर दिया जिसमें सात लोग घायल हो गए। इस घटना की जानकारी होने पर पुलिस और प्रशासन के अधिकारी और वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और इस मामले की जांच की। पुलिस के मुताबिक, घायलों में नौ वर्षीय पंकज, 17 वर्षीय रोशनी और तीन वर्षीय खुशी शामिल हैं।

संक्षेप

## श्री अध्यात्म शक्तिपीठ में दस दिवसीय गणेश पूजन शुरू

सोहावल-अयोध्या। श्रीअध्यात्म शक्तिपीठ मुबारकगंज में दस दिवसीय गणेश पूजन उत्सव शुरू हुआ। मुख्य अर्चक सुधीर पांडेय की देखरेख में रोहित पांडेय मुन्ना व अन्य साधकों ने पीठ में स्थापित भगवान हरिद्रा गणपति के विग्रह का अभिषेक कर षोडशोपचार पूजन किया।

पीठ परिसर में स्थापित भगवती तारा, मां पीतांबरा, स्वामीजी महाराज तथा पीठ के संस्थापक गुरुदेव रामकृष्ण पांडेय आमिल समेत सभी देवी-देवताओं के विग्रह की भी विशिष्ट पूजा की गई। गणपति पूजन में श्रवण जायसवाल, रीना जायसवाल, सुनीता सिंह, रमेश विश्वकर्मा, संध्या, अमित, अनुराग पांडेय, आलोक मिश्र समेत अनेक साधकों ने प्रतिभाग किया। मुख्य अर्चक पांडेय ने बताया कि जगत कल्याण के लिए होने वाले इस दस दिवसीय पूजन में गणपति अथर्वशीर्ष, संकट नाशन गणेश स्तोत्र, गणेश पंचरत्न का पाठ किया जाएगा। साथ ही गणपति मंत्र का जाप किया जाएगा।

# समाधान दिवस में 206 शिकायतें मिलीं, आठ का निस्तारण



जिला संवाददाता(vol)

सोहावल-अयोध्या। तहसील में संपन्न हुए तहसील समाधान दिवस में कुल 206 शिकायतें आई। जिसमें 8 शिकायत का निस्तारण दोनों पक्षों की मौजूदगी में कर दिया गया।एस डी एम अशोक कुमार सैनी के अनुसार तहसील दिवस की अध्यक्षता अपर जिला अधिकारी वित्त एवं राजस्व महेन्द्र सिंह ने किया।

इस मौके पर सुचितागंज निवासी राम अवतार ने प्रार्थना पत्र दिया कि मेरे पुत्र अर्जुन की मृत्यु 7 मई 2024 को हो गई है। जिसका मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिये अधिशासी अधिकारी खिरौनी सुचित्तागंज को 3 माह पूर्व प्रार्थना पत्र दिया गया है। अब तक मृत्यु प्रमाण पत्र नहीं बना है।बड़ी गलिबपुर निवासी शशांक सिंह ने विद्युत विभाग के विरुद्ध उत्पीड़न का आरोप लगाते हुये अपनी शिकायत दर्ज करायी।

सभासद आशीष श्रीवास्तव और सभासद फरीद अहमद ने नगर पंचायत के कर्मचारियों की कार्यशैली की शिकायत करते हुए निस्तारण की मांग की है।इस मौके पर आईपीएस अधिकारी क्षेत्राधिकार सदर अरुण कुमार सिंह बीडीओ भावना यादव नायब तहसीलदार शेखर शुक्ला नायब तहसीलदार रिशु जैन खण्ड शिक्षा अधिकारी रविता राव उप खण्ड अधिकारी विद्युत विभाग मनोज कुमार यादव सप्लाई इंस्पेक्टर शशांक सिंह सहायक विकास अधिकारी कृषि रंजीत त्रिपाठी थानाध्यक्ष रौनाही पंकज कुमार सिंह सहित दर्जनों अधिकारी मौजूद रहे।

### मिल्कीपुर में आई 64 शिकायते चार का मौके पर निस्तारण

मिल्कीपुर-अयोध्या। उप जिलाधिकारी मिल्कीपुर राजीव रतन सिंह की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस में 64 शिकायत आई। मौके पर चार शिकायत का निस्तारण हुआ। पारा ब्रह्मनान निवासी नरेंद्र यादव ने डेढ़ माह बीत जाने के बाद जन्म प्रमाण पत्र ना बनाए जाने की शिकायत किया। खंड विकास अधिकारी केपी श्रीवास्तव ने शिकायत के निस्तारण का आश्वासन दिया। तुलसमपुर निवासी भरत लाल गुप्ता शिकायत किया कि के सामने सीलिंग की भूमि पर अवैध कब्जा कर रहे हैं। उप जिलाधिकारी ने शिकायत के निस्तारण का आदेश दिया। इस मौके पर तहसीलदार प्रदीप कुमार सिंह,नायब तहसीलदार आनंद प्रकाश राव, खंड विकास अधिकारी मिल्कीपुर केपी श्रीवास्तव समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### डीएम की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस संपन्न

बहराइच । आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय शनिवार को आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवसों की कड़ी में माह सितम्बर के प्रथम शनिवार को तहसील नानपारा में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी मोनिका रानी ने मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉ. पवित्र मोहन त्रिपाठी, उप जिलाधिकारी अश्वनी पाण्डेय व पुलिस क्षेत्राधिकारी प्रद्युम्न सिंह व अन्य अधिकारियों के साथ जनसमस्याओं की सुनवाई करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजय कुमार, जिला विकास अधिकारी राज कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी राघवेन्द्र द्विवेदी, जिला गन्ना अधिकारी आनन्द शुक्ला, जिला पूर्ति अधिकारी नरेन्द्र तिवारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी रमाशंकर गुप्त, दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी बी.पी. सत्यार्थी, जिला प्रोबेशन अधिकारी विनोद कुमार राय सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी, बीडीओ, बीईओ, सीडीपीओ व थानाध्यक्षगण मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि तहसील नानपारा में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त 82 प्रार्थना-पत्रों में 11, मिहींपुरवा (मोतीपुर) में प्राप्त 22 में 02, पयागपुर में प्राप्त 109 में 07, कैसरगंज में 102 में 06, महसी में 42 में 06, सदर बहराइच में 29 में 03 का निस्तारण मौके पर किया गया। तहसील महसी में अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव ने एसडीएम अखिलेश कुमार सिंह के साथ जबकि अन्य तहसीलों में सम्बन्धित उप जिलाधिकारियों की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस सम्पन्न हुआ।

## भेड़िये पर रखी जा रही कड़ी नजर : डीएफओ

बहराइच । प्रभागीय वनाधिकारी, बहराइच ने बताया कि 06 सितम्बर 2024 की रात्रि में हिंसक भेड़िया द्वारा किसी प्रकार की कोई भी घटना कारित नहीं की गई है। डीएफओ ने बताया कि हिंसक भेड़िया की सक्रियता/प्रभावित क्षेत्र को उच्च स्तर से 03 सेक्टरों में बांटकर प्रत्येक सेक्टर के लिए प्रभारी अधिकारी नामित किये गये हैं तथा प्रभाग स्तर पर कमांड सेंटर भी क्रियाशील है। सेक्टर प्रभारियों द्वारा 24 घंटे प्रभावित क्षेत्र को निगरानी में रखा जा रहा है तथा हिंसक भेड़िया के रेस्क्यू की कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है। वरिष्ठ अधिकारीगणों द्वारा भी हिंसक भेड़िया के हमले से प्रभावित क्षेत्र में गश्त कर निगरानी की जा रही है तथा जन जागरूकता के तहत प्रभावित क्षेत्रों के समस्त ग्रामवासियों को रात्रि में अपने घरों के अन्दर दरवाजा बन्द करके सुरक्षित सोने हेतु अनुरोध किया जा रहा है। प्रभाग स्तर पर क्रियाशील कमांड सेंटर द्वारा हिंसक भेड़िया प्रभावित क्षेत्र के सेक्टर प्रभारियों द्वारा उपलब्ध करायी गयी सूचनाओं को संकलित करते हुए वरिष्ठ अधिकारीगणों को प्रेषित किया जा रहा है एवं उनसे प्राप्त दिशा निर्देशों को सेक्टर प्रभारियों को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया जा रहा है।

## बच्चों को कराया अन्नप्रासन्न

बहराइच । तहसील नानपारा में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये स्टालों के निरीक्षण करते हुए डीएम मोनिका रानी ने आईसीडीएस के स्टाल पर 04 गर्भवती महिलाओं श्रीमती कृष्णावती, राजवन्ती, रेखा व रिंकी तथा दो बच्चों महिमा व रूही का अन्नप्रासन्न कराया।

## मानव वन्यजीव संघर्ष में घायल हुए लोगों के खातों में भेजी गई सहायता राशि

बहराइच । जिलाधिकारी मोनिका रानी के बताया कि तहसील महसी अन्तर्गत मानव वन्यजीव संघर्ष से प्रभावित क्षेत्रों में हिंसक वन्यजीवों के कारण घायल हुए 10 व्यक्तियों को त्वरित सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से घायलों अथवा उनके विधिक वारिसों के बैंक खातों में प्रति घायल रू. 5,400=00 की दर से कुल धनराशि रू. 54 हजार ई-पेमेन्ट के माध्यम से भेजे गये हैं। डीएम ने बताया कि तहसील महसी अन्तर्गत ग्राम सिसैयाचूरामणि नि. मखाना पत्नी महादेव व सोनम पुत्री मो. हनीफ, टेपरा नि. पूनम पुत्र रामू, मैकूपुरवा नि. कुन्नू पुत्र रंगीलाल, रेहुवामंसूर नि. पारस पुत्र सकटू, चंदपइया नि. शमा पुत्री अकबाल, छत्तरपुर नि. वंश पुत्र सतीश कुमार पाठक, जंगलपुरवा नि. मान्सी पुत्री विनोद कुमार, औराही नि. भोगी देवी पत्नी बृजलाल व नथुवापुर नि. फकीरे पुत्र शिव प्रसाद के खातों अथवा उनके विधिक वारिसों के खातों में कुल धनराशि रू. 54 हजार ई-पेमेन्ट के माध्यम से भेजे गये हैं।

# ओवरलोड वाहनों के चलने से धंस जाती है सड़क



अयोध्या। लोक निर्माण विभाग द्वारा आमंत्रित की जाने वाली निविदाओं में ठेकेदारों पर 5 वर्ष के रखरखाव की जिम्मेदारी सुनिश्चित करने के निर्णय के खिलाफ ठेकेदारों ने विरोध प्रदर्शन किया। अयोध्या कॉन्ट्रैक्टर एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष रणविजय सिंह के नेतृत्व में यह प्रदर्शन हुआ। रणविजय सिंह ने कहा कि जिन मार्गों पर नवीनीकरण कार्य होना है, उनकी स्थिति बहुत खराब हो चुकी है। इन मार्गों का बेस कमजोर है और उन पर ओवरलोड वाहनों का दबाव बढ़ता जा रहा है। जिससे ठेकेदारों के लिए 5 वर्षों तक रखरखाव करना असंभव हो रहा है।

रणविजय सिंह ने जल जीवन मिशन के तहत हो रहे कार्यों का भी हवाला दिया। जिसमें मार्गों के दोनों किनारे क्षतिग्रस्त हो रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में सिंचाई के लिए रास्ते काटे जाते हैं, टूट जाते हैं। उनका कहना है कि मार्गों की वर्तमान भार क्षमता को 45 टन तक बढ़ा दिया गया है, लेकिन पुरानी संरचना इसके अनुकूल नहीं है।

# संवैधानिक रूप से भारत घोषित हो हिंदू राष्ट्रः परमहंस

अयोध्या। तपस्वी छावनी के पूर्व महंत सर्वेश्वर दास की पुण्यतिथि के अवसर पर तपस्वी छावनी के वर्तमान पीठाधीश्वर जगतगुरु परमहंस आचार्य द्वारा भारत को संवैधानिक रूप से हिंदू राष्ट्र घोषित करने हेतु अंतर्राष्ट्रीय सनातन धर्म संसद का आयोजन किया गया, इस अवसर पर संतों की

● भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने की उठी मांग




गरिमामयी उपस्थिति में अंतर्राष्ट्रीय धर्म अंतरराष्ट्रीय सनातन धर्म संसद में सात सुत्रीय प्रस्ताव पारित किए गए जिसमें प्रमुख रूप से भारत को संवैधानिक रूप से हिंदू राष्ट्र घोषित किया जाए, गोवंश को राष्ट्रीय धरोहर घोषित किया जाए ,श्री रामचरितमानस और गीता को राष्ट्रीय ग्रंथ घोषित किया जाए, राष्ट्र को बेरोजगार मुक्त किया जाए, ईसाई और मुसलमानों के लिए जनसंख्या नियंत्रण कानून लागू किया जाए ,समान नागरिक संहिता लागू किया जाए तथा घुसपैठियों रोहिंग्या आतंकवादियों को देश से बाहर किया जाए, इस अवसर पर जगतगुरु परमहंस आचार्य जी महाराज ने सभी सात सूत्रीय मांग पर विस्तार पूर्वक अपने विचार रखते हुए कहा कि गाय हमारी माता है और विधर्मी उसको काटता है ऐसे विधर्मियों के विरुद्ध सरकार को कठोर कदम उठाने चाहिए, कार्यक्रम की अध्यक्षता जगतगुरु परिभाषा आचार्य द्वारा तथा संचालन हनुमानगढ़ी के संत राजू दास द्वारा की गई, निमार्णी अखाड़ा के महंत मुरली दास महाराज रामदास महाराज, महंत बाबा बलराम दास महाराज, सीताराम दास जी महाराज महंत राजेश पहलवान, बसंतिया पट्टी के महंत रामचरण दास महाराज ,सचिव रामदास महाराज दिनेशाचार्य महाराज, दिवाकराचार्य महाराज, सीताराम दास महाराज राकेश नाथ, वीरेंद्र प्रसाद पाठक ,धर्म सेना प्रमुख संतोष दुबे हिंदू महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता मनीष पांडेय, हिंदू महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष महंत राम लोचन शरण शास्त्री राजन बाबा आदि ने अपने विचार रखें, इस अवसर पर तपस्वी छावनी के पूर्व महंत सर्वेश्वर दास की महाराज की पुण्यतिथि मनाई गई इस अवसर परअंतर्राष्ट्रीय सनातन धर्म संसद में प्रमुख रूप से नागा नंदराम दास, पहलवान मनी रामदास, नितिन दास, लवकुश दास सूर्यभान दास, उपेंद्र दास, जितेंद्र दास, बाल योगी विनोद दास, दिग्विजय पांडे, श्रीधर दास, सहित सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## सियार ने दो युवको किया घायल



बहेड़ी, बरेली। सिर कटे सियार ने दूसरे दिन भी हमला कर दो युवकों को घायल कर दिया। एक दिन पूर्व इसी सियार ने दो महिलाओं और एक युवक को घायल कर दिया था जिसने एक महिला की दशा चिंताजनक बनी हुई है।

घटना शनिवार की सुबह साढ़े 6 बजे की गांवबताई जाती है। जसाईनागर गौंटिया निवासी दो दोस्त श्यामाचरण पुत्र केवल राम और दिनेश पुत्र पप्पू गांव से मिली हुई नदी किनारे बैठे हुए बातें कर रहे थे इसी बीच अचानक सिर कटे सियार ने दोनो पर हमला कर दिया। श्यामाचरण का हाथ नोच लिया और दिनेश के चेहरा नोच डाला। अचानक हुए हमले से दोनो बुरी तरह चीखने लगे उनकी चीख सुनकर ग

ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और लाठी डंडे लेकर सियार का पीछा किया लेकिन वह उनकी आंखों से ओझल होकर कही छिप गया। सियार के हमले से गांव में शोर मच गया और ग्रामीण दोनों घायलों को लेकर सरकारी अस्पताल पहुंचे जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनो की छुट्टी कर दी। शुक्रवार को इसी सियार ने इसी गांव जसाईनागर ने दो वृद्ध महिलाओं महारानी व श्यामकली और एक युवक सचिन पर हमला कर घायल कर दिया था। सियार को पकड़ने के लिए वन विभाग की टीम शुक्रवार से ही मौके पर डेरा डाले हुए है। टीम के लोग ग्रामीणों से बाहर अकेले न निकलने की अपील कर रहे है।

# कासगंज महिला अधिवक्ता की हत्या के विरोध प्रर्दशन कर किया कार्य - बहिष्कार



जिला संवाददाता(vol)

बहराइच। कासगंज महिला अधिवक्ता की हत्या के विरोध में वकीलों ने कार्य बहिष्कार कर किया प्रदर्शन

बहराइच कासगंज में महिला अधिवक्ता की हत्या के विरोध में शनिवार को जिले भर में वकीलों ने कार्य बहिष्कार कर प्रदर्शन किया। सभी ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंपकर आरोपियों को फांसी की सजा देने की मांग की। जिले में शनिवार को वकीलों ने कार्य बहिष्कार कर प्रदर्शन शुरू कर दिया। सभी ने कासगंज की महिला अधिवक्ता की हत्या के विरोध में प्रदर्शन किया। आरोपियों को फांसी की सजा देने की मांग की।समाजवादी पार्टी अधिवक्ता सभा की ओर से जिलाध्यक्ष शकील अहमद (बब्लू) एडवोकेट के नेतृत्व में तमाम पदाधिकारियों ने जनपद कासगंज में हुई महिला अधिवक्ता मोहिनी तोमर की निर्मम हत्या के विरोध में सिटी मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर को ज्ञापन दिया।

सभी ने नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी न होने पर नाराजगी जताई। आरोपियों को फांसी की सजा देने की मांग की।

# प्रथम वर्ष के छात्रों के लिए हुआ दीक्षारंभ कार्यक्रम : प्रो शिव कुमार तिवारी

अयोध्या। का. सु. साकेत महाविद्यालय, अयोध्या के स्नातक प्रथम सेमेस्टर में नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं हेतु शासन के शासनादेश के अनुपालन में दीक्षारंभ कार्यक्रम के दूसरे दिन दिवस का शुभारंभ का शुभारंभ छात्र-छात्राओं के पंजीकरण एवं स्वास्थ्य परीक्षणों पर शुरू हुआ। आज बी एस- सी गणित एवम बी सी ए प्रथम सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं का कार्यक्रम जे पी एन सभागार हुआ। जिसके प्रभारी प्रो शिव कुमार तिवारी ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए विभागीय सहयोगियों का परिचय कराया और साथ ही प्रथम सेमेस्टर के पाठ्यक्रम पर प्रकाश डालते हुए दीक्षारंभ के महत्व को विस्तार से बताते हुए बताते हुए कहा कि विद्यार्थियों में आत्मविश्वास चरित्र निर्माण का विकास व्यक्तित्व का विकास नर सेवा नारायण सेवा जैसे सेवा भाव और विश्व बंधुत्व की भावना , विविधता में एकता की खोज ,धार्मिक विकास का उद्देश्य, विश्व बंधुत्व को बढ़ावा देना एवं पर्यावरण तंत्र को बनाए रखने के उद्देश्य से आप सभी की महत्वपूर्ण भूमिका होनी चाहिए मनोविज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो प्रणय कुमार त्रिपाठी ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि यदि उन्हें जब कभी भी चिन्ता या डिप्रेशन जैसी समस्याएं यदि सता रही हो या ग्रसित हो तो वह मनोविज्ञान विभाग में हमसे संपर्क कर सकते हैं। महाविद्यालय के परीक्षा प्रभारी प्रो ओ पी यादव ने कहा कि प्रत्येक छात्र-छात्राओं को महाविद्यालय की वेबसाइट और सूचना पट को सदैव देखते रहे। छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय सेवा योजना, रोवर्स रेंजर , एन सी सी सहित महाविद्यालय में विभिन्न प्रकार की छात्रवृतियो ,कौशल विकास आदि के संदर्भ में जानकारी दी। प्रो अशोक कुमार मिश्र ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आप जो चाहोगे वह प्राप्त कर लेंगे। सत्संग का जीवन में बहुत महत्व होता है ।जैसे आपके विचार होंगे उसी तरह की आपकी कार्यशैली होगी।आप पढ़ने के लिए आए हैं यदि आप अपने पर ध्यान देंगे, तो अवश्य अपने लक्ष्य को प्राप्त करेंगे। बी सी ए के विभागाध्यक्ष डॉ इंदु प्रताप मिश्र ने ने धन्यवाद ज्ञापित किया। डॉ अविनाश कुमार तिवारी ने कार्यक्रम का संचालन किया। द्वितीय दिवस के दीक्षारंभ कार्यक्रम में महाविद्यालय के डॉ संदीप कुमार वर्मा ,डॉ राजेश वर्मा, डॉ गौरव मिश्रा ,डॉ अनूप कुमार पांडे, डॉ सत्येंद्र तिवारी, डॉ राजकुमार गुप्ता, डा सूरज प्रसाद, डॉ अजीत कुमार माथुर, मीडिया प्रभारी प्रो आशुतोष त्रिपाठी सहित विभिन्न प्राध्यापक प्राध्यापिकाएं उपस्थिति रहे।

## पोषण पखवारा के तहत आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने लगाई प्रदर्शनी



सोहावल-अयोध्या।बाल विकास परियोजना के तहत शासन द्वारा घोषित पोषण माह के अंतर्गत शनिवार को तहसील मुख्यालय पर आँगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा माह का शुभारंभ किया गया। समाधन दिवस में आये अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व महेन्द्र कुमार सिंह ने उप जिलाधिकारी अशोक कुमार सैनी के साथ मिलकर फीता काटकर दीप प्रज्वलित किया। क्षेत्र की सीडीपीओ अनिता सोनी के नेतृत्व में आई आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने बच्चों के पोषण सम्बन्धी आहार से जुड़ी सामग्री फल फूल सब्जियां बिस्कुट एवं पका भोजन आदि का स्टाल लगाकर प्रदर्शित किया। अधिकारियों को इन सामग्रियों को खिलाकर स्वाद चखाया जिसकी सराहना किया। इस अवसर पर क्षेत्र की सभी सुपरवाइजर आंगनबाड़ी कार्यकर्ती सहित कई अधिवक्ता और तहसील के कर्मचारी मौजूद रहे।

# खंडासा रेप कांडः पीड़ित परिवार से मिला कांग्रेस प्रतिनिधि मंडल



जिला संवाददाता(vol)

अयोध्या। अमानीगंज ब्लाक के खंडासा थाना अंतर्गत बलात्कार पीड़िता के घर शनिवार को कांग्रेस का प्रतिनिधि मंडल पहुंचा। जिसका नेतृत्व युवा कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष और पीसीसी सदस्य संजय तिवारी ने किया। इस दौरान प्रतिनिधि मंडल ने पीड़िता और उसके परिवार के साथ संवेदना व्यक्त की और उन्हें न्याय दिलाने के लिए कांग्रेस पार्टी की पूरी सहायता का आश्वासन दिया।प्रतिनिधि मंडल में प्रमुख रूप से अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष रामसागर रावत, पीसीसी सदस्य राम अवध, सभासद प्रतिनिधि संतोष कोरी, ब्लॉक अध्यक्ष तेजबली पांडेय, वरिष्ठ कांग्रेस नेता भगवान बहादुर शुक्ला, अंबरीश पांडे शामिल थे। प्रतिनिधि मंडल ने पीड़िता के परिवार को सरकार से 25 लाख आर्थिक सहायता प्रदान करने की मांग की और उन्हें हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। संजय तिवारी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी पीड़िता और उसके परिवार के साथ खड़ी है और उन्हें न्याय दिलाने के लिए हर संभव प्रयास करेगी। उन्होंने सरकार से मांग की कि पीड़िता को न्याय मिले और दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा मिले।

रामसागर रावत ने कहा सरकार पीड़िता के परिवार को सुरक्षा मुहैया कराये। पीड़िता के परिवार में डर और भय का माहौल है।कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता उमानाथ शुक्ला, जेबी सिंह, संतोष तिवारी, अंजनी सिंह, सरोज रावत, पंकज सिंह, कुलदीप रावत प्रतिनिधि मंडल के साथ मौजूद रहे।

# प्रिटिंग के क्षेत्र में तेजी से तकनीकी संसाधनों का उपयोग बढ़ाः प्रो. प्रतिभा गोयल

## प्रिटिंग ओलंपियाड 2024 के प्रथम विजेता अनु को एक लाख रुपए से सम्मानित किया गया

अयोध्या। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के स्वामी विवेकानंद सभागार में शनिवार को विश्वविद्यालय व ऑफसेट प्रिंटिंग एसोसिएशन, नई दिल्ली के तहत ह्यह्यसस्टेनेबल प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग विषय पर अन्तर्राष्ट्रीय कांफ्रेंस का शुभारम्भ हुआ। कांफ्रेंस की अध्यक्षता करते हुए अवध विवि की कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल ने कहा कि प्रिटिंग तकनीक दुनिया में तेजी से बदल रही है, जो संचार की एक शक्तिशाली विधा है। वैश्विक स्तर पर बदल रही इस दुनिया में तेजी से तकनीकी संसाधनों का उपयोग बढ़ा है, इसके लिए यह आवश्यक है कि हम प्राकृतिक संसाधनों को संजो कर रखते हुए आगे बढ़े। इसके लिए पर्यावरण हितैषी संसाधनों का उपयोग करना होगा। दुनिया में प्राकृतिक संसाधन सीमित मात्रा में हैं, यदि उनका दोहन लगातार होता रहा तो आने वाली पीढ़ी के लिए मुश्किल खड़ी हो जायेगी। प्रिटिंग तकनीक में कई प्रकार के निष्प्रयोज्य



पदार्थों का कचरा निकलता है साथ ही घातक रसायनों का भी उत्सर्जन हो रहा है। ऐसी स्थिति में आने वाली पीढ़ी के लिए हमे ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देने वाले संसाधनों को अपनाना होगा, जिससे कम मात्रा में हमारे प्राकृतिक संसाधन एवं जल प्रभावित हो। दुनिया प्रिटिंग डिजीटलाइजेशन की तरफ बढ़ रही है, इसी लिए मशीन तकनीक की प्रक्रिया सस्टेनेबल होनी चाहिए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महात्मा गांधी केन्द्रीय विश्वविद्यालय मोतीहारी के कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव रहे। उन्होंने कहा कि जिस तरह से सीमा विहीन वैश्विक अर्थव्यवस्था बन रही है इसके साथ ही संसाधनों का उपयोग भी काफी बढ़ रहा है। ऐसी स्थिति में प्राकृतिक संसाधनों को बचाये रखने के लिए पर्यावरण हितैषी प्रिटिंग तकनीक को अपनाना होगा। इसके लिए इको फ्रेंडली सामग्री का उपयोग आवश्यक है। इसके साथ-साथ ही रिसाकिल किये जाने वाले पेपर और बायोडिग्रेबल इंक का उपयोग करना होगा। नवीकरणीय ऊर्जा का उपयोग करना होगा। उन प्रिटिंग तकनीकों को अपनाना होगा जो कम कचरा उत्पन्न करती हैं।कांफ्रेंस के स्वागत उदबोधन में ऑफसेट प्रिंटिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रो. कमल मोहन चोपड़ा ने बताया कि विश्व भर में संचार के लिए बड़े स्तर पर प्रिटिंग तकनीक का प्रयोग किया जा रहा है। सस्टेनेबल प्रिंटिंग न केवल पर्यावरण की दृष्टि से लाभकारी है बल्कि यह व्यवसायों को भी प्रतिस्पर्धात्मक बढ़ावा देती है। सस्टेनेबल प्रिंटिंग की लागत में दीर्घकालिक लाभ जैसे ऊर्जा की बचत और अपशिष्ट में कमी कुल लागत को कम कर सकता है।कार्यक्रम के पूर्व प्रिटिंग ओलंपियाड 2024 का आयोजन किया गया।

जिसमें उत्तर, दक्षिण, पूरब और पश्चिम भारत के 4 प्रतिभागियों ने अन्तिम चयन हुआ था, उनमें से प्रथम विजेता अनु को एक लाख रुपए का चेक पुरस्कार और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। प्रिटिंग के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिए वर्ष 2024 का प्रिंटश्री अवार्ड मि. करमेहम, तमिलनाडू को प्रदान किया गया।

## हैरिंग्टनगंज ब्लाक में आयोजित हुई प्रधानमंत्री खेल प्रतियोगिता



अयोध्या। प्रधानमंत्री खेल प्रतियोगिता में हैरिंग्टनगंज के शहीद राम सूरत इंटर कालेज के सामने देहली बाजार मार्ग पर ब्लाक स्तरीय प्रतियोगिता का उद्घाटन पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने किया। प्रतियोगिता के पहले दिन बॉलीवॉल, रस्साकसी तथा कबड्डी की प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। दो दिवसीय प्रतियोगिता में कबड्डी की 16, बॉलीवाल की 11 तथा रस्साकसी की आठ टीमें भाग ले रहीं है। हैरिंग्टनगंज ब्लाक की प्रतियोगिता का समापन रविवार को खेल मंत्री गिरीश चन्द्र यादव करेंगे। ब्लाक स्तर पर विजेता तथा उपविजेता टीमों का लोकसभा स्तर पर फाइनल खेला जाएगा।

इस दौरान पूर्व सांसद ने कहा कि पीएम मोदी का विजन खेल तथा खिलाडियों को प्रोत्साहित करना है। सरकार द्वारा खेलों के प्रोत्साहन के लिए कई योजनाएं बनाई गई है। इस तरह के छोटे आयोजनों से गांवों की प्रतिभाओं को मंच मिलता है। जिससे उनकी प्रतिभा में निखार आता है। इस दौरान ओम प्रकाश सिंह, रामू प्रियदर्शी, अवधेश पाठक, सरयू दूबे, अजय सिंह, देवेन्द्र मणि तिवारी, रामसुन्दर सरोज, आयोजन समिति के जगतनारायण शुक्ला, हरिवंश सिंह, अशोक तिवारी, मोहित मिश्र, सुनील चैरसिया सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

संक्षेप

## देश के 85 प्रतिशत युवा सुबह उठकर थकान महसूस करते हैं: सुप्राडिन

नई दिल्ली। सुप्राडिन ने 10 शहरों में सुप्राडिन फटीग सर्वे किया था। इस सर्वे के तहत किये गये अध्ययन में पता चला कि भारत के 85 प्रतिशत युवा जब सोकर उठते हैं तो उन्हें थकान महसूस होती है। इस स्टडी में और भी कुछ चौंकाने वाले परिणाम मिले हैं। यह सर्वे नेशनल न्यूट्रीशन वीक में जारी किया गया और वन नेशन 100 प्रतिशत न्यूट्रीशन के लिये सुप्राडिन के मिशन को आगे बढ़ाता है। इसका लक्ष्य पोषण की बढ़ती कमी पर जागरूकता पैदा करना और लोगों के बीच खुद की देखभाल को बढ़ावा देना है। सर्वे के नतीजों में भारत की कामकाजी आबादी के बीच बढ़ती थकान पर रौशनी डाली गई है और इसमें क्षेत्रीय तथा जनसांख्यिकीय आधार पर महत्वपूर्ण भिन्नताएं मिलती हैं। ह्यसुप्राडिन ने पोषण पर बातचीत को बढ़ावा दिया है और हम सूक्ष्म-पोषकतत्वों की कमी को दूर करने के महत्व की जमकर हिमायत करते रहे हैं। हमारा सुप्राडिन फटीग सर्वे कामकाजी लोगों के बीच थकान की अधिकता बताता है और इससे उनकी उत्पादकता पर सीधा असर होता है। यह नतीजे हमारे देश में पोषण की कमियों को तुरंत दूर करने की जरूरत पर रोशनी डालते हैं। सुप्राडिन भारत का अग्रणी मल्टीविटामिन ब्रैंड है, जहाँ हमारा मिशन है भारत के सारे लोगों के बेहतरीन स्वास्थ्य के लिये 100 प्रतिशत पोषण के महत्व का समर्थन करना।

## कनाडा की कंपनी पंजाब में निवेश करने को इच्छुक

चंडीगढ़। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने शनिवार को कहा कि कनाडा की एक कंपनी ने राज्य में खाद्य प्रसंस्करण संयंत्र स्थापित करने की इच्छा जताई है। एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि मान ने यहां कनाडाई कंपनी नेबुला ग्रुप के अध्यक्ष और चेयरमैन रमन खटरा के साथ बैठक की। मुख्यमंत्री ने कहा कि कंपनी ने खाद्य प्रसंस्करण संयंत्र स्थापित करने में गहरी रुचि दिखाई है, जिसके तहत करीब 10,000 हेक्टेयर क्षेत्रों से टमाटर, आलू और खट्टे फल खरीदे जाएंगे। मान ने कहा कि कंपनी जल्दी खराब होने वाली और ताजा फसल को अधिक समय तक इस्तेमाल करने योग्य बनाकर उनका निर्यात करेगी। उन्होंने कहा कि किसानों को बड़े पैमाने पर लाभ पहुंचाने के लिए राज्य के स्वामित्व वाली मार्कफेड और पंजाब एग्रो के साथ गठजोड़ किया जाएगा। कंपनी दोराहा के पास एक संयंत्र स्थापित करेगी।

## 297 अधिकारी भारतीय थलसेना में शामिल

चेन्नई। चेन्नई की अधिकारी प्रशिक्षण अकादमी (ओटीए) में शनिवार को एक समारोह में 258 कैडेट अधिकारी और 39 महिला कैडेट अधिकारी को भारतीय सेना की विभिन्न इकाइयों और सेवाओं में शामिल किया गया। ओटीए के परमेश्वरन ड्रिल स्क्वायर में आयोजित पासिंग आउट परेड की समीक्षा सेना के उप प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल एन.एस. राज सुब्रमणि ने की। ओटीए ने कहा कि मित्रवत देशों के दस कैडेट अधिकारी और पांच कैडेट अधिकारी (महिला) ने भी सफलतापूर्वक अपना प्रशिक्षण पूरा किया। मित्रवत देशों के कैडेट के सफलतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त करने से अंतरराष्ट्रीय सीमाओं पर सौहार्द और सहयोग की भावना को बढ़ावा मिला है। कैडेट अधिकारी संस्थान में शॉर्ट सर्विस कमीशन कोर्स के 118वें बैच तथा शॉर्ट सर्विस कमीशन कोर्स (महिला) के 32वें बैच और अन्य समकक्ष पाठ्यक्रमों से संबंधित थे। थल सेना उपप्रमुख ने अपने संबोधन में कैडेट अधिकारी और ओटीए कर्मियों की अनुकरणीय उपलब्धियों के लिए उनकी सराहना की।आपको जल्द ही दुनिया के कुछ बेहतरीन सैनिकों की कमान संभालने का सौभाग्य प्राप्त हुआ होगा। ये सैनिक आपकी सबसे मूल्यवान संपत्ति हैं। अब आपको उनके जीवन और कल्याण की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसलिए, अपनी कमान को युद्ध के लिए तैयार रहने के लिए कुशल, अनुशासित और धैर्यवान बनाएं।

## वॉल स्ट्रीट में भारी गिरावट

न्यूयॉर्क। शुक्रवार को वॉल स्ट्रीट में एक बार फिर भारी गिरावट देखने को मिली। अमेरिकी रोजगार बाजार के बारे में बहुप्रतीक्षित अपडेट इतना कमजोर आया। ऐसे में पहले ऊंची छलांग लगाने वाले प्रौद्योगिकी शेयरों को फिर से नुकसान उठाना पड़ा। इससे अर्थव्यवस्था को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं। एसएंडपी 500 में 1.7 प्रतिशत की गिरावट आई ।

# भारत जोड़ो यात्रा से एकजुट हुआ समाज



नयी दिल्ली। कांग्रेस ने राहुल गांधी के नेतृत्व वाली भारत जोड़ो यात्रा की शनिवार को सराहना करते हुए कहा कि कन्याकुमारी से कश्मीर तक की यह यात्रा पार्टी के लिए एक बड़ी बूस्टर खुराक साबित हुई और यह एक ऐतिहासिक जन आंदोलन था, जो समाज को एकजुट करने का जरिया बन गया। भारत जोड़ो यात्रा की शुरुआत की दूसरी वर्षगांठ पर, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि इस यात्रा ने साबित कर दिया कि भारतीय स्वाभाविक रूप से प्रेम करने वाले लोग हैं और हमारा यह मकसद है कि देश के हर कोने में प्रेम की आवाज सुनाई दे।

कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि राहुल गांधी और भारत जोड़ो यात्रा में शामिल हुए लोगों ने कन्याकुमारी से कश्मीर तक पैदल चलकर जो दूरी तय की, उससे करोड़ों लोगों के दिलों में प्रेम, आपसी सद्भाव और भाईचारे की अभूतपूर्व जनचेतना जागृत हुई। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, भारत जोड़ो यात्रा की दूसरी वर्षगांठ के अवसर पर मैं देशवासियों से केवल इतनी ही अपील करता हूं कि (वे) संविधान और लोकतंत्र को संजोए रखने का संघर्ष जारी रखें। उन्होंने कहा कि आर्थिक असमानताओं, महंगाई, बेरोजगारी, सामाजिक अन्याय, संविधान को तोड़ने-मरोड़ने तथा सत्ता के केंद्रीकरण के वास्तविक मुद्दों पर हमारा संघर्ष जारी है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व के हमारे संवैधानिक मूल्यों को सुरक्षित रखने का संकल्प और मजबूत होना चाहिए। खरगे ने कहा कि नफरत और विभाजन के एजेंडे को हम कामयाब नहीं होने देंगे। मोहब्बत और इंसानियत की जीत निश्चित है। कांग्रेस पार्टी थमेगी नहीं, रुकेगी नहीं। भारत माता की आवाज, हमारी आवाज है। राहुल गांधी ने यात्रा की एक वीडियो एक्स पर साझा करते हुए लिखा, ... भारत जोड़ो यात्रा ने मुझे मौन की सुघड़ता से रू-ब-रू कराया। मैंने उत्साही भीड़ और नारों के बीच अपने साथ मौजूद व्यक्ति पर पूरी तरह से ध्यान केंद्रित करना और उसकी बात सुनना सीखा। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष गांधी ने कहा कि उन 145 दिन में और उसके बाद के दो वर्ष में, मैंने विभिन्न पृष्ठभूमि के हजारों भारतीयों की बातें सुनीं। प्रत्येक व्यक्ति से ज्ञान हासिल किया, हर किसी ने मुझे कुछ नया सिखाया और सभी हमारी प्यारी भारत माता से जुड़े थे। उन्होंने कहा कि इस यात्रा ने साबित कर दिया कि भारतीय स्वाभाविक रूप से प्रेम करने वाले लोग हैं। जब मैंने यह यात्रा शुरू की थी तो कहा था कि प्रेम, नफरत पर विजय प्राप्त करेगा और आशा, भय पर जीत हासिल करेगी।

# भाजपा एकमात्र पार्टी जिसमें साधारण परिवार के भी प्रधानमंत्री बन सकते हैं



पटना। भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने शनिवार को विपक्ष पर कटाक्ष करते हुए कहा कि अन्य सभी पार्टियां वंशवाद की राजनीति तक ही सीमित हैं, जबकि भाजपा एकमात्र ऐसी पार्टी है, जिसमें साधारण परिवारों से आने वाले लोग भी देश के प्रधानमंत्री बन सकते हैं।

भाजपा के ऑनलाइन सदस्यता अभियान समारोह में यहां नड्डा ने कहा कि भाजपा में सभी को समान अधिकार और अवसर प्राप्त हैं। उन्होंने कहा, बाकी सभी राजनीतिक पार्टियां सिर्फ वंशवाद की राजनीति तक ही सीमित हैं... या कुछ पार्टियां किसी खास समुदाय का प्रतिनिधित्व करती हैं... भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है, जिसमें साधारण परिवार से आने वाले लोग भी देश के प्रधानमंत्री बनते हैं, जैसे कि नरेंद्र मोदी जी। नड्डा ने कहा, हमारी पार्टी में सभी को समान अधिकार और अवसर प्राप्त हैं। दूसरी पार्टियों में आप तभी अध्यक्ष बन सकते हैं, जब आप किसी खास परिवार, खास जाति आदि से हों। लेकिन, भाजपा वह पार्टी है, जो पूरे समाज का प्रतिनिधित्व करती है। हाल ही में प्रधानमंत्री मोदी द्वारा शुरू किए गए पार्टी के सदस्यता अभियान पर नड्डा ने कहा कि भाजपा एकमात्र ऐसी पार्टी है, जिसमें प्रधानमंत्री, राष्ट्रीय अध्यक्ष, प्रदेश अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, जिला अध्यक्ष, बूथ अध्यक्ष... सभी को हर छह साल में अपनी सदस्यता का नवीनीकरण कराना पड़ता है। किसी अन्य पार्टी में ऐसा संभव नहीं है, क्योंकि अन्य सभी दल या तो किसी विशेष जाति या किसी विशेष समुदाय या किसी परिवार के दल हैं। भाजपा समाज के सभी वर्गों के लोगों की पार्टी है। हम गांव, गरीब, किसान, दलित, आदिवासी, युवा, कमजोर और समाज के हाशिए पर पड़े लोगों की पार्टी हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत अब तक गरीबों के लिए लगभग चार करोड़ घर बनाए जा चुके हैं।

# निवेश जुटाने के लिए स्टालिन ने अमेरिकी अधिकारियों से मुलाकात



चेन्नई। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने राज्य में निवेश जुटाने के लिए बीएनवाई मेलन (बैंक ऑफ न्यूयॉर्क मेलन कॉर्पोरेशन) के वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात की। स्टालिन इस समय अमेरिका के दौरे पर हैं।

उन्होंने शनिवार को कहा कि तमिलनाडु में संभावित एआई निवेश अवसरों की खोज पर बीएनवाई मेलन के साथ एक सार्थक चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, आइए प्रौद्योगिकी के जरिये भविष्य को गले लगाएं, एआई की परिवर्तनकारी शक्ति का उपयोग करें। यहां एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि मुख्यमंत्री ने बीएनवाई मेलन के वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात की और उन्हें तमिलनाडु में निवेश करने के लिए आमंत्रित किया। बयान के मुताबिक राज्य सरकार ने स्टालिन के नेतृत्व में पिछले तीन वर्षों में औद्योगिक क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं।

# कृषि कच्चे माल में रासायनिक संदूषण को नियंत्रित करना जरूरी: एफएसएसएआई

कोलकाता। भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने शनिवार को कहा कि खाद्य उद्योग को आगे बढ़ाने के लिए कृषि कच्चे माल में रासायनिक संदूषण को नियंत्रित करना आवश्यक है।एफएसएसएआई की कार्यकारी निदेशक इनोशी शर्मा ने कहा कि फसलों, फलों और मसालों में अधिकतम अवशेष स्तर (एमआरएल) को लागू करना एक बड़ी चुनौती है। भारत चैंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में उन्होंने नियमित ऑडिट की आवश्यकता और खेतों में गैर-अनुपालन वाली उपज को नकारने पर जोर दिया।शर्मा ने अत्यधिक कीटनाशकों के उपयोग के हानिकारक प्रभावों के बारे में खरीदारों को शिक्षित करने के महत्व पर भी जोर दिया, जिससे कच्चे माल में संदूषण हो सकता है। उन्होंने इस मुद्दे को हल करने के लिए विभिन्न मंत्रालयों और विभागों के प्रतिनिधियों के साथ एक समिति बनाने की योजना की घोषणा की।

इसके अलावा, शर्मा ने सटीक लेबलिंग की आवश्यकता और खाद्य व्यापार संगठनों (एफबीओ) द्वारा भ्रामक दावों से बचने पर जोर दिया। उन्होंने एफबीओ के बीच स्व-अनुपालन की संस्कृति की वकालत की और सुझाव दिया कि वे मानकों का पालन सुनिश्चित करने के लिए प्रमाणित तीसरे पक्ष को नियुक्त करें। भारत चैंबर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरेश पचीसिया ने बताया कि फसल उत्पादन के दौरान इस्तेमाल किए गए रासायनिक अवशेषों का पता लगने पर अक्सर खाद्य प्रसंस्करणकर्ताओं पर जुर्माना लगाया जाता है और कई मामलों में प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों की निर्यात खेप को रद्द कर दिया जाता है। उन्होंने कृषि-बागवानी और कटाई के बाद की प्रक्रियाओं में प्रयुक्त रसायनों के संबंध में जागरूकता और सतर्कता बढ़ाने का आह्वान किया।

# दिल्ली के कनॉट प्लेस में कार से टक्कर घसीटे जाने की घटना में व्यक्ति की मौत

नयी दिल्ली। कनॉट प्लेस में कार से कथित तौर पर टक्कर मारे जाने और करीब 10 मीटर तक घसीटे जाने की घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि बुधवार को घटना के बाद कार चालक मौके से भाग गया था, जिसे अगले दिन गिरफ्तार कर लिया गया। अधिकारियों ने बताया कि कार की चपेट में आने के बाद लेखराज (45) को अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। लेखराज फुटपाथ पर जीवन-यापन करते थे। पुलिस अधिकारी के अनुसार, सीसीटीवी फुटेज की मदद से 28 वर्षीय चालक शिवम दुबे का पता लगाया गया। उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश के मूल निवासी दुबे ने बुधवार को दक्षिण दिल्ली के महिपालपुर में रहने वाले अपने एक दोस्त से कार ली थी और वह किसी से मिलने के लिए कनॉट प्लेस गया था।

अपराह्न करीब 3.25 बजे लौटते समय दुबे ने कार से लेखराज को कथित तौर पर टक्कर मार दी, जो कनॉट प्लेस के आउटर सर्कल में बाराखंभा की तरफ रोड के पास सड़क पार कर रहे थे। अधिकारी ने बताया कि लेखराज कार के पहियों के नीचे फंस गए, लेकिन दुबे कथित तौर पर गाड़ी चलाता रहा।

# देश की राजनीति में बदलाव की शुरुआत



नयी दिल्ली। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने शनिवार को कहा कि राहुल गांधी के नेतृत्व में कन्याकुमारी से कश्मीर तक निकाली गई भारत जोड़ो यात्रा पार्टी के लिए एक बड़ी बूस्टर खुराक थी और इसने देश की राजनीति में बदलाव की शुरुआत की।

रमेश ने कहा कि कन्याकुमारी से कश्मीर तक निकाली गई भारत जोड़ो यात्रा की शुरुआत के आज दो साल पूरे हो गए। राहुल गांधी के नेतृत्व में 200 से अधिक भारत यात्रियों ने 145 दिनों की अवधि में 12 राज्यों और दो केंद्र-शासित प्रदेशों से गुजरते हुए 4,000 किलोमीटर लंबी यात्रा पूरी की, जिनमें अधिकांश पैदल यात्री शामिल थे। उन्होंने कहा कि इस यात्रा से अभूतपूर्व संपर्क और सामूहिकता की भावना पैदा हुई और यह भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के लिए एक बड़ी बूस्टर खुराक थी। इसने हमारे देश की राजनीति में भी बदलाव की शुरुआत की। रमेश ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा की सफलता ने जनवरी-मार्च 2024 के दौरान मणिपुर से मुंबई तक भारत जोड़ो न्याय यात्रा के लिए प्रोत्साहित किया। राहुल ने सात सितंबर 2022 को कन्याकुमारी से भारत जोड़ो यात्रा शुरू की थी। उन्होंने 30 जनवरी 2023 को श्रीनगर में 145 दिन लंबी इस यात्रा का समापन किया था। यात्रा के दौरान लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल ने 12 सार्वजनिक बैठकों, 100 से अधिक नुक्कड़ सभाओं और 13 प्रेस वार्ताओं को संबोधित किया। 4,000 किलोमीटर लंबी यात्रा के दौरान वह समर्थकों से लेकर विरोधियों तक का ध्यान खींचने में कामयाब रहे थे। भारत जोड़ो यात्रा में अलग-अलग क्षेत्र की हस्तियों ने हिस्सा लिया, जिनमें कमल हासन, पूजा भट्ट, रिया सेन, स्वरा भास्कर, रश्मि देसाई, आकांक्षा पुरी और अमोल पालेकर जैसे फिल्म एवं टीवी कलाकार शामिल थे। पूर्व सेना प्रमुख जनरल (सेवानिवृत्त) दीपक कपूर, पूर्व नौसेना प्रमुख एडमिरल (सेवानिवृत्त) एल रामदास, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन और पूर्व वित्त सचिव अरविंद मायाराम ने भी इस यात्रा में हिस्सा लिया था। नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के नेता फारूक अब्दुल्ला और उमर अब्दुल्ला, पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की महबूबा मुफ्ती, शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के आदित्य ठाकरे, प्रियंका चतुर्वेदी व संजय राउत तथा राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरदचंद्र पवार (राकांपा-एसपी) की सुप्रिया सुले जैसे विपक्षी नेता भी अलग-अलग पड़ाव पर इस यात्रा से जुड़े थे।

# केजरीवाल आपराधिक साजिश में शामिल थे: सीबीआई




नयी दिल्ली। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने दिल्ली आबकारी नीति मामले में दायर अपने नवीनतम पूरक आरोप पत्र में कहा है कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल इस नीति के निर्माण और उसके क्रियान्वयन से जुड़ी आपराधिक साजिश में शुरुआत से ही शामिल थे।

सीबीआई ने मामले में पांचवां और अंतिम आरोप पत्र दायर कर अपनी जांच पूरी की। उसने आरोप लगाया कि केजरीवाल के मन में पहले से ही आबकारी नीति के संबंध में निजीकरण का विचार था। भ्रष्टाचार के आरोप लगने के बाद इस नीति को रद्द कर दिया गया था। सीबीआई ने कहा कि जब मनीष सिसोदिया की अध्यक्षता वाले मंत्री समूह द्वारा नीति तैयार की जा रही थी, तब उन्होंने (केजरीवाल ने) मार्च 2021 में अपनी पार्टी आप के लिए वित्तीय सहायता की मांग की थी। सिसोदिया इस मामले में सह-आरोपी हैं। सीबीआई ने आरोप पत्र में कहा कि केजरीवाल के करीबी सहयोगी और आम आदमी पार्टी (आप) के मीडिया एवं संचार प्रभारी तथा सह-आरोपी विजय नायर दिल्ली में शराब कारोबार के विभिन्न हितधारकों से संपर्क साध रहे थे और अनुकूल आबकारी नीति के बदले उनसे अवैध रिश्वत की मांग कर रहे थे। आप ने इन आरोपों से इनकार किया है। केजरीवाल को सीबीआई ने 26 जून को तिहाड़ जेल से गिरफ्तार किया था। वह कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दर्ज मामले की जांच के सिलसिले में तिहाड़ में बंद थे। केजरीवाल ने सीबीआई द्वारा अपनी गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका उच्चतम न्यायालय में दाखिल की है, जिस पर अभी कोई फैसला नहीं आया है। सीबीआई ने आरोप पत्र में कहा कि विजय नायर ने केजरीवाल के लिए सह-आरोपी और भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के कविता की अध्यक्षता वाले साउथ ग्रुप के आरोपियों से संपर्क करने के माध्यम के रूप में काम किया और अनुकूल आबकारी नीति के बदले उनसे 100 करोड़ रुपये प्राप्त किए।

पेज एक का शेष

## योगी ने प्रमुख

थे। अब ये विभाग दूसरे अफसरों को सौंपे गए हैं। सीएम योगी ने आईएएस अफसर एमपी अग्रवाल को प्रमुख सचिव सहकारिता, अनिल गर्ग को प्रमुख सचिव कारागार, वेंकटेश्वर लू को ग्राम विकास संस्थान बीकेटी का चार्ज दिया है।

## सुनीता विलियम्स

रहना होगा क्योंकि अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने उनकी वापसी को बहुत जोखिमपूर्ण बताया है। अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से रवाना होने के छह घंटे बाद स्टारलाइनर यान मेक्सिको के व्हाइट सैंड्स मिसाइल रेंज पर उतरा। यान के लौटने के बाद ह्यूस्टन में हुए संवाददाता सम्मेलन में बोइंग शामिल नहीं हुआ, हालांकि कंपनी के दो शीर्ष अधिकारियों ने कहा कि वे नासा के फैसले का समर्थन किया है। स्टारलाइनर ने लंबे इंतजार के बाद जून में अंतरिक्ष के लिए उड़ान भरी थी। हालांकि, यान के थ्रस्टर में समस्या आने और हीलियम लीक होने के कारण वह अंतरिक्ष यात्रियों को धरती पर वापस लाने में नाकाम रहा। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के दो पायलट अब अगले साल तक आईएसएस पर ही रहेंगे। महीनों तक विल्मोर और विलियम्स की वापसी को लेकर सवाल उठते रहे, क्योंकि इंजीनियर यान में आई समस्याओं को समझने के लिए जूझते रहे। व्यापक परीक्षण के बाद बोइंग ने कहा था कि स्टारलाइनर धरती पर वापसी की यात्रा के लिए सुरक्षित है, लेकिन नासा ने इससे असहमति जताई थी और इसके बजाय स्पेसएक्स से अंतरिक्ष यात्रियों को वापस लाने का फैसला किया था। स्पेसएक्स यान का इस महीने के अंत तक प्रक्षेपण नहीं किया जाएगा, जिसका मतलब है कि विल्मोर और विलियम्स फरवरी तक अंतरिक्ष में रहेंगे। स्टारलाइनर के अंतरिक्ष स्टेशन से रवाना होने के बाद सुनीता विलियम्स ने रेडियो संदेश में कहा, वह अपने घर जा रहा है। विलियम्स और विल्मोर को स्टारलाइनर के अंतरिक्ष की उड़ान भरने के एक सप्ताह बाद जून में पृथ्वी पर लौटना था, लेकिन यान के थ्रस्टर में समस्या आने और हीलियम लीक होने के कारण दोनों अंतरिक्ष में ही फंस गए। नासा ने बताया था कि दोनों अंतरिक्ष यात्रियों को स्टारलाइनर से वापस लाना बहुत जोखिम भरा है। इसलिए, पूरी तरह से स्वचालित यह यान खाली सीट, स्टेशन पर मौजूद कुछ पुराने उपकरणों और अंतरिक्ष में पहने जाने वाले नीले रंग के वस्त्र (स्पेससूट) के साथ धरती पर लौट रहा है। अब स्पेसएक्स यान दोनों अंतरिक्षयात्रियों को अगले साल फरवरी में वापस लेकर आएगा, जिससे उनका आठ दिन का यह मिशन आठ महीने से अधिक समय का हो जाएगा। अनुभवी अंतरिक्ष यात्री और नौसेना के सेवानिवृत्त कैप्टन विल्मोर और विलियम्स अंतरिक्ष में अपने आप को व्यस्त रख रहे हैं और मरम्मत-रखरखाव कार्य एवं प्रयोगों में मदद कर रहे हैं। वे अब अंतरिक्ष स्टेशन पर मौजूद सात अन्य यात्रियों के साथ काम कर रहे हैं। नासा के वाणिज्यिक चालक दल कार्यक्रम के प्रबंधक स्टीव स्टिच ने इस सप्ताह के शुरुआत में कहा था कि अंतरिक्ष दल का ध्यान स्टारलाइनर की वापसी पर इस कदर केंद्रित रहा है कि उनके पास बोइंग की अगली परियोजना के बारे में सोचने का वक्त ही नहीं था। यान के लौटने के बाद ह्यूस्टन में हुए संवाददाता सम्मेलन में बोइंग शामिल नहीं हुआ, हालांकि कंपनी के अंतरिक्ष और रक्षा विभाग के दो शीर्ष अधिकारियों टेड कॉल्बर्ट और केय सियर्स ने कर्मचारियों को लिखे पत्र में कहा कि वे नासा के फैसले का समर्थन करते हैं। उन्होंने पत्र में लिखा, हमने परीक्षण उड़ान के इस तरह समापन की कल्पना नहीं की थी, हालांकि हम स्टारलाइनर के सिलसिले में नासा के निर्णय का समर्थन करते हैं और हमारी टीम व अंतरिक्ष यान ने जो प्रदर्शन किया है, उसपर हमें गर्व है।

## लखनऊ : ट्रांसपोर्ट

दूर ट्रांसपोर्ट नगर में आशियाना निवासी राकेश सिंघल की बिल्डिंग है। बिल्डिंग किराए पर उठी है। दो मंजिला बिल्डिंग के ग्राउंड फ्लोर पर मोबिल आयल का काम होता है। पहली मंजिल पर मनचंदा गिफ्ट के सामान का काम किया जाता है। जबकि दूसरी मंजिल पर कई कंपनियों की दवाइयों के गोदाम थे। बिल्डिंग में मौजूद सभी दुकानों और गोदामों में मजदूर भी काम कर रहे थे। बिल्डिंग के आसपास काफी तादाद में पानी भरा है। पानी भरे रहने के कारण बिल्डिंग की नींव कमजोर पड़ गई। बताया जा रहा है कि बिल्डिंग का रखरखाव भी लंबे समय से नहीं हो रहा था। बिल्डिंग के मलबे में कार और ट्रक भी दब गए। इसके अलावा कई मजदूर भी मलबे में दब गए। बिल्डिंग गिरने के बाद आसपास के लोग मौके पर दौड़ पड़े। सूचना पर एडीजी लाइन आर्डर और ज्वाइंट सीपी भी अपने दल-बल सहित पहुंचे। अब तक तक 28 लोगों को मलबे से बाहर निकाला जा चुका है, जिसमें से छह लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 24 लोग बुरी तरह से घायल हैं। मलबे में दबे लोगों में एक बुजुर्ग महिला भी थी, जिसके सिर पर ज्यादा चोट आई है। महिला समेत अन्य का सिटी स्कैन, एक्सरे और अन्य जांच कराई जा रही है। अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अजय शंकर त्रिपाठी ने बताया कि सभी चोटिल लोगों को जरूरी उपचार मुहैया कराया जा रहा है। लखनऊ नायब तहसीलदार गोवर्धन शुक्ला ने बताया कि घटना में कुल पांच लोगो की मौत हुई है। जिसमें पंकज तिवारी पुत्र सत्यप्रकाश, धीरज गुप्ता पुत्र महादेव, अरुण सोनकर पुत्र संजय सोनकर, राजकिशोर पुत्र श्रीकृष्ण व जसप्रीत सिंह साहनी की मौत हो चुकी है।

## विकसित भारत

दिनों से बहुत आगे निकल आया है, जब उसे वित्तीय संकट से उबरने के लिए अपना सोना गिरवी रखना पड़ा था। धनखड़ ने शनिवार को गोरखपुर में उत्तर प्रदेश सैनिक स्कूल के उद्घाटन के दौरान ये टिप्पणियां कीं। 49 एकड़ क्षेत्र में फैले इस सैनिक स्कूल का निर्माण 176 करोड़ रुपये की लागत से किया गया है। उद्घाटन समारोह में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद थे। उन्होंने अंगवस्त्र और टेराकोटा से निर्मित गणेश प्रतिमा भेंटकर उपराष्ट्रपति का अभिनंदन किया। इस अवसर पर माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री गुलाब देवी ने उपराष्ट्रपति की पत्नी डॉ. सुदेश धनखड़ को टेराकोटा की गणेश प्रतिमा भेंट की। धनखड़ ने उत्तर प्रदेश में योगी के नेतृत्व में आए परिवर्तन का जिक्र करते हुए कहा कि 2017 के बाद राज्य में शिक्षा, चिकित्सा, उद्यमिता और अन्य क्षेत्रों में गुणात्मक वृद्धि हुई है, जबकि 2017 के पहले उत्तर प्रदेश डर के साये में था, यहां कानून-व्यवस्था की स्थिति ठीक नहीं थी और आम आदमी परेशान रहता था। आज का भारत 10 साल पहले की तुलना में पूरी तरह से अलग तस्वीर पेश करता है। एक समय था, जब सोने की चिड़िया कहलाने वाले भारत को विदेशी बैंकों में सोना गिरवी रखना पड़ा था। उस समय हमारा विदेशी मुद्रा भंडार एक अरब से दो अरब अमेरिकी डॉलर के बीच था। आज यह करीब 680 अरब अमेरिकी डॉलर है। देखिए, हमने तब से कितनी प्रगति की है। उपराष्ट्रपति ने इस बदलाव के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तारीफ की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने भी इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

धनखड़ ने कहा, 1990 में जब मैं मंत्री की हैसियत से कश्मीर गया था, तब श्रीनगर की वीरान सड़कों ने मेरा स्वागत किया था। अब पिछले दो-तीन वर्षों में कश्मीर में पर्यटकों की संख्या में बहुत तेजी से वृद्धि हुई है और दो करोड़ से ज्यादा पर्यटक कश्मीर की यात्रा कर चुके हैं। उन्होंने कहा, संविधान निर्माताओं ने अनुच्छेद-370 को अस्थायी बताया था, लेकिन कुछ लोगों ने गलती से इसे स्थायी मान लिया। आज के समय में ही अनुच्छेद-370 को हटाया गया। यह आज का भारत है।

धनखड़ ने यह भी कहा, अगर हम राष्ट्रवाद से समझौता करते हैं, तो यह देश के साथ विश्वासघात होगा। जो लोग ऐसा कर रहे हैं, उन्हें यह समझाना जरूरी है। उन्होंने कहा, मैं आप सभी से अनुरोध करता हूं कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए किए जा रहे हवन में अपनी आहुति (योगदान) दें। समय आ गया है कि हमें देश के लिए जो करना चाहिए, हम वह करें। हम जितना भी करेंगे, वह कम होगा।

गोरखपुर में युवाओं को शिक्षा, देश की रक्षा ध्येय से स्थापित सैनिक स्कूल में कक्षा 6 से 12 तक के छात्र-छात्राओं को आवासीय सुविधा के तहत शिक्षा प्रदान करने की व्यवस्था की गई है। प्रवेश परीक्षा के जरिये कक्षा 6 और 9 में दाखिला होने के बाद इस स्कूल में पहली जुलाई से पढ़ाई शुरू की जा चुकी है। पहले चरण में इस स्कूल में कक्षा 6 और 9 में 84-84 विद्यार्थियों को प्रवेश दिया गया है। इनमें 40 छात्राएं और 128 छात्र शामिल हैं। सैनिक स्कूल में छात्र-छात्राओं के लिए अलग-अलग परिसर है। स्कूल का प्रशासनिक भवन प्राचीन भारतीय संस्कृति एवं परंपरा का दर्शन कराता है।

## सैनिक स्कूल

में राष्ट्र निर्माण एवं विकसित भारत का मार्ग प्रशस्त करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा देश में पहला सैनिक स्कूल तत्कालीन मुख्यमंत्री सम्पूर्णानंद जी ने 1960 में लखनऊमें स्थापित किया था। तत्पश्चात 1961 में देश के तत्कालीन रक्षामंत्री ने पांच नए सैनिक स्कूल प्रारंभ किये थे। उन्होंने उपराष्ट्रपति का स्वागत करते हुए कहा कि हमारा सौभाग्य है कि 1962 से 1969 की अवधि में चितौड़गढ़ सैनिक स्कूल के पुरातन छात्र, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के कर कमलों द्वारा इस सैनिक स्कूल का लोकार्पण किया जा रहा है।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि इस सैनिक स्कूल में छात्र-छात्राओं हेतु अलग-अलग परिसर के साथ देश के पहले प्रमुक्षा रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल विपिन रावत के नाम पर ऑडिटोरियम का निर्माण किया गया है। उन्होंने कहा कि कारगिल में शहीद हुए कैप्टन विक्रम बत्रा के नाम पर बहुउद्देशीय सभागार के साथ-साथ एकलव्य शूटिंग रेंज एवं तरणताल का निर्माण भी किया गया है। सैनिक स्कूल परिसर में प्राचीन भारतीय संस्कृति एवं परंपरा के आधार पर प्रशासनिक भवन बनाया गया है। इसके अन्तर्गत 20 कक्षाएं, चार प्रयोगशालाएं, भोजनाकक्षा, बहुउद्देशीय सभागार, सम्मेलन कक्ष भी स्थित है। मुख्यमंत्री ने बताया कि ऑडिटोरियम की क्षमता 1014 सीट की है। इसके अंतर्गत ध्यान केन्द्र हेतु योग सेन्टर, इनडोर शूटिंग रेंज, स्विमिंग पूल और सीएसडी कैंटीन की सुविधाएं भी उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि शहीद भगत सिंह, शहीद पं. राम प्रसाद बिस्मिल, शहीद बंधु सिंह और वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई के नाम पर विद्यार्थियों के लिए आवासीय सदन का निर्माण किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अन्नपूर्णा भवन में विद्यार्थियों के लिए प्रतिदिन स्वच्छ एवं स्वास्थ्यवर्धक विशेष भोजन की व्यवस्था भी की जायेगी। सैनिक स्कूल में विद्यार्थियों की मानसिक एवं शारीरिक क्षमता बढ़ाने के लिए निश्चित समय अंतराल पर विविध खेलकूद की प्रतिस्पर्धाएं आयोजित की जायेंगी। इसके लिए विभिन्न खेलों के दृष्टिगत बास्केटबॉल कोर्ट, वॉलीबॉल कोर्ट, फुटबाल ग्राउण्ड, टेनिस कोर्ट, बैटमिण्टन कोर्ट आदि का निर्माण किया गया है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सरकार नयी पीढ़ी को उत्तम शिक्षा देने के लिए सर्वोत्तम प्रयास कर रही है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित 1.56 लाख से अधिक विद्यालयों को जनसहभागिता और ऑपरेशन कायाकल्प के माध्यम से बुनियादी सुविधाओं से लैस किया जा रहा है और इनमें 1.34 लाख विद्यालयों में यह कार्य किया जा चुका है।

## ईडी ने जब्त

आरोपियों के खिलाफ बैंक ज्णों को अवैध रूप से दूसरे मद में खर्च करने और इन ज्णदाताओं को नुकसान पहुंचाने के लिए सीबीआई में शिकायत दर्ज कराई थी। बैंक धोखाधड़ी का अनुमान लगभग 27,000 करोड़ रुपये है। उसने दावा किया कि समूह की एमटेक ऑटो लिमिटेड, एआरजी लिमिटेड, एसीआईएल लिमिटेड, मेटालिस्ट फोर्जिंग लिमिटेड और कास्टेक्स टेक्नोलॉजीज लिमिटेड जैसी कंपनियों के साथ-साथ अन्य कंपनियां दिवालियापन प्रक्रिया में गयीं।




## संक्षेप

### दीप्ति को मिलेगा एक करोड़ व सरकारी नौकरी

हैदराबाद। तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने शनिवार को पेरिस पैरालंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली दीप्ति जीवांजी के लिए एक करोड़ रुपये का नकद पुरस्कार, वारंगल में 500 वर्ग गज जमीन और ग्रुप दो सर्विस में एक उपयुक्त पद की घोषणा की। जीवांजी ने यहां मुख्यमंत्री से मुलाकात की। एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार रेड्डी ने उनके कोच एन रमेश को 10 लाख रुपये देने की भी घोषणा की जो द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता हैं। भारत की विश्व चैंपियन दीप्ति जीवांजी ने पेरिस पैरालंपिक में महिलाओं की 400 मीटर टी20 वर्ग की रेस में 55.82 सेकंड का समय लेकर कांस्य पदक जीता।

### सेमा का सफर : जंग के मैदान से कांस्य पदक तक

पेरिस। वह अक्टूबर 2002 की बात है जब जम्मू कश्मीर के चौकीबल के अशांत इलाके में एक अप्रत्याशित विस्फोट ने हवलदार होकाटो होतोज़े सेमा का स्पेशल फोर्स में शामिल होने का सपना तोड़ दिया। आतंकवाद विरोधी अभियान के दौरान हुए बारूदी सुरंग विस्फोट के कारण उन्होंने अपने बाएं पैर के घुटने के नीचे का हिस्सा गंवा दिया, जिससे उन्हें अत्यधिक शारीरिक दर्द और मानसिक आघात पहुंचा। लोगों को लगा कि सेमा की दुनिया अंधकारमय हो गई, लेकिन इस जवान ने हिम्मत नहीं हारी। इसी का परिणाम है कि 40 वर्षीय सेमा ने पेरिस पैरालंपिक खेलों के गोला फेंक (शॉट पुट) में अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ 14.65 मीटर थ्रो करके पुरुषों की एफ57 श्रेणी में कांस्य पदक हासिल किया। यह श्रेणी उन खिलाड़ियों के लिए है जिनका कोई अंग नहीं होता है या जिनकी मांसपेशियां कमजोर होती हैं। भारतीय खिलाड़ी सेमा ने खुद को इस श्रेणी के लिए तैयार किया। पुणे स्थित कृत्रिम अंग केंद्र मे सेना के वरिष्ठ अधिकारियों ने सेमा की फिटनेस को देखकर उन्हें शॉट पुट खेलने के लिए प्रोत्साहित किया। इस तरह से उन्होंने 2016 में 32 साल की उम्र में इस खेल को अपनाया था।

### वुड, पाक व न्यूजीलैंड श्रृंखला से बाहर

लंदन। इंग्लैंड के तेज गेंदबाज मार्क वुड दाहिनी कोहनी की चोट के कारण इस साल होने वाले बाकी मैचों में नहीं खेल पाएंगे। इस तरह से वह अक्टूबर में पाकिस्तान और दिसंबर में न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाली टेस्ट श्रृंखला से बाहर हो गए हैं। इंग्लैंड के सबसे तेज गेंदबाज वुड ने जुलाई में वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के दौरान अपनी कोहनी में दर्द महसूस किया था जिससे उन्हें गेंदबाजी करने में परेशानी हो रही थी। इस दर्द के बावजूद वह श्रीलंका के खिलाफ मैनचेस्टर में पहले टेस्ट मैच में खेले थे। इस मैच में उनकी दाहिनी जांघ में भी चोट लग गई थी और इस कारण वह श्रीलंका के खिलाफ दूसरे और तीसरे टेस्ट मैच में नहीं खेल पाए थे। इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने कहा कि वुड का लक्ष्य अगले साल के शुरू तक पूरी फिटनेस हासिल करना है। तब इंग्लैंड की टीम को सीमित ओवरों की श्रृंखला खेलने के लिए भारत का दौरा करना है जबकि फरवरी में पाकिस्तान में चैंपियंस ट्राफी खेली जाएगी।

### न्यूजीलैंड के खिलाफ हमारी टीम को मिलेगा फायदा: रहमत

नयी दिल्ली। अफगानिस्तान के अनुभवी बल्लेबाज रहमत शाह ने कहा कि भारत में खेलने के पिछले अनुभव के कारण न्यूजीलैंड के खिलाफ सोमवार से नोएडा में शुरू होने वाले एकमात्र टेस्ट में उनकी टीम का पलड़ा थोड़ा भारी रहेगा। शाह अफगानिस्तान की उस टीम का हिस्सा थे जिसने बेंगलुरु (2018 बनाम भारत), देहरादून (2019 बनाम आयरलैंड) और लखनऊ (2019 बनाम वेस्टइंडीज) में टेस्ट मैच खेले थे। शाह ने क्रिकबज से कहा, भारत में खेलने के पिछले अनुभव का हमें फायदा मिलेगा। नोएडा और लखनऊ हमारे घरेलू मैदान रहे हैं। हमने यहां कई मैच खेले हैं और अभ्यास शिविर लगाए हैं। उन्होंने कहा, हम भारत के मौसम और पिच की स्थिति से भी परिचित हैं, इसलिए निश्चित रूप से हम फायदे की स्थिति में हैं।

# भारत-बी ने बनायी 240 रन की बढ़त

एजेंसी



बेंगलुरु। भारत बी ने ऋषभ पंत के अर्धशतक और सरफराज खान की आक्रामकता की बदौलत शनिवार को यहां दलीप ट्रॉफी मैच के तीसरे दिन भारत ए के तेज गेंदबाजों का डटकर सामना करते हुए छह विकेट पर 150 रन का स्कोर खड़ा किया। भारत बी ने भारत ए को पहली पारी में 231 रन पर आउट करने के बाद 90 रन की बढ़त हासिल की। अब उसकी कुल बढ़त

**पंत का अर्धशतक**

240 रन की हो गई है और स्टंप तक वाशिंगटन सुंदर छह रन बनाकर क्रीज पर मौजूद हैं। पंत ने 47 गेंद में नौ चौके और दो छक्के से 61 रन बनाये। तेज गेंदबाज खलील अहमद (56 रन देकर दो विकेट) और आकाश दीप (36 रन देकर दो विकेट) ने मिलकर भारत बी के आठ ओवर के अंदर 22 रन पर तीन विकेट झटक लिये थे जिस समय उसकी कुल बढ़त 132 रन थी।

कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन और पहली पारी के शतकवीर मुशीर खान (शून्य) आकाश दीप का शिकार बने। यशस्वी जायसवाल को अहमद ने आउट किया। ये तीनों कैच विकेटकीपर ध्रुव जुरेल ने लिए। चाय तक भारत बी का स्कोर तीन विकेट पर 33 रन था। पर पंत और सरफराज (46 रन, 36 गेंद, 7 चौके, एक छक्का) ने मिलकर अच्छी साझेदारी कर टीम को इस स्कोर तक पहुंचाने में मदद की। दोनों ने गेंदबाजों का डटकर सामना किया। नौ ओवरों में दोनों ने 72 रन जोड़े। सरफराज इसके बाद आवेश खान का शिकार हो गए। पंत ने दूसरे छोर पर तेजी से रन जुटाते हुए 34 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया। बायें हाथ के इस बल्लेबाज ने कुलदीप यादव की गेंद पर छक्का लगाने के बाद एक रन लेकर 50 रन बनाये। पर तनुश कोटियान ने पंत की पारी समाप्त की। इससे पहले तेज गेंदबाज नवदीप सैनी ने 60 रन और मुकेश कुमार ने 62 रन देकर तीन तीन विकेट झटके, जिससे सुबह दो विकेट पर 134 रन पर खेलने उतरी भारत ए की टीम 231 रन पर सिमट गई। केएल राहुल (37) और रियान पराग (30) ने तीसरे विकेट के लिए 89 रन की साझेदारी निभाई। शिवम दुबे ने 20 रन बनाये। पहले सत्र में टीम ने 27 ओवर में पांच विकेट खोकर 74 रन बनाए। मुंबई के निचले क्रम के बल्लेबाज कोटियान ने 32 रन बनाकर टीम को संभालने की कोशिश की। लेकिन स्पिनर साई किशोर की गेंद पर पवेलियन लौट गये।

**मानव सुथार के सात विकेट की मदद से भारत सी ने दलीप ट्रॉफी मैच में भारत डी को हराया**

अनंतपुर (आंध्र प्रदेश)। युवा वामहस्त स्पिनर मानव सुथार ने पहली पारी में मिली लय को दूसरी पारी में जारी रखते हुए सात विकेट झटके जिससे दलीप ट्रॉफी मैच में शनिवार को यहां भारत डी की पारी लड़खड़ा गयी और भारत सी ने चार विकेट से मैच अपने नाम किया। मैच के तीसरे दिन जीत के लिए 232 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत सी के शीर्ष क्रम ने बल्ले से उपयोगी योगदान दिया। कप्तान रुतुराज गायकवाड़ (36), आर्यन जुयाल (47) और रजत पाटीदार (44) की महत्वपूर्ण पारियों से टीम को लक्ष्य के करीब पहुंचाया तो वही अभिषेक पोरेल ने दबाव के क्षणों में नाबाद 35 रन की पारी खेल टीम को जीत दिलायी। भारत डी ने दिन की शुरुआत आठ विकेट पर 206 रन से की, अक्षर पटेल और हर्षित राणा क्रीज पर थे।

# कैनो स्प्रिंट के फाइनल में पहुंचीं प्राची यादव, यश कुमार बाहर



पेरिस। भारतीय कैनो स्प्रिंटर प्राची यादव ने शनिवार को पैरालंपिक की महिलाओं की वीएल2 200 मीटर स्पर्धा के सेमीफाइनल में तीसरा स्थान हासिल कर फाइनल में प्रवेश किया। प्राची (29 वर्ष) ने दूसरे सेमीफाइनल 2 में 1:05.66 का समय निकाला। इससे वह दूसरे स्थान पर रहने वाली उज्बेकिस्तान की इरोडाखोन रुस्तमोवा (1:04.39) और ब्रिटेन की जीनेट चिपिंगटन (1:02.65) से पीछे रहीं। शुक्रवार को उन्होंने हीट में चौथा स्थान हासिल कर सेमीफाइनल में जगह बनाई थी। शीर्ष स्थान पर रहने वाली कैनो स्प्रिंटर सीधे फाइनल में प्रवेश करती है।

प्राची तोक्यो पैरालंपिक में महिलाओं की वीएल2 स्पर्धा के फाइनल में आठवें स्थान पर रही थीं। भारत के एकमात्र पुरुष कैनो स्प्रिंटर यश कुमार का अभियान पुरुषों की केएल। 200 मीटर स्पर्धा के सेमीफाइनल में पांचवें (1:02.03) स्थान पर रहने के बाद समाप्त हो गया। सेमीफाइनल में शीर्ष तीन ही फाइनल के लिए क्वालीफाई करते हैं। शुक्रवार को वह हीट में छठे स्थान पर रहे थे। भारत की एक अन्य कैनो स्प्रिंटर पूजा ओझा रविवार को महिलाओं की केएल। 200 मीटर सेमीफाइनल में भाग लेंगी। वीएल2 वर्ग में वो एथलीट हिस्सा लेते हैं जिनके पैर और धड़ वाले हिस्से में विकार हो जिससे वे कयाक में सीधे बैठ सकते हैं लेकिन उन्हें ऊंची पीठ वाली सीट की जरूरत हो सकती है। भाषा नमिता पंत

**पेरिस पैरालंपिक: तैराक सुयश जाधव फाइनल में जगह बनाने में विफल रहे**

पेरिस। पैरा तैराक सुयश जाधव शनिवार को यहां पैरालंपिक की पुरुषों की 50 मीटर बटरफ्लाई एस7 के फाइनल में प्रवेश करने में विफल रहे जिससे इस खेल में भारत का अभियान समाप्त हो गया। हीट। में प्रतिस्पर्धा करते हुए 30 वर्षीय सुयश 33.47 सेकेंड के समय के साथ पांचवें स्थान पर रहे जो कुल मिलाकर 10वां स्थान था। दो हीट से शीर्ष चार तैराक फाइनल में पहुंचते हैं। जाधव एशियाई पैरा खेलों, विंटर ओपन पोलिश चैंपियनशिप और आईडब्ल्यूएएस विश्व खेलों में स्वर्ण पदक विजेता हैं। महाराष्ट्र के सोलापुर के रहने वाले जाधव जब छठी कक्षा में थे तो लोहे की छड़ से खेलते समय गलती से यह बिजली की लाइन से छू गई थी। इसके बाद उनके दोनों हाथ कोहनी के नीचे से काटने पड़े। वह लगातार तीन पैरालंपिक - रियो 2016, तोक्यो 2020 और पेरिस 2024 में ए क्वालीफाइंग मार्क हासिल करने वाले पहले भारतीय पैरा तैराक बने। एस7 श्रेणी में वो पैरा तैराक हिस्सा लेते हैं जिनके हाथ, धड़ और पैरों का मूवमेंट प्रभावित होता है या फिर छोटे कद वाले होते हैं या जिनके पैर नहीं होते। भारत ने अब तक पैरालंपिक में इस खेल में केवल एक पदक जीता है जो मुरलीकांत पेटकर ने हीडलबर्ग खेलों में 1972 में स्वर्ण पदक के रूप में जीता था।

# महिला डीपीएल के फाइनल में नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स

एजेंसी



नयी दिल्ली। नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स ने शनिवार को यहां बारिश से प्रभावित अंतिम लीग मैच में ईस्ट दिल्ली राइडर्स को सात विकेट से हराकर महिला दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) के फाइनल में प्रवेश किया। नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स रविवार को फाइनल में साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स से भिड़ेगी।

टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी ईस्ट दिल्ली राइडर्स ने 20 ओवर में दो विकेट पर 150 रन बनाए। जवाब में नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स ने उपासना यादव की पर 65 रन की पारी की बदौलत डकवर्थ लुईस पद्धति द्वारा संशोधित लक्ष्य आसानी से हासिल कर लिया। उसे जीत के लिए 14 ओवर में 113 रन का संशोधित लक्ष्य मिला जो उसने तीन विकेट पर 113 रन बनाकर हासिल किया।

**अश्विन ने घरेलू क्रिकेट में डीआरएस का समर्थन किया, कहा इससे युवा बल्लेबाजों को फायदा मिलेगा**

नयी दिल्ली। सीनियर स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने मौजूदा दलीप ट्रॉफी में निर्णय समीक्षा प्रणाली (डीआरएस) को लागू करने के भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि इससे युवा बल्लेबाजों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलने से पहले आवश्यक तकनीकी बदलाव करने में मदद मिलेगी। अश्विन शुक्रवार की शाम को अनंतपुर में खेले जा रहे दलीप ट्रॉफी मैच के दौरान भारत डी के बल्लेबाज रिकी भुई को पगबाधा आउट दिए जाने के बाद चली चर्चा पर प्रतिक्रिया व्यक्त कर रहे थे। मैदानी अंपायर ने तब बल्लेबाज को आउट नहीं दिया था लेकिन भारत सी ने डीआरएस का सहारा लिया जिसके बाद भुई को पवेलियन लौटना पड़ा।

अश्विन ने एक्स पर लिखा घरेलू क्रिकेट के लिए डीआरएस सिर्फ सही निर्णय लेने तक सीमित नहीं है। कल शाम मानव सुथार की गेंद पर रिकी भुवी (भुई) का आउट होना एक बल्लेबाज का उत्कृष्ट मामला है जो प्रथम श्रेणी क्रिकेट में इस तकनीक के नहीं होने पर आउट होने से बच जाता।

# एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी : नये सिरे से शुरुआत करेगा भारत

एजेंसी



हुलुनबुइर (चीन)। लगातार दूसरे ओलंपिक खेल में कांस्य पदक जीत कर उत्साह से भरी भारतीय पुरुष हॉकी टीम एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में रविवार को यहां जब मेजबान चीन के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी तो उसका पहला लक्ष्य अपने खिताब का बचाव करना होगा। भारत इस टूर्नामेंट में चैंपियन बनने के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगा जहां उसका सामना चीन, जापान, पाकिस्तान, कोरिया और मलेशिया जैसी एशिया के शीर्ष टीमों से होगा। भारत ने पिछले साल घरेलू मैदान पर खिताब जीता था, जिससे वह टूर्नामेंट के इतिहास में चार खिताब जीतने वाली एकमात्र टीम बन गई।

पेरिस ओलंपिक के बाद कुछ दिन का विश्राम लेने वाले भारतीय कप्तान हरमनप्रीत सिंह महाद्वीपीय चैंपियनशिप में अपना दबदबा जारी रखना चाहते हैं। हरमनप्रीत ने कहा, पिछले साल एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी ने हमें एशियाई खेलों में जाने के लिए सही लय प्रदान की और इसके बाद हम ओलंपिक खेलों में फिर से पोडियम पर पहुंचने में सफल रहे। इस बार भी हम इस टूर्नामेंट को जीतकर नए ओलंपिक चक्र की शुरुआत करना चाहते हैं। उन्होंने कहा, हमारी टीम में ओलंपिक में भाग लेने वाले 10 खिलाड़ी शामिल हैं। हमारे पास कुछ युवा खिलाड़ी हैं जो अपना प्रभाव छोड़ने का प्रयास कर रहे हैं। हरमनप्रीत ने कहा, खेल के नजरिये से हमारा आक्रामक खेल और पेनाल्टी कॉर्नर हमारे मजबूत पक्ष हैं लेकिन हम विशेष रूप से जापान, मलेशिया और पाकिस्तान जैसी टीमों के खिलाफ मजबूत रक्षापंक्ति के साथ खेलना चाहेंगे। विश्व रैंकिंग अंकों के लिहाज से यह हमारे लिए महत्वपूर्ण टूर्नामेंट है और हम चुनौती के लिए तैयार हैं।

चीन के बाद, भारत अपने दूसरे मैच में नौ सितंबर को जापान से भिड़ेगा। इसके बाद उसका 11 सितंबर को पिछले साल के उपविजेता मलेशिया, 12 सितंबर को कोरिया और 14 सितंबर को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से मुकाबला होगा। सेमीफाइनल और फाइनल 16 और 17 सितंबर को खेले जाएंगे। भारतीय उप कप्तान और मिडफील्डर विवेक सागर प्रसाद ने कहा कि इस प्रतियोगिता से उन्हें 2026 में होने वाले एशियाई खेलों से पहले अन्य टीमों को परखने का मौका मिलेगा। उन्होंने कहा, यह टूर्नामेंट एशियाई हॉकी कैलेंडर में सबसे रोमांचक टूर्नामेंटों में से एक है। हमें नए चक्र में एशियाई टीमों की प्रगति भी देखने को मिलेगी क्योंकि वे 2026 में होने वाले एशियाई खेलों को ध्यान में रखते हुए खिलाड़ियों के नए समूह के साथ खेलेंगे।

**अंडर-20 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में निकिता ने रजत और नेहा ने कांस्य पदक जीता**

पोंटेवेद्रा (स्पेन)। भारतीय पहलवान निकिता ने यहां अंडर-20 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में महिलाओं के 62 किलोग्राम फ्रीस्टाइल वर्ग में रजत पदक जीता, जबकि नेहा ने 57 किग्रा में कांस्य पदक हासिल किया।

### ओली पोप के 154 रन, इंग्लैंड की टीम 325 रन पर सिमटी

लंदन। ओली पोप की 154 रन की शतकीय पारी के बावजूद इंग्लैंड की टीम शनिवार को यहां श्रीलंका के खिलाफ तीसरे और अंतिम टेस्ट के दूसरे दिन पहली पारी में 325 रन पर सिमट गई। इंग्लैंड का निचला क्रम चरमरा गया जिससे सुबह तीन विकेट पर 221 रन से खेलने उतरी टीम स्कोर में महज 104 रन ही जोड़ सकी। श्रीलंका के लिए मिलन रत्नायके ने तीन जबकि विश्व फर्नांडो, लाहिरू कुमारा और धनंजय डि सिल्वा ने दो दो विकेट झटके। लंच तक श्रीलंका ने एक ओवर में एक रन बना लिया था। चोटिल कप्तान बेन स्टोक्स की जगह टीम की अगुआई कर रहे पोप ने ओल्ड ट्रैफर्ड और लार्ड्स की जीत में भी टीम की कप्तानी की जिम्मेदारी संभाली थी। पोप ने शुक्रवार को 103 रन बनाये थे और इसमें 51 रन जोड़कर आउट हो गये। विश्व फर्नांडो ने उनका विकेट झटका जिससे टीम का स्कोर आठ विकेट पर 307 रन हो गया। इंग्लैंड के खिलाड़ी लंच तक भी पारी को आगे नहीं बढ़ा सके।

**पेरिस पैरालंपिक: भारत का रोड साइकिलिंग में निराशाजनक प्रदर्शन**

पेरिस। भारत के पैरा साइकिलिस्ट अरशद शेख और ज्योति गडेरिया ने शनिवार को यहां पुरुष और महिला रोड रेस सी।-3 स्पर्धा में शीर्ष खिलाड़ियों से एक लैप से पीछे रहकर बिना किसी पदक के पेरिस पैरालंपिक में अपना अभियान खत्म किया।

# विश्व कप क्वालीफायर : ब्राजील की पहली जीत



एजेंसी

कूर्टिबा (ब्राजील)। रियाल मैड्रिड के स्टार रोड्रिगो के पहले हाफ में किए गए गोल की मदद से ब्राजील में इक्वाडोर को 1-0 से हराया जो उसकी 2026 में होने वाले फुटबॉल विश्व कप के दक्षिण अमेरिकी क्वालीफायर में तीन मैच में हार के बाद पहली जीत है। तेईस वर्षीय रोड्रिगो ने 30वें मिनट में गोल किया जो आखिर में निर्णायक साबित हुआ और ब्राजील पूरे अंक हासिल करने में सफल रहा। पांच बार का विश्व चैंपियन ब्राजील पिछले साल के आखिर में उरुग्वे, कोलंबिया और अर्जेंटीना से लगातार मैच हार गया था। इससे वह छह दौर के बाद तालिका में छठे स्थान पर था। सातवें दौर में इक्वाडोर पर जीत के बाद उसके 10 अंक हो गए हैं और वह चौथे स्थान पर पहुंच गया है।

इससे पहले स्ट्राइकर लुइस सुआरेज़ उरुग्वे की तरफ से अपने आखिरी मैच में जीत के साथ विदाई नहीं ले पाए। उनकी टीम ने पराग्वे के खिलाफ मैच गोलरहित ड्रॉ खेला। सुआरेज़ पहले ही घोषणा कर चुके थे कि वह इस मैच के बाद अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास ले लेंगे।

**सुब्रतो कप: गवर्नमेंट सेकेंडरी स्कूल अरुणाचल प्रदेश ने सेमीफाइनल में प्रवेश किया**

नयी दिल्ली। गवर्नमेंट सेकेंडरी स्कूल अरुणाचल प्रदेश ने शनिवार को यहां 63वें सुब्रतो कप जूनियर 63वें सुब्रतो कप जूनियर लड़कों के अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में 1-3 से पिछड़ने के शानदार वापसी करते हुए लॉर्ड कृष्णा एसएसएस हरियाणा को 4-3 से हराया। अरुणाचल की स्कूल के लिए बयाबांग ने हैट्रिक बनाई जबकि टेगे ने अपनी टीम के लिए विजयी गोल किया। हरियाणा एसएसएस के लिए यमन, सोनू और समीर ने गोल किये। अब उनका सामना सोमवार को पहले सेमीफाइनल में मिंगकेन क्रिश्चियन हायर सेकेंडरी स्कूल, मेघालय से होगा, जबकि श्रीलंका स्कूल फुटबॉल एसोसिएशन दूसरे सेमीफाइनल में टी.जी इंग्लिश स्कूल, विष्णुपुर, मणिपुर से भिड़ेगा। बैंगनसन की शानदार हैट्रिक की मदद से मिंगकेन क्रिश्चियन हायर सेकेंडरी स्कूल ने तेजस फुटबॉल ग्राउंड में खेले गये क्वार्टर फाइनल में मिनर्वा पब्लिक स्कूल, मोहाली को 3-1 से आसानी से हराकर अंतिम चार में जगह बना ली। मिनर्वा पब्लिक स्कूल के लिए हेमनीचुंग ने गोल किया। गुरुग्राम के केआईआईटी ग्लोबल स्कूल में खेले गये तीसरे क्वार्टर फाइनल में श्रीलंका स्कूल फुटबॉल एसोसिएशन ने आरएमएसए हाई स्कूल को 2-1 से हराया। दूसरे हाफ में अमन और हुमैद ने श्रीलंकाई टीम के लिए विजयी गोल दागे। मिजोरम की ओर से इसाक ने दूसरे हाफ के इंजुरी टाइम में गोल किया लेकिन यह पर्याप्त नहीं था। इसी मैदान पर, एमेनिटी पब्लिक स्कूल, उत्तराखंड के खिलाफ मियानिथोबा ने 62वें मिनट में गोल कर टी.जी इंग्लिश स्कूल, विष्णुपुर, मणिपुर को अंतिम चार में पहुंचा दिया।

**एशिया पेसिफिक जूनियर गोल्फ में अंशुल नौवें और ज़ारा 10वें स्थान पर रहे**

मनीला (फिलीपींस)। भारत की ज़ारा आनंद ने एशिया पैसिफिक जूनियर गोल्फ चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए शीर्ष 10 में जगह बनाई।

# अमेरिकी ओपन के फाइनल में सिनर और फ्रिट्स

एजेंसी

न्यूयॉर्क। दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर और अमेरिका के 12वीं वरीयता प्राप्त टेलर फ्रिट्ज ने संघर्षपूर्ण मुकाबलों में जीत दर्ज करके पहली बार अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल के फाइनल में जगह बनाई।




तीन हफ्ते से भी कम समय पहले डोपिंग मामले में बरी किए गए इटली के 23 वर्षीय सिनर ने ब्रिटेन के 25वीं वरीयता प्राप्त जैक ड्रेपर पर 7-5, 7-6 (3), 6-2 से जीत दर्ज की। फ्रिट्ज़ ने हम वतन अमेरिकी खिलाड़ी और यहां 20वीं वरीयता प्राप्त फ्रांसिस टियाफो को पांच सेट कर चले कड़े मुकाबले में 4-6, 7-5, 4-6, 6-4, 6-1 से हराकर पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया।

यह 2006 के बाद पहला मौका है जबकि अमेरिका का कोई खिलाड़ी अमेरिकी ओपन के पुरुष एकल के फाइनल में पहुंचा है। फ्रिट्ज़ से पहले एंडी रोडिक इस टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने वाले आखिरी अमेरिकी खिलाड़ी थे। वह तब फाइनल में रोजर फेडरर से हार गए थे। पुरुष एकल में अमेरिकी ओपन जीतने वाला अमेरिका का आखिरी खिलाड़ी भी रोडिक थे। उन्होंने 2003 में यह उपलब्धि हासिल की थी। जब कैलिफोर्निया के 26 वर्षीय फ्रिट्ज और मैरीलैंड के 26 वर्षीय टियाफो सेमी फाइनल मैच खेलने के लिए कोर्ट पर उतरे तो दर्शकों को भी समझ में नहीं आ रहा था कि वह किसका समर्थन करें।

फ्रिट्ज़ ने मैच के बाद कहा, मैंने इसके लिए कड़ी मेहनत की थी। उसने बेसलाइन से शानदार खेल दिखाया लेकिन मैंने हौसला बनाए रखा। मैं खुद से कहता रहा कि अपना सर्वश्रेष्ठ खेल दिखाने का यही मौका है। यह 2009 के बाद पहला मौका है जबकि अमेरिका का कोई पुरुष खिलाड़ी किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचा है। वह रॉडिक थे जो 2009 के विंबलडन फाइनल में पहुंचे थे जहां उन्हें फेडरर से हार का सामना करना पड़ा था। इसमें कोई संदेह नहीं कि रविवार को होने वाले फाइनल में दर्शकों का भरपूर समर्थन फ्रिट्ज़ को मिलेगा और ऐसे में ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन सिनर के लिए परिस्थितियों से सामंजस्य से बिठाना चुनौती होगी।

**ईस्ट दिल्ली राइडर्स दिल्ली प्रीमियर लीग के फाइनल में**

नयी दिल्ली। ईस्ट दिल्ली राइडर्स ने हर्ष त्यागी के ऑलराउंड खेल की मदद से नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स को चार विकेट से हराकर दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) के फाइनल में प्रवेश किया। राइडर्स का रविवार को होने वाले फाइनल में साउथ दिल्ली सुपरस्टारज़ और पुरानी दिल्ली 6 के बीच दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से मुकाबला होगा। बारिश के कारण मैच को प्रति टीम 18 ओवर कर दिया गया जिसके बाद नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स ने चार विकेट पर 173 रन बनाए। ईस्ट दिल्ली ने इसके जवाब में त्यागी के 17 गेंदों पर नाबाद 43 रन की बदौलत 17.3 ओवर में छह विकेट पर 177 रन बनाकर लक्ष्य हासिल कर लिया।

# घाटी में पहली बार संविधान के तहत चुनाव

## जम्मू-कश्मीर में पुरानी व्यवस्था पुनर्जीवित करने की कोशिशें कर रहा विपक्ष : शाह

एजेंसी

जम्मू। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने विधानसभा चुनाव के बाद जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने का शनिवार को आश्वासन देते हुये कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा अनुच्छेद-370 के अधिकतर प्रावधान को निरस्त किए जाने के बाद यह चुनाव जम्मू-कश्मीर में राष्ट्रीय ध्वज और संविधान के तहत होने वाला पहला विधानसभा चुनाव है।



शाह ने कांग्रेस-नेशनल कांफ्रेंस (नेकां) गठबंधन पर पुरानी व्यवस्था को पुनर्जीवित करने की कोशिशें करने और जम्मू-कश्मीर को आतंकवाद तथा भ्रष्टाचार में धकेलने का प्रयास करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार आतंकवाद को फिर से सिर नहीं उठाने देगी और गुर्जर, पहाड़ी, बक्करवाल तथा दलित समेत किसी भी समुदाय के साथ अन्याय नहीं होने देगी, जिन्हें भाजपा सरकार ने आरक्षण दिया है। शाह 18 सितंबर से तीन चरणों में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा के चुनाव प्रचार अभियान को मजबूती देने के वास्ते जम्मू के दो दिवसीय दौरे पर हैं। उन्होंने शुक्रवार को दौरे के पहले दिन पार्टी का चुनाव घोषणापत्र जारी किया और प्रचार रणनीति पर चर्चा के लिए वरिष्ठ नेताओं के साथ दो अहम बैठकों की अध्यक्षता भी की। गृह मंत्री ने दिल्ली रवाना होने से पहले शनिवार को यहां भाजपा कार्यकर्ताओं की एक रैली में कहा, जम्मू-कश्मीर में आगामी चुनाव ऐतिहासिक हैं, क्योंकि आजादी के बाद यहां पहली बार हमारे राष्ट्र ध्वज व संविधान के तहत चुनाव हो रहे हैं, जबकि पहले दो ध्वज और दो संविधान के तहत चुनाव होते थे। हमारे पास कश्मीर से कन्याकुमारी तक केवल एक प्रधानमंत्री है और वह नरेन्द्र मोदी हैं। नेकां-कांग्रेस गठबंधन पर निशाना साधते हुए शाह ने आरोप लगाया कि वे एक बार फिर जम्मू-कश्मीर को ऐसे वक्त में आतंकवाद की आग में धकेलने का प्रयास कर रहे हैं, जबकि भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार ने केंद्र शासित प्रदेश में आतंकवादी घटनाओं में 70 प्रतिशत की कमी ला दी है। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से कहा नेकां और कांग्रेस कभी जम्मू-कश्मीर में सरकार नहीं बना पाएंगी, इसे लेकर आश्वस्त रहें। शाह ने भाजपा कार्यकर्ताओं को अगली सरकार बनाने में पार्टी उम्मीदवारों की सफलता सुनिश्चित करने के लिए प्रोत्साहित किया। शाह ने अपने आधे घंटे से अधिक के भाषण की शुरुआत भारतीय जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित प्रेम नाथ डोगरा और बाबा दलीप सिंह मन्हास को श्रद्धांजलि अर्पित करके की और राष्ट्र को गणेश चतुर्थी और जैन समुदाय को पर्यूषण पर्व की शुभकामनाएं दीं।

# विघ्नहर्ता गणेश महोत्सव का शुभारंभ



मुंबई। महाराष्ट्र में 10 दिवसीय गणेशोत्सव शुरू होने पर मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने शनिवार को दक्षिण मुंबई में अपने आधिकारिक आवास पर भगवान गणेश का स्वागत किया। शिंदे ने अपनी पत्नी और बेटे व सांसद श्रीकांत शिंदे के साथ मुख्यमंत्री के आधिकारिक आवास वर्षा में पूजा की। मुख्यमंत्री ने बाद में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि उन्होंने सद्बुद्धि और समृद्धि के देवता कहे जाने वाले भगवान गणेश से राज्य की खुशहाली के लिए प्रार्थना की है।

उन्होंने कहा कि इस साल राज्य में अच्छी बारिश हुई है और उम्मीद है कि इससे किसानों में समृद्धि आएगी। शिंदे ने कहा कुछ हिस्सों में अत्यधिक बारिश हुई है जिससे फसल का नुकसान हुआ है। उन्होंने जोर देकर कहा कि सरकार किसानों के साथ मजबूती से खड़ी रहेगी। शिंदे ने राज्य में महिलाओं और किसानों के कल्याण के उद्देश्य से अपनी सरकार की विभिन्न योजनाओं का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) के मामले में महाराष्ट्र पहले स्थान पर है और इसकी हिस्सेदारी 52 प्रतिशत है।

संक्षेप

## दो दिवसीय दौरे पर भारत आयेंगे अबू धाबी के प्रिंस

नयी दिल्ली। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच अबू धाबी के क्राउन प्रिंस शेख खालिद बिन मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ व्यापक वार्ता के लिए रविवार को दो दिवसीय यात्रा पर भारत आएंगे। विदेश मंत्रालय ने यात्रा की घोषणा करते हुए कहा कि अल नाहयान की यात्रा भारत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के बीच मजबूत संबंधों को और प्रगाढ़ करेगी तथा नए और उभरते क्षेत्रों में साझेदारी के लिए रास्ते खोलेगी। प्रधानमंत्री मोदी और क्राउन प्रिंस रविवार को द्विपक्षीय सहयोग के विभिन्न क्षेत्रों पर बातचीत करेंगे। द्विपक्षीय मुद्दों के अलावा, दोनों नेताओं के बीच इजराइल-हमास संघर्ष से उत्पन्न समग्र स्थिति पर भी विचार-विमर्श होने की उम्मीद है। नाहयान का राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भी मुलाकात का कार्यक्रम है। वह महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि देने के लिए राजघाट भी जाएंगे। क्राउन प्रिंस के साथ यूएई सरकार के कई मंत्री और एक व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल भी होगा। अपनी यात्रा के दिल्ली चरण के समापन के बाद, नाहयान सोमवार को एक व्यापार मंच में भाग लेने के लिए मुंबई की यात्रा करेंगे।

# देश के हर कोने तक प्रेम की आवाज पहुंचाना मकसद

नयी दिल्ली। भारत जोड़ो यात्रा की शुरुआत की दूसरी वर्षगांठ के अवसर पर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने शनिवार को कहा कि इस यात्रा ने साबित कर दिया कि भारतीय स्वाभाविक रूप से प्रेम करने वाले लोग हैं और हमारा यह मकसद है कि देश के हर कोने में प्रेम की आवाज सुनाई दे।

गांधी ने कहा भारत जोड़ो यात्रा ने मुझे मौन की सुंदरता से रूबरू कराया। मैंने उत्साही भीड़ और नारों के बीच अपने साथ मौजूद व्यक्ति पर पूरी तरह से ध्यान केंद्रित करना और उसकी बात सुनना सीखा। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष



गांधी ने कहा उन 145 दिन में और उसके बाद के दो वर्ष में, मैंने विभिन्न पृष्ठभूमि के हजारों भारतीयों की बात सुनी। प्रत्येक व्यक्ति से ज्ञान हासिल किया, हर किसी ने मुझे कुछ नया सिखाया और सभी हमारी प्यारी भारत माता से जुड़े थे। उन्होंने कहा कि इस यात्रा ने साबित कर दिया कि भारतीय स्वाभाविक रूप से प्यार करने वाले लोग हैं। उन्होंने कहा जब मैंने यह यात्रा शुरू की थी तो कहा था कि प्रेम नफरत पर विजय प्राप्त करेगा और आशा भय पर जीत हासिल करेगी, आज हमारा मकसद एक ही है-यह सुनिश्चित करना कि भारत माता की आवाज, प्रेम की आवाज हमारे प्यारे देश के हर कोने में सुनाई दे। गांधी ने सात सितंबर 2022 को कन्याकुमारी से यात्रा शुरू की थी।

# अमेरिका-चीन के बीच चल रही कड़ी प्रतिस्पर्धा : जयशंकर

एजेंसी

नयी दिल्ली। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने शनिवार को कहा कि दुनिया अमेरिका और चीन के बीच कई क्षेत्रों में और कड़ी प्रतिस्पर्धा देख रही है। उन्होंने कहा कि भारत विशिष्ट एजेंडे पर समान विचारधारा वाले साझेदारों के साथ काम करने को तैयार है और क्वाड समूह में भारत की भूमिका इस तरह के दृष्टिकोण का एक उदाहरण है। एफपीसीआई ग्लोबल टाउन हॉल में वर्चुअल संबोधन के दौरान जयशंकर ने प्रमुख भू-राजनीतिक घटनाक्रम पर चर्चा करते हुए कहा कि दुनिया कई क्षेत्रों में अमेरिका और चीन के बीच और कड़ी प्रतिस्पर्धा देख रही है। भारत, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और जापान की सदस्यता वाला क्वाड एक प्रमुख गठबंधन के रूप में उभरा है, जो क्षेत्र में



चीन के बढ़ते दबदबे की पृष्ठभूमि में एक स्वतंत्र, खुला और नियम-आधारित हिंद-प्रशांत क्षेत्र सुनिश्चित करने की दिशा में काम करने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। पिछले कुछ दशकों में अंतरराष्ट्रीय संबंधों से जुड़े प्रमुख घटनाक्रम के संदर्भ में, विदेश मंत्री ने कहा कि कई बड़ी शक्तियां अब कुछ नहीं करके भी संतुष्ट हैं जबकि नई शक्तियां आगे बढ़ने में अधिक संकोच कर रही हैं। उन्होंने कहा कई स्थितियों में, क्षेत्रीय रूप से महत्वपूर्ण शक्तियों को अपनी समस्याएं खुद ही सुलझाने के लिए छोड़ दिया जाता है। इसके अलावा, हम कई क्षेत्रों में अमेरिका और चीन के बीच और कड़ी प्रतिस्पर्धा देख रहे हैं। उन्होंने कहा यदि हम इस बात को भी ध्यान में रखें कि एआई, इलेक्ट्रिक मोबिलिटी, अंतरिक्ष या ड्रोन जैसी प्रौद्योगिकी की प्रगति (अंतरराष्ट्रीय स्तर पर) शक्ति संतुलन को अधिक मजबूती से आकार दे सकती हैं, तो वैश्विक गणित और भी अधिक कठिन दिखाई देता है।

# हिंदूज फॉर अमेरिका फर्स्ट करेगा ट्रंप का समर्थन

एजेंसी

वाशिंगटन। नवगठित संगठन हिंदूज फॉर अमेरिका फर्स्ट ने घोषणा की है कि वह राष्ट्रपति पद के चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप का समर्थन करेगा और डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार उपराष्ट्रपति कमला हैरिस के खिलाफ अभियान शुरू करेगा।

हिंदूज फॉर अमेरिका फर्स्ट के अध्यक्ष और संस्थापक उत्सव संदूजा ने बृहस्पतिवार को इस निर्णय की घोषणा की। उन्होंने कहा कि ट्रंप भारत के समर्थक हैं उनके विपरीत हैरिस ने भारत और भारत के लोगों के लिए अपमानजनक बयानबाजियां की हैं। उन्होंने कहा कि बाइडन-हैरिस प्रशासन ने सीमा को सुरक्षित नहीं रखा। हैरिस राष्ट्रपति जो बाइडन के बाद दूसरे नंबर की ताकतवर नेता हैं लेकिन उन्होंने अमेरिका में अवैध प्रवासियों को आने से रोकने के लिए कुछ नहीं किया। उन्होंने कहा अवैध तरीके से लोगों के आने पर अपराध और मादक पदार्थों की तस्करी की घटनाओं में भारी वृद्धि हुई है और इसका असर अल्पसंख्यक समुदायों पर पड़ रहा है।

# गाजा में युद्ध विराम का आह्वान

एजेंसी

लंदन। अमेरिकी और ब्रिटिश विदेशी खुफिया एजेंसियों के प्रमुखों ने शनिवार को कहा कि वे गाजा में युद्ध विराम के लिए लगातार काम कर रहे हैं और शांति के लिए दबाव बनाने के वास्ते एक संयुक्त सार्वजनिक बयान का इस्तेमाल कर रहे हैं।

सीआईए निदेशक विलियम बर्न्स और एमआई6 प्रमुख रिचर्ड मूर ने कहा कि उनकी एजेंसियों ने संयम बरतने और तनाव कम करने के लिए हमारे खुफिया तंत्र का उपयोग किया है। फाइनेंशियल टाइम्स के लिए लिखे गए एक लेख में दोनों आसूचना प्रमुखों ने



कहा कि इजरायल-हमास युद्ध में संघर्ष विराम से फलस्तीनी नागरिकों की पीड़ा और जीवन की भयावह क्षति समाप्त हो सकती है तथा 11 महीने की नारकीय कैद के बाद बंधकों को घर वापस लाया जा सकता है। बर्न्स लड़ाई को समाप्त करने के प्रयासों में सक्रिय रूप से शामिल रहे हैं, तथा अगस्त में उन्होंने उच्च स्तरीय वार्ता के लिए मिस्र की यात्रा की थी।

# चीन में तूफान यागी ने मचायी भारी तबाही, दो लोगों की मौत

एजेंसी

बीजिंग। तूफान यागी के दक्षिण चीन के द्वीपीय प्रांत हैनान तट पर भारी बारिश और तेज हवाओं के साथ टकराने के कारण दो लोगों की मौत हो गई और 92 अन्य घायल हुए हैं। स्थानीय अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी।

यागी, इस साल का 11वां तूफान (टाइफून) है जो शुक्रवार को चीन के समुद्र तट से टकराया। इसने पहले हैनान में दस्तक दी और फिर गुआंगडोंग प्रांत पहुंचा। चीन ने शुक्रवार को रेड अलर्ट जारी किया और दक्षिणी क्षेत्र में बाढ़ की चेतावनी दी है, क्योंकि यागी तूफान सबसे पहले हैनान में पहुंचा, उसके बाद दक्षिणी गुआंगडोंग प्रांत में पहुंचा और इसके चीन के गुआंग्शी झुआंग स्वायत्त क्षेत्र तथा उत्तरी वियतनाम तक पहुंचने की आशंका है। हांगकांग से प्रकाशित होने वाले साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, प्रभावित क्षेत्रों से 10 लाख से अधिक लोगों को निकाला गया है। शिक्षण संस्थानों में कक्षाएं स्थगित कर दी गई हैं, व्यावसायिक प्रतिष्ठान बंद कर दिये गए हैं।

इंटरटेनमेंट...

# अनुपमा के शो पर बप्पा का स्वागत

'अनुपमा' शो पिछले काफी दिनों से विवादों में घिरा हुआ था। वजह शो की टीआरपी या कोई सीन नहीं था। दरअसल, शो में 'वनराज' की भूमिका निभाने वाले अभिनेता सुधांशु पांडे ने अचानक शो छोड़ने की घोषणा कर अपने फैंस को काफी हैरान कर दिया था। इसके बाद मेकर्स ने सेट पर मीडिया को बैन कर दिया था। हालांकि, काफी दिनों के बाद अब शो के सभी कलाकार साथ आए हैं और मिलकर गणपति बप्पा की पूजा आराधना करते नजर आ रहे हैं।



'अनुपमा' सीरियल के निमार्ता-निर्देशक राजन शाही ब्लैक कुर्ते और लाल दुप्पटे में नजर आए। टीम ने मिलकर गणेश बप्पा की आरती की, फूल चढ़ाए और मिठाई बांटी। वही, शो में अनुपमा की भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री रूपाली गांगुली भी साड़ी में बेहद खूबसूरत लगीं। अभिनेत्री के साथ अनुज की भूमिका निभाने वाले अभिनेता गौरव खन्ना भी एथनिक वियर में काफी अच्छे लग रहे थे। बता दें कि 'अनुपमा' के अलावा गणेश उत्सव 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' सेट पर भी देखने को मिला है। राजन शाही ने शो के कलाकारों और शिवांगी जोशी उर्फ नायरा के साथ सेट पर बप्पा का स्वागत किया। आरती करते समय अभिनेत्री ट्रेडिशनल ड्रेस में बेहद खूबसूरत लग रही थीं। वीडियो में रोहित पुरोहित, समृद्धि शुक्ला , गर्विता सदवानी, श्रुति उल्फत और अन्य भी देखे जा सकते हैं। आरती के बाद, कलाकार प्रसाद वितरित करने में लगे रहे और उपस्थित सभी लोगों के साथ भगवान गणेश का आशीर्वाद साझा किया। सभी कलाकारों की तस्वीरें और वीडियोज तेजी से वायरल हो रहे हैं।

आज दुनियाभर में गणेश चतुर्थी का त्योहार मनाया जा रहा है। ऐसे में आम जनता से लेकर बॉलीवुड इंडस्ट्री के तमाम सितारों को धूम-धाम से गणेश चतुर्थी मनाते हुए देखा गया। सोनू सूद से लेकर भारती सिंह तक सभी ने अपने घर में गणपति बप्पा का स्वागत किया है। वहीं, इस खास मौके पर कार्तिक आर्यन लालबागचा राजा का दर्शन करने पहुंचे। रकुल प्रीत सिंह और उनके पति जैकी भगनानी ने भी घर में बप्पा की स्थापना की।

## हिना खान- थर्ड स्टेज ब्रेस्ट कैंसर से पीड़ित

एक्ट्रेस हिना खान थर्ड स्टेज ब्रेस्ट कैंसर से पीड़ित हैं। उन्होंने शुक्रवार को एक पोस्ट शेयर कर इस बात की जानकारी दी है कि वे बहुत सारी समस्याओं का सामना कर रही हैं। हिना ने इंस्टाग्राम हैंडल पर दो तस्वीरें शेयर कीं, जिसके कैप्शन में उन्होंने लिखा है- हर चीज दर्द देती है, लेकिन स्माइल नहीं जानी चाहिए। बहुत सारी दिक्कतें हैं। यहां तक कि खाते वक्त भी दर्द हो रहा है। लेकिन नेगेटिव होने का कोई कारण नहीं है। मैं मुस्कुराना चाहती हूं और खुद को मोटिवेट रखना चाहती हूं। मैं खुद से कहती हूं कि यह सब खत्म हो जाएगा और मैं इससे उबर जाऊंगी। हिना ने हाल ही में इस बात की भी जानकारी दी है कि कीमोथेरेपी के साइड इफेक्ट्स की वजह से उन्हें म्यूकोसाइटिस हो गया है। वे इसके इलाज के लिए भी डॉक्टर्स की सलाह ले रही हैं।

# 'इमरजेंसी' की रिलीज टलने से इमोशनल हुईं कंगना

**मुंबई।** कंगना रनोट ने ऑफिशियली उनकी अपकमिंग फिल्म 'इमरजेंसी' के पोस्टपोन होने की अनाउंसमेंट कर दी है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, भारी मन से मुझे ये बताना पड़ रहा है कि मेरे निर्देशन में बनी इमरजेंसी पोस्टपोन हो गई है। हम सेंसर बोर्ड से सर्टिफिकेट का इंतजार कर रहे हैं। नई डेट जल्द ही अनाउंस करेंगे। आपकी समझ और धैर्य के लिए धन्यवाद।



फिल्म 'इमरजेंसी' पहले 6 सितंबर को रिलीज होने वाली थी, लेकिन इसकी रिलीज रोक दी गई थी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, उइऋउ (सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन) फिल्म में और कट्स लगाना चाहता है। ताकि किसी भी व्यक्ति की धार्मिक भावनाएं आहत न हों। हालांकि, बोर्ड ने पहले फिल्म को क्लियर कर दिया था, लेकिन बाद में सर्टिफिकेशन पर रोक लगा दी।

# तंगलान : चियान विक्रम के कंधे पर टिकी फिल्म

**मुंबई।** साउथ सिनेमा के स्टार चियान विक्रम की फिल्म 'तंगलान' तमिल, तेलुगू, कन्नड़ और मलयालम के बाद आज हिंदी में रिलीज हुई है। पा रंजीत के डायरेक्शन में बनी इस फिल्म में चियान विक्रम के अलावा पार्वती थिरुवोथु, मालविका मोहनन, डैनियल कैल्टागिरोन और पसुपति की मुख्य भूमिकाएं हैं। इस फिल्म की लेंथ 2 घंटे 30 मिनट है। दैनिक भास्कर ने इस फिल्म को 5 में से 3 स्टार की रेटिंग दी है। फिल्म की कहानी 1850 के उत्तरी अरकोट के वेप्पुर गांव के आदिवासियों की है। एक ब्रिटिश अधिकारी कोलार गोल्ड फील्ड्स में सोना ढूंढने के लिए आदिवासियों को बुलाता है। ब्रिटिश अधिकारी आदिवासियों के मुखिया तंगलान



(चियान विक्रम) से से वादा करता है कि अगर वो लोग सोना ढूंढने में मदद करेंगे तो उनको भी उसमें हिस्सा मिलेगा। तंगलान अपनी पत्नी (पार्वती थिरुवोथु) बच्चे और पूरे आदिवासियों के समूह के साथ कोलार गोल्ड फील्ड्स में सोना ढूंढने के लिए निकलता है। इस दौरान उसका मुकाबला कुछ अलौकिक रहस्यमय शक्तियों से होता है।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com